हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • गुरुवार • 31.10.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 100 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : 3 रुपये

### शुभकामना संदेश

दीपावली के शुभ अवसर पर *प्रत्यूष नवबिहार* की ओर से पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं हॉकरों सहित सभी शुभेच्छुओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

–संपादक

### अवकाश की सूचना

दीपावली के शुभ अवसर पर *प्रत्यूष नवबिहार* के कार्यालय में 31 अक्टूबर 2024 को अवकाश रहेगा। अतः समाचारपत्र का अगला अंक 02 नवंबर 2024 को प्रकाशित होगा।

–संपादक

## दीपोत्सव : पुष्पक विमान से उतरे राम-लक्ष्मण, योगी ने खींचा प्रभु श्रीराम का रथ

एजेंसी

**अयोध्या :** दीपोत्सव में भाग लेने अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजा राम और लक्ष्मण को लेकर मंच की तरफ बढ़े। इसके पहले उनका तिलक और आरती की गई। पुष्पक विमान से उतरकर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व सीताजी राम दरबार तक आने के लिए रथ पर सवार हुए तो इस रथ को स्वयं मुख्यमंत्री योगी ने खींचा। इसके बाद सहयोग के लिए उनके मंत्रीगण सूर्यप्रताप शाही व उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी साथ आ गए।



भगवान राम के स्वागत में जगह-जगह कलाकार नृत्य कर रहे हैं। रामायण के प्रसंगों पर आधारित झांकियां सड़कों पर निकाली जा रही है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला दीपोत्सव है। राम मंदिर में खास रंगोली बनाई गई, जिसमें रंग नहीं, बल्कि फूलों का इस्तेमाल हुआ है। तोरण द्वार बने हैं।

शोभायात्रा में साकेत महाविद्यालय के छात्रों ने पुत्रेष्टि यज्ञ से लेकर श्रीराम के राजतिलक तक के विभिन्न प्रसंगों को बड़े ही सुंदर ढंग से झांकियों के रूप में प्रस्तुत किया। इन झांकियों में न केवल श्रीराम के जीवन के महत्वपूर्ण अध्यायों का दर्शन कराया जा रहा है, बल्कि इनमें शामिल कलाकारों के अभिनय ने दृश्य को और भी जीवंत बना दिया है। पर्यटन विभाग द्वारा सजाई गई झांकियों में तुलसीदास रचित रामचरितमानस के सात अध्यायों, बालकांड, अयोध्या कांड, अरण्य कांड, किष्किंधा कांड, सुंदर कांड, लंका कांड और उत्तर कांड, पर आधारित सुंदर दृश्य प्रस्तुत किए गए हैं, जो श्रद्धालुओं को रामायण के विभिन्न प्रसंगों का सार समझाने में सहायक हैं।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि आज अयोध्या में 500 सालों की तपस्या को पूरा करते हुए भव्य राम मंदिर के निर्माण और लोकार्पण के बाद भव्य दीपोत्सव का यह पहला कार्यक्रम है। 500 वर्षों बाद बालक राम के भव्य मंदिर में विराजने के बाद से अयोध्यावासी खुशी से सराबोर हैं। नव्य मंदिर में उनकी पहली दीपावली पर 25 लाख दीपकों को एक साथ जलाने का कीर्तिमान बनेगा।

अयोध्या नगरी में विभिन्न घाटों, मंदिरों को अभूतपूर्व तरीके से सजाया गया है। लेजर लाइट की चमक लोगों के चेहरों पर उनकी खुशी के रूप में प्रतिबिंबित हो रही है। अयोध्या नगरी का वैभव देख ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मानो यहां स्वर्ग लोक उतर आया हो।

अपने 'लला' के आगमन की खुशी में रामनगरी अयोध्या नगरी झूम रही है। 500 वर्ष बाद 'रामलला की मौजूदगी' में करीब 55 घाटों पर एक साथ लगभग 28 लाख दिए जलाए गए। इसी के साथ यह गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हो गया। दूर-दूर से लोग दीपोत्सव की एक झलक पाने अयोध्या पहुंचे। रामलला के स्वागत में अयोध्या नगरी को तरह-तरह की लाइटों, चित्रों और फूल-मालाओं से सजाया गया है, जिसे देख ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मानो यहां स्वर्ग लोक उतर आया हो। कतारबद्ध रखे गए दीयों की चमक को हर कोई देखता ही रह गया।

### घाटों और मंदिरों की अभूतपूर्व तरीके से सजावट

अयोध्या नगरी में विभिन्न घाटों, मंदिरों को अभूतपूर्व तरीके से सजाया गया है। लेजर लाइट की चमक लोगों के चेहरों पर उनकी खुशी के रूप में प्रतिबिंबित हो रही है। लग रहा है जैसे वे खुद को दुनिया का सबसे खुशकिस्मत शख्स मान कर उस क्षण का आनंद ले रहे हैं।

### दीप प्रज्जवलित कर सीएम योगी ने दीपोत्सव का शुभारंभ किया

अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी ने दीप प्रज्जवलित कर दीपोत्सव का शुभारंभ किया। इसके बाद सीएम सरयू घाट पर पहुंचे। जहां उन्होंने सरयू घाट पर आरती की। अयोध्या में सरयू नदी के किनारे भव्य दीपोत्सव समारोह देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद हैं।

### वैसी ही भव्यता काशी और मथुरा में हो : सीएम योगी

दीपोत्सव की शुरूआत से पहले सीएम योगी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह की भव्यता आज अयोध्या में है वैसी ही भव्यता काशी और मथुरा में हो। देश की हर धार्मिक नगरी में उत्सव जैसा माहौल हो। सीएम ने कहा कि हम भेदभाव नहीं करते। हम भाषा, जाति और मजहब के नाम पर भेदभाव नहीं करते। राजा राम के गद्दी में बैठने के बाद जो हुआ था वही कर रहे हैं। आज उसी तर्ज पर श्रेष्ठ भारत जन्मा है।

दोपहर के समय सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ रामनगरी पहुंचे। सबसे पहले सीएम योगी रामकथा पार्क पहुंचे। यहां उन्होंने रामायण कालीन प्रसंगों पर आधारित निकाली जा रही शोभायात्रा की अगवानी की। इसके बाद उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित किया और फिर दीप प्रज्जवलित कर दीपोत्सव का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने सरयू घाट पर आरती उतारी।

## अब आदिवासी आईपीएस को भी लगातार किया जा रहा परेशान : सीएम हेमन्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने चुनाव आयोग के निर्देश को लेकर अपनी बात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में रखी है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट में आईएएस मंजूनाथ भजंत्री की ओर इशारा करते हुए कहा है कि एक दलित आईएएस अफसर को हटाया गया। उन्हें लगातार परेशान किया गया।



सोरेन ने देवघर एसपी की ओर इशारा करते हुए लिखा है कि अब आदिवासी आईपीएस अफसर को लगातार परेशान किया जा रहा है। आखिर क्यों दलितों-आदिवासियों से भाजपा को इतनी परेशानी है? उन्होंने लिखा है कि चुनाव आयोग ने देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को हटाने का निर्देश दिया है। आयोग के अनुसार चुनाव के दौरान उन अफसरों को महत्वपूर्ण पद नहीं दिया जा सकता, जिन पर चुनावी कार्यों में अनियमितता बरतने, पक्षपात या गड़बड़ी का आरोप हो। अब गृह विभाग तीन आईपीएस का नाम चुनाव आयोग को भेजेगा। इसमें से किसी एक को देवघर एसपी के पद पर पदस्थापित किया जाएगा।

## दीपावली आज, धान की बाली और कमल फूल की खूब रही मांग



**रांची :** दीपोत्सव गुरूवार को मनाई जाएगी। इसे लेकर रांची में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है। दिवाली को लेकर जगह-जगह दुकानें सजी हुई हैं। सभी दुकानों में अलग-अलग तरह के पूजा सामग्री समेत दीपावली के अन्य सामानों की बिक्री हो रही है। इस त्योहार पर हर वर्ग के लोग धान की बाली और कमल का फूल पूजा के लिए खरीदते हैं। धान के बाली का मान्यता है कि घर के सभी दरवाजा पर टांगा जाता है। इससे धन की लक्ष्मी कभी कम नहीं होती है। घर की खुशहाली बनी रहती है। वहीं कमल फूल से मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। लोगों की मांग को देखते हुए बाजार में भी छोटे-बड़े दुकानदारों ने धान की बाली और कमल फूल का स्टॉक अपने दुकानों में लगा रखा है। कमल का फूल जल से हटने का बाद अधिक देर तक उसी समान खिले नहीं रह सकते हैं। इसलिए कमल के फूलों की सुंदरता उसी समान बनी रहे, इसके लिए सभी दुकानदारों ने अलग ही व्यवस्था की है। फूल की डाली को पानी में डुबोकर रखा है। जिससे काफी देर तक फूल खिले रहे।

### एक नजर

## पांच हजार रिश्वत लेते प्रधानाध्यापक गिरफ्तार

**पलामू :** एंटी करप्शन ब्यूरो, पलामू की टीम ने गढ़वा जिले में बड़ी कार्रवाई की है। पांच हजार रिश्वत लेते नगर उंटारी स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल विश्वकर्मा (56) को बुधवार दोपहर गिरफ्तार किया है। प्रधानाध्यापक मिड डे मिल के चेक पर साइन करने के लिए रिश्वत ले रहे थे। प्रधानाध्यापक को गिरफ्तार करने के साथ पलामू एसीबी ने इस वर्ष का नौंवा ट्रेप केस पूरा कर लिया है। पलामू एसीबी की टीम प्रधानाध्यापक को गिरफ्तार करने के बाद उन्हें वापस लेकर डालटनगंज लौटी। यहां पर प्रक्रिया पूरी कर प्रधानाध्यापक को न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया। प्रधानाध्यापक की गिरफ्तारी के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की मांग जोर पकड़ रही है। साथ ही मध्य विद्यालय के अन्य शिक्षकों में हड़कंप मचा हुआ है। एसीबी के अनुसार, शिकायतकर्ता राजकीय मध्य विद्यालय नगर उंटारी विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष हैं। सितंबर माह के मध्याह्न भोजन (एमडीएम) की राशि निकासी के लिए प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा से आग्रह किया था लेकिन प्रधानाध्यापक पांच हजार रुपये घूस लेने के बाद ही राशि निकासी के लिए तैयार थे। उल्लेखनीय है कि नियमानुसार मध्याह्न भोजन की राशि निकासी हर महीने के 31 या एक तारीख तक कर लेनी है लेकिन एक माह 15 दिन बीत जाने के बाद भी सितंबर माह की निकासी नहीं की जा रही थी। इस संबंध में एसीबी की पलामू इकाई ने आवेदन देने के बाद सत्यापन किया गया। मामला सही पाये जाने पर कांड दर्ज किया गया और वादी के साथ एक टीम बनाकर कार्रवाई के लिए मौके पर भेजा गया।

## केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना एक बड़ा घोटाला : अरविंद केजरीवाल

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना को बड़ा घोटाला करार देते हुए देशभर में दिल्ली की बेहतरीन स्वास्थ्य मॉडल को लागू करने की सलाह दी।



श्री केजरीवाल ने आज कहा, आयुष्मान भारत योजना के बारे में नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का कहना है कि इसमें बहुत सारे घोटाले हैं।आयुष्मान भारत योजना कहती है कि जब आप अस्पताल में भर्ती होंगे तब आपका पांच लाख तक का इलाज होगा, जबकि दिल्ली में हमारी योजना के तहत आपको सर्दी-जुकाम भी हो तो ओपीडी, आईपीडी में जाकर इजाल मुफ़्त में करवा सकते हैं। आप भर्ती हो या न हो आपका सारा इलाज मुफ्त होता है। यहां कोई पांच लाख रुपए की सीमा नहीं है। जब यहां दवाइंया, टेस्ट, ओपीडी, आईपीडी, नियमित जांच से लेकर सबकुछ मुफ़्त है तो दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना लागू करने का कोई मतलब नहीं रह जाता है।

'आप' की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की सरकार ने एक ऐसा स्वास्थ्य मॉडल पेश किया है, जिसकी तारीफ संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव कोफी अन्नान को भी करनी पड़ी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के आगे एक ऐसा आयुष्मान भारत घोटाला पेश किया है, कि कैग को भी उसके फर्जीवाड़े के बारे में बोलना पड़ा था। सुश्री कक्कड़ ने कहा, दिल्ली सरकार स्वास्थ्य में ऐसा काम इसलिए कर पाई क्योंकि हमारी सरकार अपने बजट का 16 फीसदी स्वास्थ्य को आवंटित करती है। हम दिल्ली में आयुष्मान भारत घोटाला योजना लागू नहीं करेंगे। दिल्ली सरकार की योजना इतनी बेहतर है कि प्रधानमंत्री को उसका अध्ययन करके पूरे देश में उसको लागू करना चाहिए।

## छापेमारी में जीडी गोयनका स्कूल से एक करोड़ 14 लाख 99 हजार रुपये बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची पुलिस ने नामकुम थाना क्षेत्र के जीडी गोयनका स्कूल में बुधवार को छापेमारी के दौरान एक करोड़ 14 लाख 99 हजार 980 रुपये बरामद किए हैं। साथ ही पुलिस ने छापेमारी के दौरान विभिन्न ब्रांड के तीन विदेशी शराब की बोतल, एक अमेरिकन टूरिस्ट बैग और दो मोबाइल फोन बरामद जब्त किया है।



रांची के उपायुक्त वरुण रंजन और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने संयुक्त रुप से बुधवार रात संवाददाता सम्मेलन में बताया कि विधानसभा चुनाव के स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त संपन्न कराये जाने को लेकर लगातार की जा रही कार्रवाई के दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि नामकुम थाना क्षेत्र में संचालित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल परिसर में चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने एवं मतदान में धन-बल का उपयोग करने के उद्देश्य से नकद रूपया छुपाकर रखा गया है, जो आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है।

एसएसपी ने बताया कि प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में डीएसपी मुख्यालय अमर पांडेय, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, सिटी डीएसपी केवी रमण और फ्लाइंग स्क्वायड टीम को शामिल करते हुए एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी टीम में करीब 100 की संख्या में सशस्त्र बल को शामिल किया गया। सूचना के सत्यापन के लिए छापेमारी के दौरान जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल की घेराबंदी करते हुए परिसर की सघन तलाशी ली गयी। इस दौरान स्कूल के अध्यक्ष मदन सिंह एवं विद्यालय के अन्य कर्मी उपस्थित थे। तलाशी के क्रम में उप-प्रधानाध्यापक के कमरे में लकड़ी के अलमीरा से काफी मात्रा में नकद राशि बरामद किया गया। बरामद रकम की गणना कैश काउंटिंग मशीन से किया गया। इस क्रम में 1,14,99,980 पाये गये। उक्त बरामद रुपये के संबंध में चुनाव आचार संहिता का उल्लघंन किये जाने के आरोप में नामकुम थाना में (कांड संख्या-419/24,) दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## मप्र के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सात हाथियों की मौत मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में स्थित प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यान बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बीते दो दिन में सात हाथियों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मुख्य वन जीव अभिरक्षक एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव वीएन अम्बाड़े ने टाइगर रिजर्व में हाथियों की असामान्य मौतों पर गहन जांच करने के लिए बुधवार को उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन कर दिया।



इस समिति का अध्यक्ष अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव एल. कृष्णमूर्ति को नामांकित किया गया है। वहीं, स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स भोपाल रितेश सरोठिया (प्रभारी), स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एवं हेल्थ जबलपुर, अधिवक्ता एवं मानसेवी वन्यप्राणी अभिरक्षक कटनी मंजुला श्रीवास्तव और वैज्ञानिक, राज्य वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर को सदस्य मनोनीत किया गया है। यह समिति बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हुई हाथियों के असामान्य मृत्यु के संबंध में गहन जाँच एवं स्थानीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाही के संबंध में अपना जाँच प्रतिवेदन 10 दिवस में प्रस्तुत करेगी।

दरअसल, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के खितौली और पतौर परिक्षेत्र के सलखनियां में मंगलवार को चार जंगली हाथी मृत मिले थे और छह हाथी गंभीर हालत में थे। दोपहर में जैसे ही गश्ती दल की नजर मृत हाथियों पर पड़ी तो उन्होंने अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद मंगलवार की रात में जब तक जबलपुर से डॉक्टरों की टीम पहुंच कर इलाज शुरू की तब तक दो हाथियों की और मौत हो गई, वहीं बुधवार सुबह एक और हाथी की मौत हो गई। इस तरह अब तक कुल सात हाथियों की मौत हो चुकी है। इसमें से तीन की हालत गम्भीर बनी हुई है। मरने वाले हाथियों में एक नर और छह मादा हैं। इनमें नर की उम्र चार से पांच साल और मादा की उम्र करीब तीन साल है। दिल्ली से एनटीसीए (नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी) की तीन सदस्यीय टीम जांच के लिए बांधवगढ़ पहुंची है।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर पीके वर्मा ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 12:30 बजे सूचना मिली कि जंगल में 13 हाथियों का झुंड घूम रहा है। खितौली और पतौर परिक्षेत्र के सलखनियां में आठ हाथियों की तबीयत बिगड़ गई है। सभी 100 से 200 मीटर के एरिया में बेहोश होकर गिर गए। इसके बाद बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, जबलपुर, उमरिया और कटनी से आठ से ज्यादा वेटरनरी डॉक्टरों को बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि टाइगर रिजर्व में 60 से ज्यादा जंगली हाथी हैं, जो अलग-अलग झुंड बनाकर घूमते हैं। इनकी देख-रेख के लिए रोजाना जंगल में गश्त की जाती है। डॉक्टरों का कहना है कि हाथियों ने किसी जहरीले या नशीले पदार्थ का सेवन किया है। इस क्षेत्र में कोदो-कुटकी भी होती है। आशंका है कि हाथियों ने ज्यादा मात्रा या अधपका कोदो-कुटकी खाया होगा, इससे डिहाइड्रेशन भी हो सकता है।

## ओडिशा : सुंदरगढ़ में खानाबदोश समूहों के बीच झड़प में पांच की मौत, चार घायल



एजेंसी

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के करमडीही गांव में मंगलवार देर रात विवाहेतर संबंध को लेकर हुए संघर्ष में महाराष्ट्र से आये खानाबदोश समूह की तीन महिलाओं सहित पांच लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गयी और चार अन्य घायल हो गये।

पुलिस ने बुधवार को बताया कि महाराष्ट्र के वर्धा के खानाबदोशों के दो समूह जो पिछले कुछ महीनों से ओडिशा के एक गांव में रह रहे थे, विवाहेतर संबंध को लेकर आपस में भिड़ गये। झगड़ा तब शुरू हुआ, जब एक समूह का अविनाश पवार दूसरे समूह की एक महिला को जबरन ले आया, क्योंकि उसकी पत्नी के उसी समूह के एक व्यक्ति के साथ विवाहेतर संबंध चल रहे थे। अविनाश पवार का समूह सो रहा था, तभी दूसरे समूह के सदस्यों ने कथित तौर पर उन पर घातक हथियारों से हमला किया जिससे पांच लोगों की मौत हो गयी। इस घटना में अविनाश, एक महिला और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने अविनाश की दूसरी पत्नी और दो बच्चों का अपहरण कर लिया। नृशंस हत्याओं की सूचना मिलने पर पश्चिमी रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक बृजेश रे, सुंदरगढ़ के पुलिस अधीक्षक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मामले की जांच के लिए फोरेंसिक टीमों और श्वान दस्ते के साथ गांव पहुंचे। पुलिस ने कहा, घायलों को सुंदरगढ़ जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शुरूआती जांच में पता चला है कि चार हमलावर अंधेरे का फायदा उठाकर गांव में घुसे और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने निकास मार्गों को सील कर दिया है और झारसुगुड़ा तथा संबलपुर पुलिस को सतर्क कर दिया है।

एक नजर

## हजारीबाग सांसद व भाजपा प्रत्याशी ने पूर्व नेता संजीव कतरियार से की मुलाकात



**बरही** : विधानसभा चुनाव के मद्देनजर हजारीबाग से सांसद मनीष जायसवाल और भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक मनोज यादव ने पूर्व सांसद प्रतिनिधि संजीव कतरियार से उनके आवास पर मुलाकात की। भारतीय जनता पार्टी से असंतुष्ट चल रहे कतरियार ने इस दौरान पार्टी में वापसी की। इस मुलाकात में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल व भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव ने संजीव कतरियार का स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी का पट्टा पहनाया। इस अवसर पर संजीव कतरियार को भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव की जीत सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव ने कतरियार का पार्टी में स्वागत किया और कहा कि बरही में कतरियार का पार्टी में महत्वपूर्ण स्थान है। साथ ही, उन्होंने कतरियार से अपील की कि वह पार्टी के लिए समर्थन जुटाने में सहयोग करें। संजीव कतरियार ने भी पार्टी को विश्वास दिलाते हुए कहा कि भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगे। इस मौके पर जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, आकाश जायसवाल, प्रमोद सिंह समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## यह चुनाव हमारे समाज की दिशा और दशा को तय करेगा : हर्ष अजमेरा

**हजारीबाग** : चुनाव में एक ऐसा क्षण आता है, जब जनता को यह सोचने का अवसर मिलता है कि बदलाव और सुधार की दिशा में कौन उनका सही प्रतिनिधित्व करेगा। इस बार जनता की उम्मीदें और विश्वास निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा के साथ जुड़ते नजर आ रहे हैं। छड़ी छाप के साथ क्रमांक संख्या 23 पर बटन दबाने की अपील के साथ हर्ष अजमेरा लोगों से एक नए, स्वच्छ और मजबूत नेतृत्व का समर्थन मांग रहे हैं। हर्ष अजमेरा का मानना है कि वर्तमान राजनीति में जब जनता अपनी मूलभूत समस्याओं के समाधान की अपेक्षा रखती है, तब एक ऐसा मजबूत नेतृत्व होना चाहिए जो सिर्फ वादों तक सीमित न रहे, बल्कि उसे धरातल पर उतारने का भी साहस रखता हो। उन्होंने अपने अभियान का प्रमुख नारा दिया है तीसरा विकल्प ही है एकमात्र उपाय। यह नारा उनके विश्वास को दशार्ता है कि समाज को इस बार एक अलग दिशा में ले जाने के लिए एक निर्दलीय विकल्प की जरूरत है, जो बिना किसी राजनीतिक दबाव के जनता के हित में काम कर सके। हर्ष अजमेरा ने अपनी प्राथमिकताओं में विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं और गरीब वर्ग के उत्थान पर जोर दिया है। हर्ष का मानना है कि युवाओं को सही दिशा देने के लिए रोजगार एक महत्वपूर्ण पहलू है। हर्ष अजमेरा के समर्थन में युवाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। उनके चुनावी जनसंपर्क में युवा बड़े उत्साह के साथ शामिल हो रहे हैं और हर कदम पर उनका समर्थन कर रहे हैं। युवाओं का यह जोश बताता है कि समाज में एक नई सोच का उदय हो रहा है। हर्ष अजमेरा का मानना है कि आज का युवा केवल विकास के वादे नहीं, बल्कि विकास की नीतियां चाहता है और इस बार युवाओं ने उनकी नीतियों पर विश्वास जताया है। हर्ष अजमेरा ने जनता से एक भावुक अपील की है यह चुनाव हमारे समाज की दिशा और दशा को तय करेगा। मैंने इस सफर की शुरूआत यह सोचकर की थी कि जनता को एक विकल्प चाहिए।

# प्रत्याशियों का सिंबल हुआ जारी, बरही से 17 और बरकट्ठा से 20 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही अनुमंडल कार्यालय में निवार्ची पदाधिकारी बरही 21 विधानसभा जोहन टुडू व बरकट्ठा विधानसभा 20 अजय भगत ने प्रेसवार्ता का आयोजन किया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में बरही विधानसभा निवार्ची पदाधिकारी जोहन टुड्डू एवं बरकट्ठा विधानसभा निवार्ची पदाधिकारी अजय भगत उपस्थित रहें। इस दौरान जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि बरही विधानसभा से 19 अभ्यर्थियों द्वारा 42 सेट में स्क्रूटनी में सभी स्वीकृत हुए। वहीं बुधवार को नाम वापसी में दो अभ्यर्थियों ने नाम वापसी लिया। जिसमें निर्दलीय सुनील कुमार साव व केदार पासवान शामिल है। वहीं अब 17 अभ्यर्थी चुनाव में है। साथ ही चुनाव प्रतीक चिन्ह भी आवंटित किया गया।



जिसमे राष्ट्रीय दल से अरुण कुमार साहू इंडियन नेशनल कांग्रेस को हाथ छाप, मनोज कुमार यादव भारतीय जनता पार्टी से कमल छाप, संतोष रविदास बहुजन समाज पार्टी से हाथी छाप, उमाशंकर अकेला समाजवादी पार्टी से साइकिल छाप, कृष्णा कुमार यादव जेएलकेएम से कैंची छाप, महेश ठाकुर नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी से घड़ी छाप, शिव कुमार राम पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया से टोकरी छाप, अर्जुन प्रसाद केशरी से बैटरी टोर्च छाप, अविनाश कुमार बक्सा छाप, केदार प्रसाद यादव एसी छाप, दिलीप कुमार चंद्रवंशी डीजल पम्प छाप, पुरुषोत्तम कुमार पांडेय बांसुरी छाप, बद्री यादव अलमारी छाप, डॉ बालेश्वर राम बाल्टी, रामाशीष सिंह मोतियों का हार, बिरजू पासवान सेव, मो सेराज कोर्ट छाप मिला है। वहीं बरकट्ठा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 29 अभ्यर्थियों ने 70 सेट में नाम निर्दशन समर्पित किया। स्क्रुटनी में अधूरा कागजात पाए जाने पर 6 अभ्यर्थियों का नामांकन रद्द कर दिया गया। वहीं नाम वापसी के क्रम में पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया बसन्त नारायण मेहता, निर्दलीय अभ्यर्थी गौतम कुमार व रंजीत कुमार शामिल है। बरकट्ठा विधानसभा से चुनाव मैदान में कुल 20 अभ्यर्थी शेष बचे है। वहीं चुनाव प्रतीक चिन्ह में राष्ट्रीय दल से अमित कुमार यादव भारतीय जनता पार्टी से कमल छाप, जानकी प्रसाद यादव झामुमो से तीर कमान छाप, सरयू प्रसाद वर्मा बहुजन समाज पार्टी हाथी छाप, उमेश कुमार यादव आजाद समाज पार्टी काशी राम केतली छाप, कुमकुम देवी लोकहित अधिकार पार्टी से सेव छाप, महादेव राम कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया बाल और हसिया, महेंद्र प्रसाद झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा कैंची छाप, राजकुमार यादव समाजवादी पार्टी से साइकिल छाप, सुखदेव यादव नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी घड़ी छाप, निर्दलीय अनिल राय एसी छाप, अनूप कुमार से फूलगोभी छाप, चंद्रकांत पाण्डेय चूड़ियां छाप, नितिका कुमारी अलमारी छाप, बटेश्वर प्रसाद मेहता ऑटो रिक्सा छाप, राजकुमार पासवान चार पाई छाप, रामचन्द्र प्रसाद बेबी वाकर छाप, शमशाद आलम गैस सिलिंडर छाप, सुजीत कुमार हेलमेट छाप, सुनील कुमार बल्लेबाज छाप, सुरेंद्र प्रसाद मोदी गैस का चूल्हा छाप प्रतीक चिन्ह आवंटित हुआ है।

## हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थियों को आवंटित हुए प्रतीक चिह्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** विधानसभा चुनाव 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय के निदेर्शानुसार आज निवार्ची पदाधिकारी 25 हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र अशोक कुमार की अध्यक्षता में 30 अक्टूबर को प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। 25 हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र से स्क्रुटनी और नाम वापसी की प्रक्रिया संपन्न होने के उपरांत निवार्ची पदाधिकारी (25 हजारीबाग) ने प्रेसवार्ता आयोजित कर अभ्यर्थियों की अद्यतन सूची सहित अभ्यर्थियों के प्रतीक चिन्ह आवंटन संबंधी जानकारी मीडिया को दी। इस प्रेसवार्ता में व्यय प्रेक्षक ए. मणिमरण(आईआरएस) एवं सामान्य प्रेक्षक अरुंधति चक्रवर्ती (आईएएस) मौजूद थे। 25 हजारीबाग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 25/10/2024 को अपराह्न 3:00 तक कुल 25 अभ्यर्थियों द्वारा कुल 53 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया गया। दिनांक 28-10-2024 को संविक्षा में 24 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र वैध पाए गए। स्क्रुटनी की प्रक्रिया के उपरांत एक अभ्यर्थी किशोरी राणा का नाम निर्देशन पत्र अस्वीकृत होने के कारण उनकी अभ्यथीर्ता अस्वीकृत हो गई, जिसके कारण कुल विधि मान्य नाम निर्देशित अभ्यर्थियों की कुल संख्या 24 हुई। अभ्यथीर्ता वापस लेने की अंतिम तिथि 30.10.2024 को निर्धारित अवधि के अंदर एक अभ्यर्थी साजिद अली खान के द्वारा अभ्यथीर्ता वापस ली गई। इस प्रकार कुल 23 अभ्यर्थी निर्वाचन लड़ने हेतु योग्य पाए गए, जिन्हें आज 30.10.2024 को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप प्रतीक चिन्ह आवंटित किया गया है।

## बरही में बड़े अंतर से जीतेंगे अरुण साहू : केदार पासवान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही विधानसभा से कांग्रेस का टिकट ना मिलने पर प्रदेश कांग्रेस एससी सेल के अध्यक्ष रहे केदार पासवान ने पार्टी छोड़कर निर्दलीय नामांकन दाखिल किया था, जिसे आज बरही अनुमंडल पहुंचकर उन्होंने वापस ले लिया है। साथ ही उन्होंने प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के समक्ष कांग्रेस परिवार में फिर से शामिल होने की घोषणा की है। इस मौके पर मौजूद प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी डॉ. बेला प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, प्रदेश सचिव सह बरही विधानसभा प्रभारी मनोज सहाय पिंकू, ओबीसी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, महेश पासवान, राजू पासवान, कार्तिक पासवान ने केदार पासवान के इस फैसले का स्वागत किया। इस अवसर पर



मीडिया से बात करते हुए केदार पासवान ने बरही विधानसभा से पार्टी की ओर से बनाए गए युवा प्रत्याशी अरुण साहू के प्रति अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की यह परंपरागत सीट है और यहां कांग्रेस की जीत सुनिश्चित है। हम अपने सारे गिले-शिकवे को भूलकर चुनाव में अरुण साहू के पक्ष में काम करेंगे और हमें पूरा भरोसा हैं कि हम बड़े अंतर से जीत हासिल करेंगे। नाम वापसी के बाद केदार पासवान अपने वरिष्ठ नेताओं के साथ कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू से भी मिले और उन्हें पूर्ण समर्थन का भरोसा दिलाते हुए, उनके लिए क्षेत्र में सक्रिय होने का वादा किया। उल्लेखनीय है कि बरही विधानसभा में इसबार कांग्रेस ने सीटिंग विधायक का टिकट काट कर एक युवा प्रत्याशी अरुण साहू को अपना प्रत्याशी बनाया है। इस बात की पूरे क्षेत्र में विशेष चर्चा है और इस बदलाव का क्षेत्र के करीब करीब सभी वर्गों में स्वागत किया जा रहा है।

## इंडिया गठबंधन के पक्ष में सारे कार्यकर्ता एकजुट : कपिल चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** विष्णुगढ़ स्थित प्रखंड सचिव संजय प्रजापति के आवास में आगामी विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी एवं संचालन प्रखंड सचिव संजय प्रजापति ने किया। बैठक में इंडिया गठबंधन के मांडू विधानसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की जीत सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में मुख्य रूप से इंडिया गठबंधन मांडू विधानसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल जी उपस्थित रहे। बैठक में विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष कपिल चौधरी ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष गुरु जी शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं कल्पना सोरेन के निदेर्शानुसार हम सबों को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल जी के पक्ष में में सभी कार्यकतों को एकजुट होकर प्रचार प्रसार एवं मतदान करना है। देश में बेरोजगारी महंगाई लगातार बढ़ रही है देश के गरीब मजदूर किसान परेशान है। इंडिया गठबंधन से ही इन सारी चीजों से निजात पाया जा सकता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के हाथों को मजबूत करना और राज्य में पुनः इंडिया गठबंधन का सरकार बनाना है। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष देवीराम हेमरम, संजय पटेल, मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो, कुसुंभा मुखिया दुलारचंद पटेल, पूर्व मुखिया नारायण गंझु, महादेव मुर्मू पूर्व प्रखंड कोषाध्यक्ष शंकर महतो विष्णुगढ़ मुखिया प्रतिनिधि विनय कुमार दास, छत्रु हांसदा, फलजीत ठाकुर प्रसादी यादव, रकीब अंसारी, कुलदीप कुमार, अब्दुल सफाज, जागेश्वर महतो गिरधारी महतो, मोहन महतो, डालचंद राणा, चंद्रशेखर महतो, अमीर शेख, पवन पासवान, दिलीप सिंह, करमेली मियां, बाबूचंद मांझी, सिंगर मनोज झारखंडी, तूफानी अंसारी आफताब अली, बाबूलाल मुर्मू, लखन भाई पटेल, डीएम राज, रवि यादव, राजू महतो, शमीम अंसारी सुबोध यादव, नरेश महतो पवन महतो, भोला महतो, रणजीत शर्मा समेत भारी संख्या में सभी पंचायत के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## अपने बेटे को समर्थन देकर बनाएं विधायक क्षेत्र का होगा चहुमुखी विकास : अरुण साहू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** चुनावी जनसभा एवं जनसंपर्क अभियान के दौरान मंगलवार रात्रि कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू बरही प्रखंड के रसोईया धमना पहुंचे, जहां दर्जनों उत्साहित युवाओं और ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान रसोईया धमना महावीर स्थान के पास आयोजित कार्यक्रम में दर्जनों युवाओं व प्रबुद्धजनों ने कांग्रेस का दामन थामा। कांग्रेस में शामिल होने वालो में पूर्व उपमुखिया नरेश साहू, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि संतोष साहू, बीरेंद्र साहू, रंजीत साहू, तापेश्वर साहू, खेमलाल साहू, उदय साहू, अनिल रविदास, राजन साहू, यमुना राणा, काली राणा, कपिल साव, अनिल रविदास, गंगाधर रविदास, यमुना



साव, रूपेश साहू, कृष्णा साहू, प्रभु साहू, लक्ष्मण साहू, राजन साहू, दीपक साहू, विकास साहू, परमेश्वर साहू, बिश्नुधारी साहू, बासुदेव साहू, प्रीतम साहू, चंदन साहू, करण साहू, विशाल शर्मा, सतीश कुमार, विशाल साहू, रामजी शर्मा, जितेश कुमार, भरत साहू, महेश साहू, जयंत साहू सहित दर्जनों लोग शामिल है। इस दौरान सभी लोगों ने एक स्वर में इस बार अरुण साहू को अपना समर्थन देने का नारा लगाया।

# मैं नेता नहीं बल्कि आपका भाई, बेटा बनकर क्षेत्र की समस्याओं का ईमानदारी से करूंगा निबटारा : प्रदीप प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी पश्चमी मंडल में आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से लोगों के बीच जाकर आशीर्वाद लिया। लोगों ने जगह जगह बाजे गाजे पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।खास कर महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला,तिलक लगाकर,माला पहना कर स्वागत किया। इसके पीछे मुख्य कारण गो गो दीदी योजना है जो झारखंड में भाजपा सरकार आने के बाद लागु कर दी जायेगी। प्रदीप प्रसाद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस वर्षों से भी अधिक समय के केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को



बताते हुए फिर से नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताते हुए समर्थन देने की बात कही। प्रसाद ने कहा कि आज राज्य सरकार जिस प्रकार से लोगों का शोषण, दोहन कर रही है ये ठगबंधन की सरकार को झारखंड से उखाड़ फेंकना है और राज्य में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनानी है और झारखंड में कमल को खिलाना है।उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जो भी समस्या है। मैं आपके साथ चौबीस घंटे आपका भाई, बेटा बनके आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हूँ।मैं नेता नहीं बल्कि आप भाई बेटा बनकर क्षेत्र की जनसमस्याओं को पूरी निष्ठा ईमानदारी पूर्वक कार्यों को करूँगा। आप मुझ पर भरोषा रखे। वहीं कटकमसांडी क्षेत्र के बलीया, कुरहागडा, नावाखाप, भेलवारी, झोंझी, आराभूसाई, लावाकुदर, अमझर, ढौठवा, मनार, दुधमटीया, कोनहर, मांडीगडा, डिबलबांध, गुरी, झारदाग, डौहरी, कठौतिया, एदला में प्रदीप प्रसाद ने आशीर्वाद यात्रा चलाते हुए लोगों का आशीर्वाद लिया। आशीर्वाद यात्रा में प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी, भाजपा नेता टोनी जैन, कमल गोप, जिला मंत्री रीतलाल यादव, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव, पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, प्रेम प्रसाद, पूर्व मंडल जीवन मेहता, किशोरी राणा, अजीत दास, कुलदीप सिहं भोगता, मुखिया अशोक राणा, सुमन राय, दीपक मेहता, दीपक यादव, रंजीत अग्रवाल, अरविंद यादव, लिलो सिहं भोगता, रंजीत राम, विनोद प्रसाद, रंजीत अग्रवाल, विनोद सिहं भोगता, किशुन कुजूर, चेतन कुजूर, महादेव उराँव, प्रकाश यादव, मुखिया नारायण साव, सहित सैकेडों लोग उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

## विकास के पहिया को अगर घुमाना है तो साइकिल छाप को ही जितना है : अकेला



**चौपारण**: विधानसभा चुनाव में आज से 13 दिन शेष रहे गए हैं। ऐसे में प्रत्याशीयों ने भी पूरी ताकत झोंक दी है। न दिन देख रहे हैं न रात, जीत के लिए रणनीति पर कार्य कर रहे हैं। सपा प्रत्याशी उमाशंकर अकेला भी क्षेत्र में खूब पसीने बहा रहे हैं और मतदाताओं से सम्पर्क कर समर्थन मांग रहे हैं। बुधवार को प्रखण्ड के परसावां, अमरौल, भदेल, केसठ, कमलवार कोयली, केवला सहित अन्य गांवों में विधायक उमाशंकर अकेला ने भ्रमण कर मतदाताओं से मिले। इस दौरान लोगों ने एक बार पुनः समर्थन करने और साइकिल छाप पर वोट कर भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिया। विधायक अकेला ने कहा कि क्षेत्र में विकास की हमने लंबी लकीर खींची है। हर सुख दु:ख में साए की तरह साथ रहा हूँ। जो भी काम अधूरे रह गए है। उसे भी पूरा करने का मौका अंतिम बार दें।

## क्षेत्र में विकास की हमने खींची है लंबी लकीर हर सुख दुःख में रहा साथ : उमा शंकर



**चौपारण** : विधानसभा चुनाव में बुधवार से 13 दिन शेष रहे गए हैं,ऐसे में प्रत्याशीयों ने भी पूरी ताकत झोंक दी है। न दिन देख रहे हैं न रात, जीत के लिए रणनीति पर कार्य कर रहे हैं। सपा प्रत्याशी उमाशंकर अकेला भी क्षेत्र में खूब पसीने बहा रहे हैं और मतदाताओं से सम्पर्क कर समर्थन मांग रहे हैं। बुधवार को प्रखण्ड के परसावां, अमरौल, भदेल, केसठ, कमलवार कोयली, केवला सहित अन्य गांवों में विधायक उमाशंकर अकेला ने भ्रमण कर मतदाताओं से मिले। इस दौरान लोगों ने एक बार पुनः समर्थन करने और साइकिल छाप पर वोट कर भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिया। विधायक अकेला ने कहा कि क्षेत्र में विकास की हमने लंबी लकीर खींची है, हर सुख दु:ख में साए की तरह साथ रहा हूँ। जो भी काम अधूरे रह गए है, उसे भी पूरा करने का मौका अंतिम बार दें।

## हजारीबाग में मुन्ना सिंह ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**हजारीबाग** : वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं हजारीबाग से इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने अपने जनसंपर्क अभियान के चौथे दिन दारू प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान मुन्ना सिंह अपने सैकड़ों समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ जिनगा, महेसरा, जोन्हियाँ (शिव मंदिर), कोयं, रामदेव खरिका, कवालू, गोपलो, तिलैया, झुमरा, झुमरा बाजार, हरली, पेटो, बासोबार भट्ठबीघा, बख्सिडीह, दारु ब्लौक चौक, दारूडीह, जबरा, ईरगा, बड़वार, गोड़तिया एवं सुल्तानी क्षेत्रों में जाकर स्थानीय निवासियों से जनसंवाद स्थापित किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान, दोपहर में मुन्ना सिंह ने बासोबार मैदान में अपनी जनसंपर्क यात्रा को कुछ देर के लिए विराम दिया और कार्यकर्ताओं के साथ भोजन किया। भोजन के बाद स्थानीय निवासियों ने उन्हें बासोबार मैदान के ईर्द-गिर्द बाउंड्री न होने की समस्या के बारे में बताया, जिससे बच्चों को खेलने में सुरक्षा संबंधी चिंताएँ होती हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मुन्ना सिंह ने आश्वासन दिया कि जनता का समर्थन मिला और वह विधायक बने, तो बासोबार मैदान की बाउंड्री का निर्माण कराया जाएगा। मुन्ना सिंह ने इस दौरान जनता को संबोधित करते हुए कहा, हजारीबाग की जनता ने भाजपा को दो बार मौका दिया, लेकिन दोनों कार्यकाल में भाजपा ने जनता की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। क्षेत्र के विकास में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अब समय आ गया है कि हजारीबाग के लोग बदलाव के लिए इंडिया महागठबंधन को समर्थन दें। जिस प्रकार से जनता हमारे साथ आ रही है, मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार हजारीबाग की जनता अपने प्यार और विश्वास से हमें आगामी चुनाव में विजयी बनाएगी। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें दारू प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद, 20 सूत्री अध्यक्ष शशिमोहन सिंह, 20 सूत्री उपाध्यक्ष कैलाशपति देव, जिला अध्यक्ष जवाहर बल मंच रिंकू कुमार, कॉग्रेस मुखिया प्रमोदराम पाती, मुखिया पिंकी देवी, प्रमुख कुमारी श्वेता, पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष तुलसी दास, अनुल मियां, सहदेव नारायण, विजय राम, हरली मुखिया फरजना खातून, दारू मुखिया सुनील कुमार, मुखिया अनिता देवी, कावालु मुखिया प्रभात सिंह तथा इंडिया महागठबंधन के अन्य वरिष्ठ नेता गण मौजूद रहे।

## हजारीबाग महानगर के अध्यक्ष मनोज नारायण की अध्यक्षता में बूथ कमेटी की हुई बैठक



**हजारीबाग**: हजारीबाग महानगर कांग्रेस कमेटी ने विधानसभा चुनाव और कांग्रेस व महागठबंधन के प्रत्याशी मुन्ना सिंह को विधानसभा चुनाव में जीत दिलाने को लेकर महानगर पदाधिकारी, वार्ड अध्यक्ष, बूथ लेवल कमिटी, नगर के सभी वरिष्ठ कांग्रेस जनों की बैठक कृष्ण वल्लभ आश्रम कांग्रेस कार्यालय में की। इस बैठक की अध्यक्षता महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने किया, मंच संचालन महानगर उपाध्यक्ष गुड्डू सिंह और धनबाद ज्ञापन महानगर उपाध्यक्ष परवेज अहमद ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा की बूथ स्तर पर कांग्रेस पार्टी और महागठबंधन सरकार ने जो कार्य किया है उस कार्य को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। उपस्थित बूथ लेवल एजेंट को यह भी निर्देश दिया गया कि कांग्रेस की और महागठबंधन सरकार की मैया योजना, बिजली बिल माफी, 200 यूनिट फ्री बिजली के बारे में अपने वार्ड मोहल्ला टोला में अंतिम वर्ग तक पहुंचना है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव में कार्यकर्ताओं को संक्षिप्त प्रशिक्षण के माध्यम से यह बताया कि चुनाव के बचे हुए 13 दिनों में हर दिन क्या-क्या काम करना है इसके अलावा नरेंद्र मोदी सरकार की विफलताओं को जनता को बताना है जनता से जुड़ी हुई बुनियादी मुद्दे महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक सुरक्षा, स्थानिकता का मुद्दा आदि को जानकारी देने का भी निर्देश दिया गया।

## एक नजर

### कोयला व्यवसायी के साथ मारपीट, सिर फोड़ा

**रांची** : कोयला व्यवसायी सह ईंट भट्ठा संचालक प्रदीप कुमार प्रसाद के साथ दो मालवाहक ऑटो से आये युवकों ने मारपीट की। इस मारपीट में प्रदीप कुमार का सिर फट गया है। व्यवसायी ओझा मार्केट जनक नगर के निवासी हैं। उनके साथ मुहल्ले में ही 29 अक्टूबर की रात मारपीट की गयी। इसकी सूचना पंडरा पुलिस को दी। पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। इस मामले में बुधवार को प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी में जुट गयी है। व्यवसायी ने प्राथमिकी में लिखा है कि वे मंगलवार की रात 11:30 से 12:00 बजे की बीच पिस्कामोड़ से पूजा सामग्री और मिठाई खरीद कर कार से जनक नगर लौट रहे थे। इसी समय जनक नगर में ही पीछे से आये एक मालवाहक ऑटो ने कार को ओवरटेक कर वाहन कार के आगे लगा दिया। इसके थोड़ी बाद पीछे से एक अन्य मालवाहक ऑटो में सवार कुछ और युवक पहुंचे। युवकों ने व्यवसायी को कार से बाहर निकाला और उन पर हमला कर दिया। व्यवसायी जान बचाने के लिए दूसरी ओर भागने लगे। युवकों ने खदेड़ कर व्यवसायी को पकड़ा और मारपीट की। इस दौरान उनके गले से चेन भी खींच लिया गया। व्यवसायी का कहना है कि उन युवकों को वह नहीं पहचानते और न ही उनका किसी से दुश्मनी है। वह समझ नहीं पाये की उनके साथ क्यों मारपीट की गयी। पुलिस से व्यवसायी ने मारपीट करने वालों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

### पद्मश्री मुकुंद नायक बीमार, बेहतर इलाज के लिए एम्स रेफर

**रांची** : पद्मश्री मुकुंद नायक कुछ दिनों से बीमार चल रहे हैं। उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली एम्स ले जाया गया है। इससे पहले मुकुंद नायक को बुधवार को पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दरअसल उन्हें स्पाइनल कोड में दर्द के अलावा अन्य दिक्कतें थी। जिससे उन्हें चलने-फिरने और उठने-बैठने में भी दिक्कत हो रही थी। जिसके बाद घरवालों ने पारस अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन समस्या ज्यादा होने की वजह से उन्हें एम्स रेफर कर दिया गया। यह जानकारी पद्मश्री मुकुंद नायक की पत्नी द्रोपदी देवी ने दी। उन्होंने बताया कि आज दोपहर दो बजे के बाद एम्बुलेंस से पारस अस्पताल धुर्वा पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया, डॉ आलोक की देखरेख में उनका इलाज चल रहा था। लेकिन बेहतर इलाज के लिए एम्स रेफर कर दिया गया। उनकी देखरेख में दो पुत्र नंदलाल नायक और सूर्यकांत नायक कर रहे हैं।

### कार से 2 लाख रुपये कैश बरामद जांच में जुटी पुलिस

**रांची** : बुधवार को रांची-टाटा एनएच-33 पर डोडेया मोड़ में बने चेकपोस्ट पर वाहन जांच के दौरान एक बोलेरो से नगद 1,90,500 रुपए बरामद हुए। बरामद रुपए का मालिक बिहार के बक्सर जिले का बताया जा रहा है। पुलिस राशि और वाहन को अपने कब्जे में लेकर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर तमाड़ पुलिस डोडेया मोड़ में बने चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान रांची से टाटा और टाटा से रांची की ओर आने-जाने वाले सभी छोटे-बड़े वाहनों को रोककर पुलिस तलाशी ले रही थी। इसी क्रम में टाटा से रांची की ओर आ रही नेक्सोन कार (बी आर 44 आर 5395) को रोका गया। उसमें गहनता से जांच की गई। जांच के क्रम में एक झोले से नगदी मिला। इसमें 195000 रुपए को पुलिस ने जब्त कर लिया। बोलेरो को भी पुलिस ने कब्जे में कर लिया।

# मुनचुन राय व संदीप वर्मा ने वापस लिया नामांकन, सीपी सिंह का राह हुआ आसान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रांची सीट से ताल ठोंकने वाले बागी भाजपा नेता मुनचुन राय और संदीप वर्मा चुनावी अखाड़े से हट गये हैं। दोनों ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। मुनचुन राय को चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और सीपी सिंह ने नामांकन वापस लेने के लिए मनाया है। वहीं सदीप वर्मा को हिमंता बिस्व सरमा और दीपक प्रकाश ने मनाया। बताते चलें कि इससे पहले कांके सीट से ताल ठोंकने वाले कमलेश राम को भी मनाया गया था।



**अपनी बातों और सिद्धांतों पर आज भी कायम हूं : मुनचुन राय**

गौरतलब है कि रांची विधानसभा सीट से मुनचुन राय ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया था। लेकिन उन्होंने बुधवार को मीडिया के समक्ष अपना नामांकन वापस लेने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि वे अपनी बातों और सिद्धांतों पर आज भी कायम हैं। लेकिन समाज के लोगों और बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा बार-बार नाम वापस लेने का आग्रह करने के बाद मैंने नामांकन वापस लेने का निर्णय लिया है। मुनचुन राय ने बताया कि बीजेपी के वरिष्ठ नेता शिवराज सिंह चौहान, कर्मवीर सिंह, संजय सेठ और सीपी सिंह ने उनसे बात की और पार्टी में उचित स्थान देने की बात कही। लेकिन मुझे पद नहीं चाहिए। पार्टी ने जो आश्वासन दिया है, उसका मैं सम्मान करूंगा। कहा कि हालांकि मैं अभी तय नहीं कर पाया हूं कि मैं चुनाव प्रचार में भाग लूंगा या नहीं। भारी मन से अपना नामांकन वापस ले रहा हूं। रांची सांसद व रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने अपने फेसबुक वॉल पर भी पोस्ट शेयर कर मुनचुन राय द्वारा नामांकन वापस लेने की बात बतायी है। उन्होंने फेसबुक में तीन फोटो शेयर कर कैप्शन में लिखा है कि रांची सीट से निर्दलीय प्रत्याशी व भाजपा कार्यकर्ता मुनचुन राय जी से महानगर अध्यक्ष वरुण साहू व अन्य कार्यकताओं ने मुलाकात की। सभी ने उनसे राज्यहित में नामांकन वापस लेने का आग्रह किया। इस आग्रह को उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। आज मुनचुन जी अपना नामांकन वापस ले रहे हैं। इस अवसर पर महानगर युवा मोर्चा के अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह, गुड्डू सिंह, रवि मुंडा, जनार्दन साव, रवि सिंह, विक्की सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लोगों के जीवन में बुनियादी परिवर्तन लाना चाहती है भाजपा : बाबूलाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : भाजपा के मीडिया सेंटर का उद्घाटन बुधवार को अरगोड़ा चौक के निकट मोहन कॉम्प्लेक्स में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किया। इसके बाद कहा कि पंच प्रण भाजपा की प्रतिबद्धता है। सरकार बनने पर इसे हर हाल में लागू किया जाएगा। गोगो दीदी योजना महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए है। राज्य में भाजपा और एनडीए की सरकार बनते ही इसे लागू किया जाएगा।

मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार की तरह भाजपा का यह चुनावी एजेंडा नहीं है। लोग यह बात जानते हैं कि भाजपा जो बात कहती है उसे करती है। जो वादा करती है, उसे पूरा करती है। भारतीय जनता पार्टी की सोच जनता को जीवन में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना है। आम लोगों के जीवन में बुनियादी परिवर्तन लाना चाहती है, ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हो। प्रयास होगा कि थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नौकरी झारखंड के लोगों को ही मिले।

कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने कहा कि भाजपा लोगों को शिक्षा और सामाजिक सौहार्द की गारंटी देता है।

## आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 121.14 करोड़ के अवैध सामान और नकदी जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि 2019 के विधानसभा चुनाव से इस बार अधिक प्रत्याशी मैदान में हैं। इन बढ़े प्रत्याशियों के लिए निर्वाचन आयोग के पास पर्याप्त इवीएम हैं। इसके अलावा स्वच्छ, निष्पक्ष और स्वतंत्र मतदान के लिए तैयारी पूरी है।




उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के चुनाव के लिए नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। वहीं, दूसरे चरण के लिए बुधवार को स्क्रूटनी की गयी। कुछ जिलों में प्रत्याशियों को कतिपय सूचना देने के लिए शुक्रवार को दिन के 11 बजे बुलाया गया है। इसके बाद स्पष्ट हो जाएगा कि नामांकन किये कितने प्रत्याशियों के नामांकन दुरुस्त मिले हैं। कुमार को बुधवार को धुर्वा स्थित निर्वाचन सदन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।

उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन को लेकर अब तक कुल 22 प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उस पर कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 121.14 करोड़ के अवैध सामान और नकदी जब्त की गयी है। इसमें सर्वाधिक जब्ती राज्य पुलिस द्वारा की गयी है। एक करोड़ से अधिक जब्ती वाले जिले में 3.03 करोड़ के साथ खूंटी जिला सबसे आगे है जबकि 2.80 करोड़ के साथ गिरिडीह दूसरे और 1.97 करोड़ के साथ पूर्वी सिंहभूम जिला का स्थान तीसरा है।

## स्वच्छ वातावरण के निर्माण में सबका सहयोग जरूरी : डॉ ब्रजेश कुमार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रांची विश्वविद्यालय की एनएसएस और डेंटल इंस्टिट्यूट रिम्स की एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में माई भारत स्वच्छता अभियान के तहत कई कार्यक्रम बुधवार को आयोजित किए गए। इस दौरान स्वच्छता संगोष्ठी, शपथ, स्वच्छता जागरुकता रैली और स्वच्छता ड्राइव चलाया गया।

रिम्स डेंटल इंस्टिट्यूट के प्राचार्य डॉ जय प्रकाश के अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आरयू के एनएसएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि स्वच्छ वातावरण के निर्माण में सबका सहयोग जरूरी है। सामूहिक प्रयास से ही पूरे देश को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समय रहते स्वच्छता पर ध्यान नहीं रखा गया तो वो दिन दूर नहीं है जब समाज व्यापक बीमारियों से ग्रसित हो जाएगा।

प्राचार्य डॉ जयप्रकाश ने कहा कि स्वच्छता हमारे स्वभाव का प्रमुख हिस्सा बने इसके लिए हमारे सोच में हमेशा स्वच्छता की बात रहनी चाहिए। कार्यक्रम को रिम्स के एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ एसबी सिंह, डेंटल इंस्टिट्यूट के डॉ अर्पिता राय, डॉ ओमप्रकाश, डॉ संदीप कुमार, डॉ प्रिय रंजन, डॉ शाश्वत, एनएसएस के टीम लीडर्स दिवाकर, क्षणिका, सुरभि, रुपाली सहित ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन रिम्स के डेंटल इंस्टीट्यूट के एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अमित वसंत महुली ने किया। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के अंतर्गत दीपावली को ध्यान में रखते हुए वृहद स्वच्छता अभियान के अंतर्गत डेंटल कॉलेज एवं रिम्स परिसर में स्वच्छता जागरुकता रैली एवं स्वच्छता ड्राइव चलाया गया। साथ ही जगह-जगह डस्टबिन एवं स्वच्छता वाले कर्मचारियों को ग्लव्स एवं मास्क वितरित किया गया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रिम्स डेंटल इंस्टिट्यूट की एनएसएस के टीम लीडर्स सीमा कुमारी , ऐसा आर्या की उल्लेखनीय योगदान रहा।

## लोगों के विकास और राज्य की मजबूती के लिए जरूरी है कांग्रेस की जीत : बंधु तिर्की



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : पूर्व मंत्री सह कांग्रेस नेता की बंधु तिर्की ने कहा है कि लोगों के विकास और झारखंड की मजबूती के लिये कांग्रेस की जीत जरूरी है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में कांग्रेस एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा की गठबंधन सरकार ने राज्य के लोगों के विकास के लिये अभूतपूर्व काम किया है और अबकी बार भी राज्य के लोगों की भावना कांग्रेस के साथ है।

तिर्की बुधवार को मांडर विधानसभा क्षेत्र के देवगांव पंचायत के ताबेरकला, ताबेर खुद, सहेदा, तिलई, पोला , सकरपुर, लतरातु पंचायत के लतरातु (डुमर झरिया), ददगो, दारनदा, नावाटोली एवं बलांदु और महुगांव पंचायत के महुगांव, जामाकेल, उड़ीकेल, तापकारा, टांगरकेला, गुदगुद एवं बुढ़नी बरटोली में सघन जनसम्पर्क अभियान के दौरान बोल रहे थे।

तिर्की ने कहा कि कांग्रेस मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है। क्योंकि, न केवल वे, बल्कि मांडर की जनता भी इस बात को जानती है कि सभी लोगों विशेषकर आदिवासियों एवं मूलवासियों के विकास और झारखंड की मजबूती के लिये कांग्रेस की जीत बहुत अधिक जरूरी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने जनहित के लिये अनेक योजनाओं को युद्ध स्तर पर जमीन पर उतारा और ग्रामीणों को फायदा पहुंचाया है। साथ ही कहा कि चुनाव में इंडिया गठबंधन की प्रचण्ड जीत सुनिश्चित है और उसके बाद हर महिला के खाते में प्रति वर्ष सरकार एक लाख रुपये देगी।

# आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में राजनीतिक दलों का सहयोग अपेक्षित : के रवि कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में राजनीतिक दलों का सहयोग अपेक्षित है। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल विधानसभा निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करते हुए प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दिशा-निर्देशों से केवल प्रत्याशियों को ही नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं को भी अवगत कराते हुए उसका अनुपालन सुनिश्चित कराएं।



कुमार बुधवार को निर्वाचन सदन में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहे थे। कुमार ने कहा कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने मतदाता पहचान पत्र के अलावा अन्य 12 पहचान पत्र चिह्नित किए हैं, जिसे दिखाकर मतदाता सूची में नाम रहने पर मतदाता मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, पीएसयू, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक, डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल हैं।

कुमार ने सभी मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों को इसकी सूचना देते हुए कहा कि इसे लेकर वे अपने स्तर से भी जागरुकता फैलाएं, जिससे कोई मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे। स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान में सभी राजनीतिक दलों से सहयोग अपेक्षित है। कुमार ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा विधानसभा निर्वाचन में आने वाली समस्या या संशय की स्थिति के बारे में जाना। इसके बाद केंद्रीय निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों का अनुपालन करते हुए उसके निराकरण संबंधी जानकारी भी उपलब्ध कराई।

इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, ओएसडी गीता चौबे सहित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जुआ अड्डा पर विवाद के बाद फायरिंग, एक घायल

**रांची** : एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के लोधमा में जुआ अड्डा पर विवाद के बाद हुई फायरिंग में एक युवक के घायल होने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। घायल युवक को रिम्स में भर्ती कराया गया है। वहीं गोली मारने वाले युवक को भी लोगों ने जमकर पीटा है, जिससे आरोपित गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना मंगलवार की देर रात की है। जानकारी के मुताबिक एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के लोधमा बस्ती में जुआ खेला जा रहा था। रात करीब ढाई बजे खरसीदाग इलाके के कुटियातु के एक युवक और लोधमा बस्ती के युवक में जुआ को लेकर विवाद हुआ। इसी बीच शशि नामक युवक ने रविंद कुमार महतो नामक युवक को पेट मे गोली मार दी। युवक को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी स्थिति गंम्भीर बनी हुई है। मामले की जानकारी पुलिस को सुबह मिली। पुलिस जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि आरोपित युवक पहले भी हत्या मामले में जेल जा चुका है। कुछ दिनों पहले ही जेल से निकला है। पुलिस ने घटना स्थल से एक देसी कट्टा और बाइक बरामद किया है। थाना प्रभारी कश्यप गौतम ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### श्रीश्याम मंदिर में दीपावली महापर्व अनुष्ठान पर दीपक जलाकर की गयी पूजा



छोटी दीपावली के अवसर पर श्रीश्याम मंदिर में किया गया दीप प्रज्ज्वलित

**रांची** : श्रीश्याम मंदिर में तीन दिवसीय दीपावली महापर्व अनुष्ठान प्रारंभ है। दूसरे दिन शुद्ध घृत के दीपकों का प्रज्जवलित कर पूजन किया गया। श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा संचालित श्रीश्याम मंदिर दीपावली महोत्सव के लिए सज धज कर तैयार हो चुका है। पूरा मंदिर परिसर विधुत सज्जा से जगमग -जगमग कर रहा है। मंदिर का प्रवेश द्वार से कोना - कोना रोशनी से परिपूर्ण हैं। मंदिर में लगायी गयी विधुत सज्जा हरमू रोड़ में दूर से ही मनोहारी लग रही हैं। सम्पूर्ण मंदिर परिसर व सभी गर्भगृहो को गंगाजल व स्वच्छ जल से साफ - सुथरा किया गया है। दीपावली पर्व का मुख्य समारोह गुरुवार को सायं 6 बजे से प्रारंभ होगा। इसके पहले खाटूनरेश को दीपावली महास्नान कराके केशर चंदन तिलक श्रृंगार किया जाएगी। दीपावली दिवस को श्रीश्याम मंदिर के कपाट पूर्वाह्न 11 बजे से सायं 5.30 बजे तक बन्द रहेंगे। भक्तो से निवेदन है कि सायं 5.30 बजे के बाद दीपावली - दर्शन तथा दीप जलाने पधारे। रजत दीपक 31 तथा 1100 अन्य दीप जलाए जाएंगे। भक्तजन बाबा श्याम के दरबार की चोखट पर दीप प्रज्जवलित कर सकते हैं। इस अवसर पर भक्तजनों को दीपक, बती, शुद्ध घृत व माचीस से नि:शुल्क दिया जाएगा। बड़ी मात्रा में मंदिर में ही शुद्ध घृत का लड्डू का प्रसाद बनाया गया है जो भक्तो के बीच वितरित किया जाएगा। नवीन पौशाक, फूलों का विशेष श्रृंगार, लड्डू का प्रसाद की सेवा एक भक्त परिवार द्वारा निवेदित की जाएगी।

### एनएमएल मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरू



**रांची** : एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) मुख्यालय, रांची में सतर्कता जागरुकता सप्ताह का उद्घाटन किया गया। सतर्कता आयोग ने इस वर्ष के उत्सव को 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक थीम के साथ नामित किया है, राष्ट्र की समृद्धि के लिए अखंडता की संस्कृति। इस अवसर पर एनएमएल के सीईओ अनिमेष जैन ने विभाग प्रमुखों और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में अखंडता प्रतिज्ञा समारोह का नेतृत्व किया। कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उन्हें केंद्रीय सतर्कता आयोग की वेबसाइट पर जाकर ई-शपथ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सतर्कता जागरुकता सप्ताह के लिए कई तरह की गतिविधियों की योजना बनाई गई है, जिसमें कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए निबंध और स्लोगन प्रतियोगिताएं (हिंदी और अंग्रेजी दोनों में) शामिल हैं। जागरुकता बढ़ाने के लिए स्कूली बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख स्थानों पर डिजिटल और भौतिक दोनों प्रकार के बैनर और पोस्टर प्रमुखता से प्रदर्शित किए गए हैं। सतर्कता जागरुकता सप्ताह में कर्मचारियों की भागीदारी का उद्देश्य हितधारकों के बीच जागरुकता बढ़ाना, भ्रष्टाचार के खिलाफ सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना और एक सतर्क और पारदर्शी राष्ट्र के निर्माण की प्रतिबद्धता को मजबूत करना है।

### रांची पुलिस ने फ्लैग मार्च कर मतदाताओं को किया जागरूक



**रांची** : आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर बुधवार को रांची पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने किया। सहजानंद चौक से कडरू तक मतदाताओं में विश्वास जगाने और शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया था। इस दौरान फ्लैग मार्च में सिटी एसपी के अलावा यूपी पुलिस के इंस्पेक्टर और अरगोड़ा थाना प्रभारी समेत कई अन्य पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे। आपको बता दें, झारखंड विधानसभा चुनाव 2 चरणों में होगा। इसमें पहले चरण का मतदान 13 नवंबर और दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को होगा। वहीं, चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आयेंगे।

### भाई-बहन के अटूट बंधन का पर्व भैया दूज 3 को

**रांची** : भैया दूज 3 नवंबर को मनाया जाएगा। कार्तिक मास द्वितीया तिथि का आरंभ 2 नवंबर को रात 8 बजकर 22 मिनट पर हो जाएगा। वहीं कार्तिक द्वितीया तिथि 3 नवंबर को रात में 10 बजकर 6 मिनट तक रहेगा। उदया तिथि होने के कारण भैया दूज का पर्व 3 नवंबर को मनाया जाएगा। पांच दिवसीय दीपोत्सव का ये अंतिम दिन है। भैया दूज, गोवर्धन पूजा के अगले दिन मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाई को श्रीफल यानी नारियल देती हैं, कहा जाता है कि बहन भाई को नारियल देकर उसकी सुख शांति और समृद्धि की कामना करती है। नारियल के गोले को भाई की रक्षा का प्रतीक माना जाता है। श्रीफल के साथ बहन अपने भाई को आशीर्वाद भी देती है। इसे अलग-अलग जगह में अलग नाम से जाना जाता है। बंगाल में भाई दूज के पर्व को भाई फूटा, महाराष्ट्र और गोवा में भाऊ व्रत, और नेपाल में इसको भाई तिहाड़ के नाम से जाना जाता है।

## एक नजर

### बिजुलिया में काली पूजा शुरू

**तलगड़िया** : चास प्रखण्ड पंचायत बिजुलिया के पाठकडीह गाँव में तीन दिवसीय काली पुजा विधिविधान से विधिवत पुजा अर्चना के साथ बुधवार को शुरू हो गया। यह पुजा 252 बर्ष पुर्व स्व केशव पाठक स्व०धनजंय पाठक ने मन्नत पुरी होने से बांस त्रिपाल की झौपडी.बनाकर मुर्ति स्थापित कर शुरू किया था। समय बिताने पर पत्थर का दिवाल दिया गया। वर्ष 2024 मे सौलह आना कमिटी द्वारा माँ काली का भव्य मन्दिर का निर्माण किया गया है। मंदिर को भव्य आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मुर्तिकार बाटबिनोर के रेंघु दास बैष्णव ने माँ काली भव्य आकर्षक मुर्ति का निर्माण किया है।यहां दुर दुर से भक्त पुजा आर्चना के लिए पहुँचते है। उनकी मन्नत पुरी होती है। मन्नत पुरी होने पर श्रद्धालुओं द्वारा बकरे की बलि देने की प्रथा है। 31 अक्टूबर को श्रदालु निर्जला व्रत उपवास कर पुजा अर्चना कर बकरे की बलि चढायेगें। रात्रि में भोगभात महाप्रसाद का श्रदालु के बीच वितरण किया जायेगा। इसका बिशेष महत्व है। 1 नवंबर शुक्रवार को पैतृक तलाब शायर बांध मे माँ काली की मुर्ति विसर्जन के साथ संपन्न होगी।

### एमजीएम विद्यालय में दीपोत्सव मनाया गया

**बोकारो** : एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ में बुधवार को दीपोत्सव पर रंगोली, दीप सज्जा व तोरण सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इन्होंने कहा कि दीपावली भारतीय सभ्यता व संस्कृति का परिचायक है। विविध गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को देश की समृद्ध संस्कृति से परिचित कराया जाता है। साथ ही इनकी प्रतिभा को निखारने का काम हो रहा है। इस तरह की रचनात्मक गतिविधियों में बच्चों का कौशल विकसित होता है। साथ ही इनमें नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। बच्चों का देश की संस्कृति से जुड़ाव होता है। विद्यार्थियों ने रंगोली, दीप सज्जा व तोरण सज्जा प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने विविध रंगों के मेल से आकर्षक रंगोली बनाई। इन्होंने रंगों व अन्य वस्तुओं से दीपक व तोरण सजाया। रंगोली प्रतियोगिता के ग्रुप ए में अर्तिका राठौर पहले, अदिति सिंह दूसरे व अंशिका केसरी तीसरे स्थान पर रहे। ग्रुप बी में माया पहले प्रियम व सुरभि दूसरे एवं स्वाति व श्री गुप्ता तीसरे स्थान पर रहे। तोरण सज्जा में समृद्धि कुमारी व श्रेया सिंह पहले, स्निग्ध झा व सृष्टि सिंह दूसरे एवं अनुषा भारती व आयुषी नंदा तीसरे स्थान पर रहे। अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर उप प्रधानाध्यापक राखी बनर्जी, शैक्षणिक निदेशक जार्ज जोसफ, हेडमिस्ट्रेस सपना जोशी, नागेंद्र सिंह, मिताली वोरा के अलावा शिक्षक–शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### रॉयल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मनाई दिवाली और छठ पूजा

**बोकारो** : रॉयल पब्लिक स्कूल सेक्टर 9 में बड़ी ही धूमधाम से बच्चों ने दिवाली और छठ पूजा एकसाथ मनाया गया। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने रंगोली में भी अपने हुनर का परिचय दिया। वही आरोही गुप्ता ने मां लक्ष्मी का स्वरूप धारण कर सबका मन मोह लिया, प्राचार्य मुकेश कुमार गुप्ता ने बच्चों का प्रोत्साहन बढ़ाते हुए दिवाली और छठ की गुणवत्ता को बताया। इस मौके पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया साथ ही छठ की झलकियां भी प्रस्तुत की। मौके पर स्कूल की शिक्षिका बबीता प्रकाश,आशु संजना, किरण सिंह, वीणा कुमारी, सुमन कुमारी, उषा, ममता ,अनमोल, इंदु शामिल रही।

# बक्सपुरा शेड पर हाट-बाजार को शिफ्ट कराने के लिए प्रशासन गंभीर : सीओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : जरीडीह प्रखंड अंतर्गत बहादुरपुर क्षेत्र में बोकारो-रामगढ़ मुख्य पथ के फुटपाथ पर प्रत्येक शुक्रवार को साप्ताहिक हाट-बाजार सजता है। इस दौरान सड़क पर भीड़भाड़ रहती है। सडक किनारे फुटपाथ पर साप्ताहिक बाजार लगने के कारण खरीदार अपनी साईकिल, मोटरसाइकिल, चारपहिया जैसे वाहन सड़क पर ही खड़ा कर देते हैं। जिस वजह से यहां सड़क संकीर्ण हो जाता है। नतीजतन जाम की स्थिति बन जाती है। ऐसे में वाहनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं, नेशनल हाईवे होने के कारण वाहन की गति तेज होती है। ऐसे में अनहोनी की आशंका बनी रहती है। जबकि इस मार्ग से हर दिन जिम्मेवार पदाधिकारियों का आवागमन होता है। फिर भी इस समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए कभी भी किसी पदाधिकारी ने पहल नहीं की। स्थानीय समाजसेवी, बुद्धिजीवी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े नेता हाट को बक्सपुरा में निर्मित शेड में स्थानांतरण करने की मांग की है। ताकि भविष्य में होने वाली संभावित दुर्घटना को रोका जा सके। हाट-बाजार के लिए लाखों की लागत से बक्सपुरा गांव समीप बने शेड का निर्माण बहुत पहले हो चुका है ।परंतु अभी तक प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की मांग को दरकिनार किया जा रहा है। कम से कम प्रशासन द्वारा सुरक्षा दृष्टिकोण से इतना तो किया ही जा सकता था, कि साप्ताहिक बाजार के समय भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाए। समय रहते प्रशासन इस दिशा में पहल नहीं करती है, तो कभी भी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। बहादुरपुर मुख्य सड़क के फुटपाथ पर हर सप्ताह लगने वाली हाट-बाजार में ग्रामीण क्षेत्र के किसान एवं व्यापारी साग-सब्जी के अलावे अन्य दुकानें लगाते हैं। साप्ताहिक बाजार होने के कारण ऐसे दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगती है। जबकि यहां से कुछ ही दूरी पर ऐसे दुकानदारों के लिए शेड व सामान रखने के लिए छोटे-छोटे शेड भी बनाया गया है। लेकिन दुर्भाग्यवश शेड निर्माण के बाद एक दिन भी यहां पर हाट-बाजार नहीं लग सका है। लाखों रुपए खर्च कर बना शेड ठेकेदारी प्रथा का भेंट चढ़ता महसूस हो रहा है। अब शेड भी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। समय रहते इस शेड को व्यवस्थित कर संचालित नहीं किया गया तो एक ओर जहां शेड खंडहर में तब्दील हो जाएगा। वहीं दूसरी ओर सड़क किनारे लगने वाले इस बाजार के कारण आम जनों को होने वाली परेशानी से निजात नहीं मिलेगा। इस संबंध में जरीडीह सीओ प्रणव ऋतुराज ने कहा कि इस हाट-बाजार को शेड पर स्थानांतरित करने के लिए हम सभी गंभीर हैं। शेड तक पहुंचाने के लिए रैयती जमीन अड़चन है। स्थानीय कमेटी तथा रैयत से बात कर समाधान का रास्ता निकाला जा रहा है। वहीं, शेड व आसपास उगी झाड़ियां की साफ-सफाई तथा थोड़ा बहुत आवश्यक काम करने के लिए पत्राचार आदि किया गया है। चुनाव के बाद हाट-बाजार स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी होने की संभावना है।

## रूट के अनुसार वाहनों का चयन करें अधिकारी : आयुक्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : विधानसभा चुनाव के दौरान डिस्पैच सेंटर से मतदान केंद्र तक तथा मतदान संपन्न होने के बाद ईवीएम, पोलिंग पदाधिकारी सहित चुनाव सामग्री को सुगमता से स्ट्रांग रूम तक पहुंचाने के उद्देश्य से वाहन कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त रवि राज शर्मा तथा नोडल पदाधिकारी सह जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी ने बुधवार को सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ परिवहन कार्यालय में बैठक की। इस अवसर पर नगर आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को रूट का आकलन कर रूट चार्ट तैयार करने, रूट के अनुसार वाहनों का चयन करने, निर्धारित रूट का भौतिक सत्यापन कर लेने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने कहा कि ऐसे वाहनों का चयन करें जो मतदान केंद्र तक आसानी से पहुंच सके। साथ ही दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक उम्र के वैसे मतदाता, जो चलने में असमर्थ है, उन्हें घर से बूथ तक लाने एवं मतदान करने के बाद वापस घर पहुंचने के लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। बैठक में सुरक्षा बल, पोलिंग पार्टी, सेक्टर ऑफिसर के लिए वाहनों की व्यवस्था, रिंग बस इत्यादि को लेकर भी चर्चा की गई।

## आलोक चौरसिया का दौरा जारी जनता का मिल रहा भरपूर समर्थन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू)** : डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियों के बीच विधायक आलोक चौरसिया अपने तूफानी दौरे पर निकले हुए हैं। 10 वर्षों की सेवा और विकास कार्यों का बखान करते हुए वे जनता के बीच समर्थन की अपील कर रहे हैं और 13 नवंबर को होने वाले मतदान में अपना समर्थन देने का आग्रह कर रहे हैं। इस दौरान जनता का उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है, और लोग उनके विकास कार्यों के प्रति आभार व्यक्त कर रहे हैं। आज के दौरे में आलोक चौरसिया भंडरिया प्रखण्ड के कई गाँवों से गुजरे, जिनमें जनेवा, लीलवापथर, सरईडिह, मदगढी, करचाली, कंजीया, और भंडरिया शामिल हैं। अपने संबोधन में आलोक चौरसिया ने ग्रामीणों के साथ संवाद किया और उन्हें पिछले दस वर्षों के दौरान किए गए अपने विकास कार्यों की जानकारी दी। इनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क निर्माण और ग्रामीण विकास से जुड़े अनेक कार्य शामिल हैं, जो उन्होंने विधानसभा में किए हैं। लोगों ने भी बड़ी संख्या में आलोक चौरसिया का स्वागत किया और अपने गाँवों में किए गए विकास कार्यों पर संतोष जताया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि आलोक चौरसिया ने अपनी मेहनत और कार्यकुशलता से क्षेत्र में एक स्थायी छाप छोड़ी है, और उनका साथ देकर वे इसी विकास को आगे बढ़ाना चाहते हैं।

आलोक चौरसिया का यह चुनाव प्रचार न केवल चुनावी दौरों तक सीमित है, बल्कि वे जनता की उम्मीदों को नया आयाम देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## ओएनजीसी सीबीएम परिसम्पति ने गोमिया में आयोजित किया सतर्कता कार्यक्रम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : ओएनजीसी सीबीएम परिसम्पति बोकारो के सौजन्य से स्वयं सेवी संस्था जीवन ज्योति जन कल्याण केन्द्र गोमिया के तत्वाधान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन सारम बैंक ऑफ इंडिया कैंपस में किया गया। संस्था के सचिव सूरज कुमार यादव ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर प्रकाश डालते हुए उपस्तिथ सभी लाभार्थियों को कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई में केंद्रीय सतर्कता आयोग की सहभागी सतर्कता पहलों में से एक है। उन्होंने कहा कि सत्यनिष्ठा की संस्कृति मानव जीवन के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक है। संस्था के सरोज कुमार अड्डी ने कहा कि सत्यनिष्ठा का अर्थ है सत्य के प्रति प्रतिबद्धता और सत्य के मार्ग पर चलना। यह न केवल व्यक्तिगत जीवन में, बल्कि समाज में भी एक महत्वपूर्ण मूल्य है। कार्यक्रम में लाभार्थियों को प्रेरित करते हुए संस्था के राधा रानी देवी ने कहा की सत्यनिष्ठा की संस्कृति एक ऐसा आधार है जिस पर एक समृद्ध राष्ट्र की नींव रखी जा सकती है। कायक्रम समापन के पूर्व सभी लाभार्थियों को सत्य निष्ठां की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि के लिए के लिए शपथ दिलाया गया। अंजलि कुमारी ने सधन्यवाद ज्ञापन की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बबिता कुमारी, शैलेन्द्र कुमार, तनु कुमारी, सबिता कुमारी नेहा कुमारी आरती कुमारी मनीषा कुमारी, चंचला कुमारी, रानी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी वगैरह कुल 60 लाभार्थियों ने इस कार्यक्रम में उपस्तिथ हुए।

## डेकोरेटर एसोसिएशन ने भवन निर्माण के लिए धनतेरस में किया भूमि का एग्रीमेंट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : धनबाद जिला डेकोरेटर एसोसिएशन धनबाद के द्वारा मंगलवार 29 अक्टूबर को धनतेरस के शुभ अवसर पर एसोसिएशन के भवन निर्माण के लिए जमीन के लिए अग्रिम रकम देकर एग्रीमेंट की गई। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया की धनबाद जिला डेकोरेटर एसोसिएशन 45 वर्षो का हो गया है। इन 45 वर्षो मे संगठन का कोई कार्यालय या भवन नही था। इस वर्ष सदस्यो के सहयोग से बलियापूर हिरक रोड, डाक्टर महापात्र के समीप चार 4 कट्ठा का प्लॉट बुक किया गया है। जमीन की रजिस्ट्री जनवरी माह के अन्तिम मे करवा लिए जाएंगे। एसोसिएशन के महासचिव विश्वनाथ सिंह ने बताया की एसोसिएशन में कुल 1500 सदस्य है। आये दिन संगठन की बैठक या किसी भी कार्यक्रम करने के लिए यह भवन तैयार की जाएगी या अपने सदस्यो के विभिन्न अनुष्ठान के लिए यह भवन काम में आएगा। बुधवार 29 अक्टूबर को जमीन के लिए अग्रिम राशी जमा कर एग्रीमेंट तैयार कर ली गई। सभी सदस्यो में अपने भवन निर्माण के लिए काफी खुशी और उत्साह है।

## वायु प्रदूषण के खिलाफ जलवायु परिवर्तन को लेकर साइकिल विथ लाइट रैली का हुआ आयोजन





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कसमार** : सहयोगिनी द्वारा वायु प्रदूषण के खिलाफ साइकिल विथ लाइट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कसमार मेन रोड में साइकिल में एलईडी बल्ब लगाकर रैली निकाली गई। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि पृथ्वी में हो रहे जलवायु परिवर्तन को लेकर विभिन्न स्तर पर कई कदम उठाया जा रहे है। इसी के तहत आज इंडिया क्लीन एयर नेटवर्क के सहयोग से साइकिल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण के कारण जलवायु परिवर्तन का खामियाजा ग्रामीण क्षेत्र के कृषकों को भुगतना पड़ रहा है। तथा रोजगार की कमी के कारण लोगों को कम करने के लिए पलायन करना पड़ रहा है उन्होंने कहा कि हम छोटे-छोटे प्रयास से जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम कर सकते हैं। इस दौरान वायु प्रदूषण के कारण होने वाले प्रभाव को लेकर छात्रों ने नारे लगाए तथा इस दीपावली में पटाखों के बिना दिवाली मनाने का संकल्प लिया। छात्रों ने दिवाली के दौरान बढ़ाने वाले वायु प्रदूषण को कम करने के लिए गांव स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्णय लिया। कार्यक्रम के दौरान सहयोगिनी की कुमारी किरण ,रवि कुमार राय, फुलेंद्र रविदास, प्रकाश कुमार महतो, नीतू कुमारी, अभय सिनव, रिया हालदार, मंजू देवी, विकास कुमार आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने फर्जी लॉटरी के साथ एक को किया गिरफ्तार, लैपटॉप, प्रिंटर जब्त



**धनबाद** : कालुबथान ओपी क्षेत्र स्थित सावलापुर गांव में फर्जी लॉटरी के कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने फर्जी लॉटरी, लॉटरी छापने का मशीन, लैपटॉप, प्रिंटर सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए निरसा एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने कहा कि लॉटरी का कारोबार किसी भी कीमत पर चलने नहीं दिया जाएगा। पुलिस इस तरह के लोगो से शक्ति से निपटेगी। हलचल मालूम रहे कि इससे पहले भी कालुबथान में फर्जी लॉटरी के मामले में गिरफ्तारी हो चुकी है।

### दिव्यांग बच्चों ने दीपावली उत्सव धूमधाम से मनाया



**धनबाद**: नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चो की विशेष स्कूल पहला कदम में बुधवार को दीपावली उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस शुभ अवसर पर राउंड टेबल 342 के सम्मानित सदस्य उपस्थित हुए। सभी दिव्यांग बच्चे और राउंड टेबल के चेयरमैन अनूप गोयल, रोहित अग्रवाल सेक्रेटरी, कशिश व्यास एरिया चेयरमेन पंकज गोयल, अंकुर चौधरी, कमल चौधरी, आदि पहला कदम की सचिव अनिता अग्रवाल सुपरवाइजर कौशल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चेयरमैन अनूप गोयल ने कहा कि बुधवार को पहला कदम में उनकी बेस्ट दीपावली है जो हमलोगों ने पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चो के साथ यादगार दिवाली मनाया। सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया कि हमारे दिव्यांग बच्चे साल भर मेहनत कर दीपक, केंडल एवं अन्य सजावट के सामग्रियां बनाते है जिसका स्टॉल धनबाद के कई जगहों पर लगाया गया। यह पहला कदम स्कूल के 18 वर्ष के ऊपर के बच्चो को रोजगार से जोड़ने के क्रम में स्वावलंबी बनाया जा रहा है। जिससे हमारे ये बच्चे भी सर उठाकर समाज के मुख्यधारा से जुड़ सके। सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया कि सभी ने बच्चो की प्रतिभा को बहुत सराहा है जिससे बच्चो का मनोबल बढ़ा है। दीपावली के अवसर पर स्कूल में 7अप 7डाउन, रिंग गेम आदि खेलो के स्टॉल भी लगाए गए। सभी बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति की जिसे देख अतिथियों ने काफी प्रशंसा की। कहा कि पहला कदम स्कूल दिव्यांग बच्चो को शिक्षण और प्रशिक्षण के साथ इन बच्चों को रोजगार के जो अवसर प्रदान कर रहा है वह ईश्वरीय कार्य है। राउंड टेबल 342 के द्वारा बच्चो के बीच पटाखे एवं स्वादिष्ट भोजन भी वितरित किया गया। सभी ने बच्चो को दीपावली की शुभकामना देते हुए कहा कि इन बच्चों के जीवन का अंधेरा दूर हो और सभी खुशियां इनके जीवन में आए। राउंड टेबल 342 के सभी सदस्यों ने भविष्य में भी इन बच्चों के साथ निभाने का वादा किया। सचिव अनिता अग्रवाल ने राउंड टेबल के सभी सदस्यों को मोमेंटो दे कर सम्मानित किया।

### डी वाई पाटिल इंटरनेशनल स्कूल में दीपोत्सव का हुआ आयोजन



**बोकारो** : डी वाई पाटिल इंटरनेशनल स्कूल में विशेष प्रार्थना सभा तथा रंगोली प्रतियोगिता और दिया सजाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रार्थना सभा में कक्षा नर्सरी से कक्षा प्रेप तक के बच्चों ने दीपावली के शुभ अवसर पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया । कक्षा 3 और कक्षा चार की छात्रा ने मेरे घर राम आएंगे एक अद्भुत नृत्य प्रस्तुत की, वही कक्षा आठवीं के बच्चों ने छठ पर्व के महत्व को दशार्ते हुए भावपूर्ण नाटक प्रस्तुत किया तथा कक्षा 5 से कक्षा नवमी तक के बच्चों ने अपने मधुर स्वर में छठी माई के गीत उगा हो सूरज गीत गाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। कक्षा 2 से कक्षा नौवीं तक के छात्रों ने रामलीला का आयोजन कर वहां के वातावरण को प्रफुलित कर दिया। कक्षा आठवीं की छात्रा नेसोलो नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुक्त कर दियायह सभी कार्यक्रम बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ करवाया गया। विद्यालय मेंइंटर हाउस बच्चों द्वारा बनाए गए रंगोली प्रतियोगिता सराहनीय योग्य रहा । सभी बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगोली तथा दीया सजाने की प्रतियोगिता को संपन्न किया। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के अध्यक्ष पी के सिंह अपने सपरिवार के साथ वहां मौजूद रहे तथा बच्चों द्वारा किए गए कार्यक्रम को बहुत ही प्रशंसा करते हुए उनको दीपावली तथा छठ पर्व की शुभकामनाएं दी और सभी बच्चों में मिठाई वितरण किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका शीला लाल ने बच्चों को मनोबल को बढ़ाते हुए उनको ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस पूरे कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षकों द्वारा संपन्न कराया गया।

### ओरिएंटल पब्लिक स्कूल के विधार्थियों ने रंगोली बनाकर अपनी प्रतिभा की प्रदर्शित



**जैनामोड** : दि ओरिएंटल पब्लिक स्कूल में बुधवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने उत्साह पूर्वक रुची लेते हुए शामिल हो विभिन्न कलाकृतियां बनाई। जिसे देख सबों ने खूब वाहवाही की। स्कूल के निदेशक सह प्राचार्य डाक्टर आमिर हुसैन ने कहा कि रंगोली प्रतियोगिता हमारी भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह कला न केवल सुंदरता का प्रतीक है बल्कि यह हमारी परंपरा और एकता को भी दशार्ती है। कहा कि यह त्योहार हमारे जीवन में सत्य, ज्ञान और प्रकाश को जलाए रखने की प्रेरणा देती है। संस्था अध्यक्ष मुश्ताक अहमद ने सभी विधार्थियों को दीपावली की शुभकामना देते हुए कहा कि त्योहार सावधानी पूर्वक मनाएं। रंगोली प्रतियोगिता से विधार्थियों में छुपी प्रतिभा में निखार आती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप–प्राचार्य अमित कुमार वर्णवाल, रिंकू रॉय, प्रभारी अमर नाथ राम, सपना सिन्हा, पम्मी कुमारी, सनवर परवीन, सोनी कुमारी, सुनीता कुमारी, अंजना कुमारी, मोनिका महतो, कुमारी रश्मि, सावित्री कुमारी, अर्पिता मुखर्जी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# भौतिक ही नहीं, आध्यात्मिक रोशनी का पर्व है दीपावली



ललित गर्ग

**हम उजालों की वास्तविक पहचान करें, अपने आप को टटोलें, अपने भीतर के काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर आदि कषायों को दूर करें और उसी मार्ग पर चलें जो मानवता का मार्ग है। हमें समझ लेना चाहिए कि मनुष्य जीवन बहुत दुर्लभ है, वह बार-बार नहीं मिलता। समाज उसी को पूजता है जो अपने लिए नहीं दूसरों के लिए जीता है।**

दीपावली एक समृद्धि, खुशहाली एवं रोशनी का लौकिक पर्व है। यह जितना भौतिक पर्व है, उतना ही आध्यात्मिक पर्व भी है, इसलिये यह केवल बाहरी अंधकार को ही नहीं, बल्कि भीतरी अंधकार को मिटाने का पर्व भी बने। हम भीतर में धर्म का दीप जलाकर मोह और मूर्च्छा के अंधकार को दूर कर सकते हैं। दीपावली के मौके पर सभी आमतौर से अपने घरों की साफ-सफाई, साज-सज्जा और उसे संवारने-निखारने का प्रयास करते हैं। उसी प्रकार अगर भीतर चेतना के आँगन पर जमे कर्म के कचरे को बुहारकर साफ किया जाए, उसे संयम से सजाने-संवारने का प्रयास किया जाए और उसमें आत्मा रूपी दीपक की अखंड ज्योति को प्रज्वलित कर दिया जाए तो मनुष्य शाश्वत सुख, शांति एवं आनंद को प्राप्त हो सकता है।



दीपावली का सम्पूर्ण पर्व एक ऊर्जा है, एक शक्ति है, एक प्रकार की गति है। एक सत्य से दूसरे सत्य की ओर अनवरत, अनिरुद्ध गति ही दीपावली की जीवंतता है। जीवन के अनेक अनुभवों का समवाय है दीपावली। एक अनुभूति से दूसरी अनुभूति तक की यात्रा में जो दीपावली के विलक्षण एवं अद्भुत क्षणों की गति है, वही जीवन की वास्तविकता है। जीवन एक यात्रा है, सतत यात्रा। ठीक इसी तरह दीपावली भी एक यात्रा है, एक प्रस्थान है, कुछ नया पाने की, अनूठा करने की। समय बह रहा है, जीवन बीत रहा है। वर्ष पर वर्ष, माह पर माह, दिन पर दिन एवं पलों पर पल बीत रहे हैं, सांसों के घट रीत रहे हैं। इन घटती सांसों को अर्थपूर्ण बनाने, सम्पूर्णता से जी लेने एवं उपयोगी करने का पर्व है दीपावली। वृक्ष भी जीते हैं, पशु-पक्षी भी जीते हैं, परंतु वास्तविक जीवन वे ही जीते हैं, जिनका मन मनन का उपजीवी हो। मननशीलता की संपदा मानव को सहज उपलब्ध है। अपेक्षा है उसका सम्यक उपयोग और विकास कर जीवन को सार्थक दिशा प्रदान करें। उजालों का स्वागत करें।

दीपावली की रात भारत भूमि पर आसमान उतर आता है। ज्यों आकाश में तारे टिमटिमाते हैं, सो उस रात धरा पर दिए टिमटिमाते हैं। चांद से रीती इस रात का हर पक्ष उजला है। अमावस कहकर कोई याद नहीं रखता इसे। इसमें इतना उजास जो है। कहते हैं सूनी राह पर, अकेले द्वार पर, कुएं की तन्हा मेड़ पर और उजाड़ तक में दीप रखने चाहिए। कोई भूले-भटके भी कहीं किसी राह पर निकले, तो उसे अंधेरा न मिले। इस रात हरेक के लिए उजाले जुटा दिए जाते हैं। अब उजालों के इस अपूर्व एवं अलौकिक पर्व की जगर-मगर में दीपों की माटी कम और लड्डुओं वाली बिजली एवं पटाखों का प्रदूषण अधिक है। वक्त के साथ खुशियों का अहसास तो नहीं बदलता, पर उसकी आमद के जरिए अलग हो जाते हैं। दीपावली पर रोशनी का परचम बुलंद किए हौसलेमंद दिए ज्यों तम के सामने डट जाते हैं, वह एक कालजयी ऐलान है विजय का। इस विजय को पाने एवं मोह का अंधकार भगाने के लिए धर्म का दीप जलाना होगा। जहाँ धर्म का सूर्य उदित हो गया, वहाँ का अंधकार टिक नहीं सकता। एक बार अंधकार ने ब्रह्माजी से शिकायत की कि सूरज मेरा पीछा करता है। वह मुझे मिटा देना चाहता है। ब्रह्माजी ने इस बारे में सूरज को बोला तो सूरज ने कहा- मैं अंधकार को जानता तक नहीं, मिटाने की बात तो दूर, आप पहले उसे मेरे सामने उपस्थित करें। मैं उसकी शक्ल-सूरत देखना चाहता हूँ। ब्रह्माजी ने उसे सूरज के सामने आने के लिए कहा तो अंधकार बोला-मैं उसके पास कैसे आ सकता हूँ? अगर आ गया तो मेरा अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

जीवन का वास्तविक उजाला लिबास नहीं है, भोजन नहीं है, भाषा नहीं है और उसकी साधन-सुविधाएं भी नहीं हैं। वास्तविक उजाला तो मनुष्य में व्याप्त उसके आत्मिक गुणों क महक ही है, जो मानवीय बनाते हैं, जिन्हें संवेदना और करुणा के रूप में, दया, सेवा-भावना, परोपकार के रूप में हम देखते हैं। असल में यही गुणवत्ता उजालों की बुनियाद है, नींव हैं जिसपर खड़े होकर मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बनाता है। जिनमें इन गुणों की उपस्थिति होती है उनकी गरिमा चिरंजीवी रहती है। समाज में उजाला फैलाने के लिये इंसान के अंदर इंसानियत होना जरूरी है। जिस तरह दीप से दीप जलता है, वैसे ही प्यार देने से प्यार बढ़ता है और समाज में प्यार और इंसानियत रूपी उजालों की आज बहुत जरूरत है।

दीपों की कतारें दीपावली का शाब्दिक अर्थ ही नहीं, वास्तविक अर्थ है। कतारों के लिए निरंतरता जरूरी है। और निरंतरता के लिए नपा-तुला क्रम। दीप जब कतार में होते हैं, तो आनंद का सूचक बन जाते हैं। जैसे कोई मूक उत्सव हो- जगर-मगर उजाले का। उजालों की पंक्तियां उल्लास का द्योतक हैं। दीप होते ही प्रेरक हैं। एक बाती, अंजुरी-भर तेल और राह-भर प्रकाश। जितना सादा दीपावली का दीपक होता है, उससे सादा कुछ नहीं हो सकता। माटी ने ज्यों पक-जमकर, बाती के बीज से ज्योत पल्लवित की हो। यह विजय पताका कार्तिक अमावस्या के अंधेरे की पूरी रात दूर रखती है। दीपावली की रात को हर दीप रोशनी की लहर बनाता है, उजालों के समन्दर में अपना योगदान देता है। शेक्सपियर की चर्चित पंक्ति है- 'अगर रोशनी पवित्रता का जीवन रक्त है तो विश्व को रोशनीमय कर दो/ जगमगा दो और इसे जी-भरकर बाहुल्यता से प्राप्त करो।' शेक्सपियर ने यह पंक्ति चाहे जिस संदर्भ में कही हो, पर इसका उद्देश्य निश्चित ही पवित्र था और अनेक अर्थों को लिए हुए यह उक्ति सचमुच में जीवन व्यवहार की स्पष्टता के अधिक नजदीक है। दीपावली का पर्व और उससे जुड़े रोशनी के दर्शन का भी यह उद्घोष है। रोशनी! उत्सव का प्रतीक, खुशी के इजहार करने का प्रतीक है, सफलता का प्रतीत है। अगर हम इस सोच को गहराई में डुबो लें तो ये सूक्तियां हमारे जीवन की रक्त धमनियां बन सकती हैं और उससे उत्तम व्यवहार की रश्मियां प्रस्फुटित हो सकती है। उन रश्मियों की निष्पत्तियां के स्वर होंगे- 'सदा दीपावली संत की आठों पहर आनन्द', 'घट-घट दीप जले', 'दीये की लौ सूरज से मिल जाये'।

जीवन के ह्रास और विकास के संवादी सूत्र हैं- अंधकार और प्रकाश। अंधकार स्वभाव नहीं, विभाव है। वह प्रतीक है हमारी वैयक्तिक दुर्बलताओं का, अपाहिज सपनों और संकल्पों का। निराश, निष्क्रिय, निरुद्देश्य जीवन शैली का। स्वीकृत अर्थशून्य सोच का। जीवन मूल्यों के प्रति टूटती निष्ठा का। विधायक चिन्तन, कर्म और आचरण के अभाव का। अब तक उजालों ने ही मनुष्य को अंधेरों से मुक्ति दी है, इन्हीं उजालों के बल पर उसने ज्ञान को अनुभूत किया अर्थात सिद्धांत को व्यावहारिक जीवन में उतारा। यही कारण है कि उसकी हस्ति आजतक नहीं मिटी। उसकी दृष्टि में गुण कोरा ज्ञान नहीं है, गुण कोरा आचरण नहीं है। दोनों का समन्वय है। जिसकी कथनी और करनी में अंतर नहीं होता वही समाज में आदर के योग बनता है।

हम उजालों की वास्तविक पहचान करें, अपने आप को टटोलें, अपने भीतर के काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर आदि कषायों को दूर करें और उसी मार्ग पर चलें जो मानवता का मार्ग है। हमें समझ लेना चाहिए कि मनुष्य जीवन बहुत दुर्लभ है, वह बार-बार नहीं मिलता। समाज उसी को पूजता है जो अपने लिए नहीं दूसरों के लिए जीता है। इसी से गोस्वामी तुलसीदासजी ने कहा है-'परहित सरिस धरम नहीं भाई'। स्मरण रहे कि यही उजालों को नमन है और यही उजाला हमारी जीवन की सार्थकता है। जो सच है, जो सही है उसे सिर्फ आंख मूंदकर मान नहीं लेना चाहिए। खुली आंखों से देखना एवं परखना भी चाहिए। प्रमाद टूटता है तब व्यक्ति में प्रतिरोधात्मक शक्ति जागती है। वह बुराइयों को विराम देता है।

## संपादकीय

### जनगणना और आम सहमति

इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि देश में बहु प्रतीक्षित जनगणना का काम 2025 में शुरू होने जा रहा है। प्रत्येक एक दशक के बाद होने वाली यह जनगणना 2021 में निर्धारित थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण यह टल गया था। जनगणना का काम 2026 तक चलेगा और इसके बाद परिसीमन का काम शुरू होगा जो 1976 के बाद से राजनीतिक सहमति न बनने के कारण रुका हुआ है। हालांकि जनगणना और परिसीमन के बारे में अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। पर विडंबना देखिए की जनगणना की अटकलों के साथ देश की सियासत भी गर्म होने लगी है। कांग्रेस ने जनगणना से जुड़े मामलों जैसे परिसीमन और जातिगत जनगणना पर विचार-विमर्श करने के लिए केंद्र सरकार से सर्वदलीय बैठक बुलाई जाने की मांग की है। इस सामान्य जनगणना के साथ तीन पहलू जुड़े हुए हैं- जातिगत जनगणना, संसदीय क्षेत्र का परिसीमन जो करीब 5 दशकों से रु का हुआ है और सांसद एवं विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 फीसद सीटों का आरक्षण। केंद्र सरकार की ओर से अभी यह फैसला नहीं किया गया है कि सामान्य जनगणना के साथ जाति की जनगणना की की जाएगी या नहीं। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल ने सामाजिक न्याय के नाम पर 2024 के आम चुनाव में जातिवाद की जनगणना का मुद्दा जोर-जोर से उठाया था। इस मांग के पीछे विपक्षी दलों का मकसद दिया है कि जातियों की संख्या के आधार पर सरकारी नौकरियों में आरक्षण और उन तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना। यह इसका सकारात्मक पक्ष है, लेकिन दूसरी और अगर जाति के आधार पर सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित होगी तो कोई भी जाति अपनी संख्या बाल में कमतरी नहीं होने देगी। हर जातियां चाहेंगी कि उसकी संख्या में बढ़ोतरी हो। इससे न केवल जातियों के बीच टकराहट बढ़ेगी बल्कि ऐसी स्थिति में जनसंख्या नियंत्रण की नीतियां असफल हो जाएंगी। भाजपा जातिगत जनगणना के विरुद्ध है। इससे उसके हिंदुओं को ध्रुवीकृत करने के लक्ष्य पर चोट पहुंचेगी। वह चाहती है कि देश की सारी जातियां हिंदुत्व के छाते में आ जाएं। अब देखना है कि जातिगत जनगणना के मामले में केंद्र सरकार क्या फैसला करती है। जातिगत जनगणना और परिसीमन के मुद्दे पर केंद्र सरकार और विपक्षी दलों के बीच आम सहमति की राह में अनेक मुश्किलें दिखाई दे रही हैं?

## चिंतन-मनन

### मरने के बाद कहां जाता है इंसान

सभी धर्मों में पुनर्जन्म की बात कही गयी है, यानी एक शरीर को छोड़ने के बाद इंसान दूसरे शरीर में प्रवेश करता है। लेकिन मृत्यु के बाद से पुनर्जन्म लेने तक जीव कहां रहती है यह एक बड़ा सवाल है। भगवान श्री कृष्ण ने भी गीता में कहा है कि आत्मा न तो जन्म लेती है और न मरती है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर जीव के मरने के बाद आत्मा कहां जाती है। इसका उत्तर आप जरूर जानना चाहते होंगे। 18 पुराणों में से गरूड़ पुराण ही एक ऐसा पुराण है जिसमें इस प्रश्न का उत्तर दिया गया है। इस पुराण में कहा गया है कि मृत्यु के बाद जीवात्मा को शरीर से निकाल कर ले जाने के लिए दो यमदूत आते हैं। जो व्यक्ति अपने जीवन काल में अच्छे कर्म करते हैं उनकी आत्मा शरीर से आसानी से निकल जाती है। जिनका अपने शरीर से मोह नहीं जाता है और जीवन काल में अच्छे कर्म नहीं करते हैं उन्हें यमदूत जबरदस्ती खींच कर अपने साथ ले जाते हैं। शरीर से निकलने के बाद आत्मा अंगूठे के आकार का बन जाता है।

यह दिखने में उसी प्रकार का होता है जैसा मृत व्यक्ति दिखने में होता है। इस आत्मा को लेकर यमदूत यमराज के पास जाते हैं। यहां उसे 24 घंटे रखा जाता है और जीवन काल में उसके द्वारा किये गये अच्छे बुरे कर्मों को दिखाया जाता है। इसके बाद आत्मा को पुनः उसी स्थान पर लाकर रख दिया जाता है जहां से यमदूत उसे लेकर जाते हैं। 13 दिनों तक इस स्थान पर रहकर आत्मा अपने शरीर का अंतिम संस्कार देखता है। इसके बाद यमदूत उसे अपने साथ लेकर पुनः यमलोक की ओर चलते हैं। इस रास्ते में आत्मा को यम की भयानक नगरी के दर्शन कराये जाते हैं। इस रास्ते में आत्मा को कई प्रकार की भयानक यतानाएं सहनी पड़ती है। एक साल तक इस रास्ते में चलते हुए जीवात्मा यमलोक पहुंचती है। यहां यमराज व्यक्ति को उसके कर्मों के अनुसार नर्क, स्वर्ग अथवा दूसरी योनियों भेजते हैं। यहीं पर तय होता है कि व्यक्ति को दूसरा जन्म कब मिलेगा। जो लोग धर्मात्मा होते हैं उन्हें यमलोक की यात्रा नहीं करनी पड़ती है। ऐसे लोगों के लिए विमान आता है जिसमें बैठकर आत्मा विष्णु लोक चली जाती है। जिन्हें विष्णु लोक में स्थान मिल जाता है उन्हें पुनः जन्म नहीं लेना पड़ता है।

# भारत के लौह पुरुष थे सरदार पटेल



रमेश सर्राफ धमोरा

सरदार वल्लभभाई पटेल को भारत के लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है। महात्मा गांधी ने वल्लभभाई पटेल को सरदार की उपाधि दी थी। उन्हें भारत के बिस्मार्क के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि उन्होंने भारत को एकजुट करने में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी। स्वतंत्र भारत के पहले तीन वर्ष सरदार पटेल देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, सूचना प्रसारण मंत्री रहे। पटेल ने भारतीय संघ में उन रियासतों का विलय किया जो स्वयं में सम्प्रभुता प्राप्त थीं। उनका अलग झंडा और अलग शासक था। सरदार पटेल ने आजादी के पूर्व ही देशी राज्यों को भारत में मिलाने के लिये कार्य आरम्भ कर दिया था। सरदार पटेल के प्रयास से 15 अगस्त 1947 तक हैदराबाद, कश्मीर और जूनागढ़ को छोडकर शेष भारतीय रियासतें भारत संघ में सम्मिलित हो चुकी थी। देश के वो पहले गृहमंत्री गृहमंत्री थे जिन्होंने भारतीय नागरिक सेवाओं (आई.सी.एस.) का भारतीयकरण कर इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवाएं (आई.ए.एस.) बनाया। अंग्रेजों की सेवा करने वालों में विश्वास भरकर उन्हें राजभक्ति से देशभक्ति की ओर मोड़ा। यदि सरदार पटेल कुछ वर्ष और जीवित रहते तो संभवतः नौकरशाही का पूर्ण कायाकल्प हो जाता। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप में एक नई दिशा देने के कारण सरदार पटेल ने राजनीतिक इतिहास में एक गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया। उनके कठोर व्यक्तित्व में संगठन कुशलता, राजनीति सत्ता तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा थी। भारत के स्वतंत्रता संग्राम मे उनका महत्वपूर्ण योगदान था।

सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 में गुजरात के नाडियाड में लेवा पट्टीदार जाति के एक जमींदार परिवार में हुआ था। वे अपने पिता झवेरभाई पटेल एवं माता लाड़बाई की चौथी संतान थे। सरदार पटेल ने करमसद में प्राथमिक विद्यालय और पेटलाद स्थित उच्च विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की थी। लेकिन उन्होंने अधिकांश ज्ञान स्वाध्याय से ही अर्जित किया। 16 वर्ष की आयु में उनका विवाह हो गया। 22 साल की उम्र में उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास की और जिला अधिवक्ता की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। जिससे उन्हें वकालत करने की अनुमति मिली। सरदार पटेल के पांच भाई व एक बहन थी। 1908 में पटेल की पत्नी की मृत्यु हो गई। उस समय उनके एक पुत्र और एक पुत्री थी। इसके बाद उन्होंने विधुर जीवन व्यतीत किया। वकालत के पेशे में तरक्की करने के लिए कृतसंकल्प पटेल ने अध्ययन के लिए अगस्त 1910 में लंदन की यात्रा की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ वर्ष पूर्व गुजरात के नर्मदा जिले में सरदार पटेल के स्मारक का उद्घाटन किया था। इसका नाम एकता की मूर्ति (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) रखा गया है। यह मूर्ति स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी से दुगनी ऊंचाई 182 मीटर ऊंची बनाई गयी है। इस प्रतिमा को केवडिया के निकट साधुबेट नामक एक छोटे चट्टानी द्वीप में सरदार सरोवर बांध के सामने नर्मदा नदी के मध्य में स्थापित किया गया है। सरदार वल्लभ भाई पटेल की यह प्रतिमा दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है।

सरदार पटेल की इस प्रतिमा को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनका व्यक्तित्व कितना विशाल था। सरदार यानि नेतृत्व करने का गुण तो उनमें जन्मजात था ही। संघर्षो में तपकर उनका मनोबल लौहे की तरह दृढ़ हो गया था। अपनी इसी इच्छा शक्ति व दृढ़ मनोबल के दम पर उन्होने देश की आजादी के बाद एक भारत बनाने का ऐसा मुश्किल काम कर दिखाया जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। भारत के राजनीतिक इतिहास में सरदार पटेल के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। देश की आजादी के संघर्ष में उन्होने जितना योगदान दिया उससे ज्यादा योगदान उन्होने स्वतंत्र भारत को एक करने में दिया। पटेल राष्ट्रीय एकता के बेजोड़ शिल्पी व नये भारत के निमार्ता थे। देश के विकास में सरदार वल्लभभाई पटेल के महत्व को सैदव याद रखा जायेगा।

सरदार पटेल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के तीन बार उम्मीदवार बने मगर तीनो ही बार महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप कर पण्डित जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेस का अध्यक्ष बनवा दिया था। 1930 में नमक सत्याग्रह के दौरान पटेल को तीन महीने की जेल हुई। मार्च 1931 में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के करांची अधिवेशन की अध्यक्षता की। जनवरी 1932 में उन्हें फिर गिरफ्तार कर लिया गया। जुलाई 1934 में वह रिहा हुए और 1937 के चुनावों में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के संगठन को व्यवस्थित किया।

अक्टूबर 1940 में कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ पटेल भी गिरफ्तार हुए और अगस्त 1941 में रिहा हुए। 1945-1946 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए सरदार पटेल प्रमुख उम्मीदवार थे। लेकिन महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप करके जवाहरलाल नेहरू को अध्यक्ष बनवा दिया। कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में नेहरू को ब्रिटिश वाइसरॉय ने अंतरिम सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया। इस प्रकार यदि घटनाक्रम सामान्य रहता तो सरदार पटेल भारत के पहले प्रधानमंत्री होते।

सरदार पटेल को भारत का लौह पुरुष कहा जाता है। गृहमंत्री बनने के बाद भारतीय रियासतों के विलय की जिम्मेदारी उनको ही सौंपी गई थी। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण किया। विश्व के इतिहास में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं हुआ जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो। देशी रियासतों का विलय स्वतंत्र भारत की पहली उपलब्धि थी और निर्विवाद रूप से पटेल का इसमें विशेष योगदान था। नीतिगत दृढ़ता के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें सरदार और लौह पुरुष की उपाधि दी थी। वल्लभ भाई पटेल ने आजाद भारत को एक विशाल राष्ट्र बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया। जूनागढ़ के नवाब के विरुद्ध जब वहां की प्रजा ने विरोध कर दिया तो वह भागकर पाकिस्तान चला गया और इस प्रकार जूनागढ भी भारत में मिला लिया गया। जब हैदराबाद के निजाम ने भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो सरदार पटेल ने वहां सेना भेजकर निजाम का आत्मसमर्पण करा लिया। निःसंदेह सरदार पटेल द्वारा 562 रियासतों का



एकीकरण विश्व इतिहास का एक आश्चर्य था। भारत की यह रक्तहीन क्रांति थी।

लक्षद्वीप समूह को भारत में मिलाने में भी पटेल की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। इस क्षेत्र के लोग देश की मुख्यधारा से कटे हुए थे और उन्हें भारत की आजादी की जानकारी 15 अगस्त 1947 के कई दिनों बाद मिली। हालांकि यह क्षेत्र पाकिस्तान के नजदीक नहीं था लेकिन पटेल को लगता था कि इस पर पाकिस्तान दावा कर सकता है। इसलिए ऐसी किसी भी स्थिति को टालने के लिए पटेल ने लक्षद्वीप में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए भारतीय नौसेना का एक जहाज भेजा। इसके कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तानी नौसेना के जहाज लक्षद्वीप के पास मंडराते देखे गए। लेकिन वहां भारत का झंडा लहराते देख उन्हें वापस लौटना पड़ा। जब चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई ने जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखा कि वे तिब्बत को चीन का अंग मान लें तो पटेल ने नेहरू से आग्रह किया कि वे तिब्बत पर चीन का प्रभुत्त्व कतई न स्वीकारें अन्यथा चीन भारत के लिए खतरनाक सिद्ध होगा। जवाहरलाल नेहरू नहीं माने बस इसी भूल के कारण हमें चीन से पिटना पड़ा और चीन ने हमारी सीमा की भूमि पर कब्जा कर लिया। सरदार पटेल के ऐतिहासिक कार्यों में सोमनाथ मंदिर का पुनर्निमाण, गांधी स्मारक निधि की स्थापना, कमला नेहरू अस्पताल की रूपरेखा आदि कार्य शामिल हैं।

# मुद्दाः बालू रेत के अनुरूप ही हो निमार्ण



पंकज चतुर्वेदी

वैसे तो मानसून के दौरान नदियों से रेत उत्खनन पर रोक के अदालती आदेश की किसी को परवाह थी नहीं लेकिन उसके बाद देश भर में नदियों के रास्ते रोक कर बालू खनन निर्ममता से हो रहा है। लगभग सभी राज्यों में हर छोटी-बड़ी नदी के आसपास रेत बालू के विशाल पहाड़ देखे जा सकते हैं। वैसे हिसाब लगाया जाना जरूरी है कि हर साल कितनी रेत स्वाभाविक रूप से नदी अपने किनारों पर छोड़ जाती है, जिसे उत्खनित करना किसी तरह की पर्यावरणीय हानि पैदा नहीं करेगा और इस रेत से कितने निर्माण किए जा सकते हैं? मोटा अनुमान है कि हमें 1.4 बिलियन टन बालू की सालाना जरूरत है और यह मांग सात फीसद सालाना की दर से बढ़ रही है। नदियों का उथला होना और थोड़ी सी बरसात में उफन जाना, तटों के कटाव के कारण बाढ़ आना, नदियों में जीव-जंतु कम होने के कारण पानी में आक्सीजन की मात्रा कम होने से पानी में बदबू आना; ऐसे कई कारण हैं, जो मनमाने रेत उत्खनन से जल निधियों के अस्तित्व पर संकट की तरह मंडरा रहे हैं। रेत खनन से नदियों का तंत्र प्रभावित होता है तथा उनकी खाद्य-श्रृंखला नष्ट होती है। रेत खनन में इस्तेमाल होने वाले सैंड-पंपों के कारण नदी की जैव-विविधता पर भी असर पड़ता है। लाखों साल की अवधि में चट्टानें स्वाभाविक रीति से अपक्षरित होती रहती हैं, और उनका यही अपक्षरण नदियों में रेत के रूप में इकट्ठा होता है। नदी की पेटी से इस रेत का उत्खनन किया जाता है। नदी का रेत अब दुर्लभ वस्तु बनाता जा रहा है। निर्माण के लिए उपयोग की जाने वाली किसी भी अन्य रेत की तुलना में नदी (ताजे पानी) का रेत निर्माण-कार्य के उद्देश्य से बहुत बेहतर होता है, और पानी के बाद दुनिया में दूसरा सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला संसाधन है। परिमाण के लिहाज से देखें तो धरती के नीचे से खनन करके निकाली जाने वाली तमाम चीजों में रेत का हिस्सा दो तिहाई से कुछ ज्यादा है और ध्यान देने की बात यह भी है कि रेत एक संसाधन के रूप में असीमित मात्रा में उपलब्ध नहीं है। संयुक्त राष्ट्र संघ की पिछले साल आई रिपोर्ट चेतावनी दे चुकी है कि जल्दी ही दुनिया को रेत के अभाव का सामना करना पड़ सकता है। लोग हर साल 40 बिलियन टन से अधिक रेत और बजरी का उपयोग करते हैं। मांग इतनी ज्यादा है कि दुनिया भर में नदी-तल और समुद्र तट खाली होते जा रहे हैं। कहने को दुनिया में मरु स्थल और समुद्र रेत से भरे हुए हैं। समझना होगा कि रेगिस्तानी रेत आम तौर पर निर्माण-कार्य के लिए उपयोगी नहीं; पानी की बजाय हवा की चोट से आकार ग्रहण करने के कारण रेगिस्तानी रेत इतना ज्यादा गोल होता है कि इसके दो कण आपस में मजबूती से बंध ही नहीं पाते। प्रकृति ने हमें नदी तो दी थी जल के लिए लेकिन समाज ने उसे रेत उगाहने का जरिया बना लिया और रेत निकालने के लिए नदी का रास्ता रेकने या प्रवाह को बदलने से भी परहेज नहीं किया। देश की जीडीपी को गति देने के लिए सीमेंट और लोहे की खपत बढ़ाना नीतिगत निर्णय है। अधिक से अधिक लोगों को पक्के मकान देना या नये स्कूल-अस्पताल का निर्माण होना भले ही आंकड़ों व पोस्टरों में बहुत लुभाता हो लेकिन इसके लिए रेत उगाहना अपने आप में ऐसी पर्यावरणीय त्रासदी का जनक है जिसकी क्षति-पूर्ति संभव नहीं। नदियों की भीतरी सतह में रेत की मौजूदगी असल में उसके प्रवाह को नियंत्रित करने का अवरोधकड्ढ जल को शुद्ध रखने का छन्ना और नदी में कीचड़ रोकने की दीवार भी होती है। तटों तक रेत का बिस्तार नदी को सांस लेने का अंग होता है। नदी केवल बहता जल का माध्यम नहीं होती, उसका अपना पारिस्थितिकी तंत्र होता है जिसके तहत उसमें पलने वाले जीव, उसके तट के सुक्ष्म बैक्टीरिया सहित कई तत्व शामिल होते हैं, और उनके बीच सामंजस्य का कार्य रेत का होता है। नदियों की कोख अवैध और अवैज्ञानिक तरीके से खोदने के चलते यह पूरा तंत्र अस्त-व्यस्त हो रहा है। कानून तो कहता है कि न तो नदी को तीन मीटर से ज्यादा गहरा खोदें और न ही उसके जल के प्रवाह को अवरुद्ध करो, लेकिन लालच के लिए कोई भी इनकी परवाह करता नहीं। स्वीकृत गहराइयों से दुगनी-तिगुनी गहराइयों तक पहुंच कर रेत खनन किया जाता है। जिन चिन्हित क्षेत्रों के लिए रेत खनन पट्टा होता है, उनसे बाहर जाकर भी खनन होता है। बीच नदी में पॉकलैंड़ जैसी मशीन लगाना और नदी का रास्ता रोक देना आम बात है। एक तो इस बात का व्यापक सर्वे जरूरी है कि क्या देश के सभी इलाकों में पक्के मकान जरूरी हैं, या स्थानीय जलवायु, परिवेश, सामग्री की उपलब्धता के आधार पर पारंपरिक मकान आधुनिक तकनीक से बनाए आज सकते हैं। जिला स्तर पर भी व्यापक अध्ययन किया जाए कि प्रत्येक छोटी-बड़ी नदी में सालाना रेत आगम की क्षमता कितनी है, और इसमें से कितनी को बगैर किसी नुकसान के उत्खनित किया जा सकता है। फिर उसी के अनुसार निर्माण कार्य की नीति बनाई जाए। उसी के अनुरूप राज्य सरकारें उस जिले में रेत के ठेके दें।

## एक नजर

### पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**साहिबगंज :** तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल। तालझारी थाना कांड संख्या-08/24,दिनांक 15 जनवरी 24, धारा-414/34 आईपीएस के प्राथमिकी अभियुक्त-कटोरिया उर्फ शत्रुधन सिंह पिता- नरसिंह सिंह ग्राम- छोटी भगियामरी थाना- तालझारी को विधिवत गिरफ्तार कर उपकारा राजमहल भेजा गया।

### राजमहल विस हेतु स्क्रुटनी में सभी अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र स्वीकृत

**साहिबगंज:** विधानसभा चुनाव निर्वाचन- 2024 के परिपेक्ष्य 01 - राजमहल विधानसभा क्षेत्र हेतु दाखिल हुए नामांकन पत्र की जांच निवार्ची पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, राजमहल के कार्यालय प्रकोष्ठ में किया गया। 01- राजमहल विधानसभा क्षेत्र हेतु दिनांक 22.10.2024 से 29.10.2024 तक कुल 14 उम्मीदवारों के द्वारा 35 नामांकन पत्र दाखिल किए। 01 राजमहल निवार्ची पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार के समक्ष सभी नामांकन पत्रों की गहनता पूर्वक जांच की गई। नामांकन पत्रों की जांच में कुल 14 उम्मीदवारों का नामांकन पत्र स्वीकृत किया गया एवं एक भी उम्मीदवारों का नामांकन पत्र अस्वीकृत नहीं किया गया। 14 अभ्यर्थी जिनका नामांकन पत्र स्वीकार किया गया।

### सड़क दुर्घटना में नाबालिग की मौत

**मेदिनीनगर (पलामू) :** जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के साप्ताहिक बाजार में स्थित शराब दुकान के सामने अनियंत्रित छोटा मिलर एक नाबालिग को अपने चपेट में ले लिया जिससे नाबालिग की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई , घटना बुधवार सुबह ग्यारह बजे की है , मृतक की पहचान उंटारी रोड बाजार निवासी रंजित चौरसिया के इकलौते पुत्र 10 वर्षीय आदर्श चौरसिया के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने उंटारी कुटमू मुख्यपथ को जाम कर दिया है , मृतक अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल के पीछे बैठ कर जा रहा था इसी दौरान रफ्तार के कहर अनियंत्रित छोटा मिलर नाबालिक को अपने चपेट में ले लिया जिससे नाबालिग की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि उसके साथी सुरक्षित है , मौके पर पहुंचे भाजपा नेता डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने मृतक के परिजनों से मिलकर उनका ढांढस बंधाया व मुआवजे का मांग किया है , मौके पर रेहला इंस्पेक्टर उंटारी रोड सीओ उंटारी रोड बीडीओ सहित राजनीतिक दल के कई नेता मौजूद हैं।

### अखिल भारतीय भुइयां समाज ने ली बिनोद सिन्हा को समर्थन देने की शपथ

**पांकी (पलामू) :** पांकी विधानसभा क्षेत्र में विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पलामू जिला अध्यक्ष राजू भुइयां के नेतृत्व में अखिल भारतीय भुइयां समाज ने विधायक प्रत्याशी कुशवाहा बिनोद सिन्हा को समर्थन देने की शपथ ली। समाज के सदस्यों ने अपनी एकजुटता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले कई वर्षों से उन्हें केवल राजनीतिक उपयोग का सामना करना पड़ा है, और अब समय आ गया है कि वे अपने अधिकारों की रक्षा करें। समिति ने स्पष्ट किया कि इस बार उनका एकमात्र मिशन कुशवाहा बिनोद सिन्हा को पांकी विधानसभा से विधायक बनाना है। इस कार्यक्रम में पांकी विधानसभा के अखिल भारतीय भुइयां समाज के पदाधिकारियों के साथ साथ सैकड़ो सदस्यों ने भाग लिया।

# भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेकें : बाबुधन मुर्मू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**लिट्टीपाड़ा :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिट्टीपाड़ा विधानसभा प्रत्याशी बाबुधन मुर्मू ने चुनाव 2024 के लिए लिट्टीपाड़ा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर जनसंपर्क अभियान चलाया है। 'जनसंपर्क से जन समर्थन' हासिल करने के लिए इस अभियान के तहत, ने बीजेपी के पक्ष में वोट देने की अपील की है। इस अभियान के दौरान बीजेपी प्रत्याशी बाबूधन मुर्मू ने कहा कि अन्तिम लोगों तक योजना पहुंचना हमारा लक्ष्य है और जन समस्याओं को दूर करने के लिए बीजेपी को वोट दे। उन्होंने क्षेत्र के बगशीशा पंचायत के गोपालपुर, पाडेरकोला सहित दर्जन गांव का दौरा कर ग्रामीणों से लिया आशीर्वाद लिया। ग्रामीणों ने एक स्वर में अबकी बार झारखंड में बीजेपी की सरकार बनाने का संकल्प लिया। बाबुधन कहा हेमंत सरकार ठग बंधन की सरकार है इस सरकार के द्वारा 5 लाख युवाओं को रोजगार देने की बात कही गई थी। लेकिन आज तक रोजगार नहीं दिया गया उसके बाद युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने की बात भी कही गई थी और रघुवर सरकार के द्वारा 1 महिलाओं के नाम से जमीन रजिस्ट्री की जाती थी उसे भी रद्द कर दिया गया और आज कहती है कि महिलाओं का सम्मान करते हैं झारखंड में हेमंत सरकार सबसे भ्रष्ट सरकार है यहाँ स्वास्थ्य, शिक्षा, पानी, बिजली की सुविधा नहीं है। लिटटीपाडा. में झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक 5 दशक से हैं फिर भी यहां की व्यवस्था देखकर ऐसा लगता है कि गाँव में कोई काम नहीं हुआ है आज भी गांव जैसे के तैसा ही है इस बार मौका है उखाड़ फेंकेने की जरूरत है। हेमंत सरकार ठग बंधन की सरकार है इस सरकार के द्वारा 5 लाख युवाओं को रोजगार देने की बात कही गई थी लेकिन आज तक रोजगार नहीं दिया गया उसके बाद युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने की बात भी कही गई थीऔर रघुवर सरकार के द्वारा 1 महिलाओं के नाम से की जाती थी उसे भी रद्द कर दिया गयाऔर आज कहती है कि महिलाओं का सम्मान करते हैं झारखंड में हेमंत सरकार सबसे भ्रष्ट सरकार है यहाँ स्वास्थ्य, शिक्षा, पानी, बिजली की सुविधा नहीं है लिटटीपाडा. में झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक5 दशक से हैं फिर भी यहां की व्यवस्था देखकर ऐसा लगता है कि गाँव में कोई काम नहीं हुआ है। आज भी गांव जैसे के तैसा ही है इस बार मौका है उखाड़ फेंकने की रघुवर सरकार के द्वारा 101 डायल कर शिकायत की जाती थी। लेकिन झारखंड सरकार में इस प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। आम जनता त्रस्त है चारों तरफ भ्रष्टाचार का आलम है रघुवर सरकार के द्वारा समाधान हेतु चलाए गए 181 डायल को बंद कर दिया गया हैऐसे भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेकने की जरूरत है।

## डाल्टनगंज विस में इस बार होगा बदलाव : रूचिर तिवारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** बुधवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह डाल्टनगंज के विधायक उम्मीदवार रुचिर कुमार तिवारी ने बारालोटा बुढ़ीबीर, गुरहा, धावाटाड़, पानेरीबांध, खोहरी, रबदा, चोठाटा, केवाल पर, नैनुआ, खुरा, कोदुवाडीह शहीद दर्जनों गांव में जनसंपर्क अभियान को तेज कर हसवा वाली चुनाव चिन्ह के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। मौके पर तिवारी ने कहा कि युवा लोग इस पर इस बार विशेष रूप से ध्यान दें वह चुने की उनके प्रत्याशी सहज रूप से उनके पास मिलने वाला होना चाहिए जो उनके लिए काम करें जो उनकी रोजगार की बात करें जीतने के बाद काम नहीं तो 5000रु बेरोजगारी भत्ता लोगों को सहयोग दिलवाने की गारंटी करूंगा। वहीं किसानों के खेतों में पानी मिलेगा ग्रामीण सड़क को दुरुस्त किया जाऐगा। जिस प्रकार से पूर्व विधायक एवं वर्तमान जनप्रतिनिधियों ने छलने का काम किया है उसका हिसाब जनता चुकाएगी। सभा को किसान नेता रामराज तिवारी ने कहां की इस बार किस का बेटा रुचिर तिवारी मैदान में है। युवा नेता अभय कुमार भूइंया ने कहा कि दलित गरीब आदिवासियों का इकलौता पार्टी है कम्युनिस्ट पार्टी जिसके सच्चे ईमानदार नेता है रुचिर तिवारी। राज कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह ने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी चुनाव जीतने के बाद शहर से लेकर गांव तक विकास की नई गाथा लिखेगी। जनसंपर्क अभियान में जमालुद्दीन, राहुल कुमार तिवारी, अभिषेक कुमार आर्य रितेश, ज्ञान, आशीष साव सहित कई लोग थे।

## डीसी ने विधानसभा चुनाव को लेकर मंडल कारा साहिबगंज में की औचक छापामारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** विधानसभा चुनाव-को लेकर मंडल कारा साहिबगंज में आज सुबह जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा छापामारी की गई। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा आठ दलों का गठन किया गया। जिनके नेतृत्व में अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनील किस्कू, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद, जिला परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार चौधरी, मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, कार्यपालक दंडाधिकारी सी के दास, सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की, नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, जिरवाबाडी. थाना प्रभारी उपस्थित थे। उपायुक्त के द्वारा जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरा से सभी वार्ड में छापामारी के दौरान अपनी नजर बनाए रखें थें। जांच के दौरान जेल के अंदर किसी भी प्रकार की होने वाली आपराधिक घटनाओं के लिए साजिश और अन्य किसी अवैध गतिविधि, अवैध समाग्रियों को चेक किया गया। वहीं छापामारी में फिलहाल किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध सामग्री या आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। उपायुक्त के द्वारा जेल अधीक्षक चंद्रशेखर सुमन, को जेल परिसर में निगरानी रखने के साथ कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए।

## बरहेट : नामांकन पत्रों की जांच में दो का पर्चा खारिज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** विधानसभा चुनाव निर्वाचन-2024 के परिपेक्ष्य 03-बरहेट( अ.ज.जा.) विधानसभा क्षेत्र हेतु दाखिल हुए नामांकन पत्र की जांच निवार्ची पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता, साहेबगंज के कार्यालय प्रकोष्ठ में किया गया। 03- बरहेट (अ.ज.जा.) विधानसभा क्षेत्र हेतु दिनांक 22.10.2024 से 29.10.2024 तक कुल 11 उम्मीदवारों के द्वारा 24 नामांकन पत्र दाखिल किए। 03 बरहेट (अ.ज.जा.) निवार्ची पदाधिकारी गौतम भगत, 03 बरहेट (अ.ज.जा.) सामान्य प्रेक्षक माजिद खलिल अहमद डाबू एवं व्यय प्रेक्षक अनादि दीक्षित के समक्ष सभी नामांकन पत्रों की गहनता पूर्वक जांच की गई। नामांकन पत्रों की जांच में कुल 09 उम्मीदवारों का नामांकन पत्र स्वीकृत किया गया एवं 02 उम्मीदवारों का नामांकन पत्र अस्वीकृत किया गया। निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन करने वाले अभ्यर्थी अजय कुमार हेंब्रम पिता- लोबिन हेंब्रम, निर्दलीय, उम्मीदवार व अभ्यर्थी सिमोन मालतो पिता- लामका सुंदर पहाड़िया, निर्दलीय का नामांकन पत्र अस्वीकृत किया गया। 09 अभ्यर्थी जिनका नामांकन पत्र स्वीकार किया गया। जहां राजमहल और बोरियों में किसी का नामांकन पर्चा रद्द नहीं हुआ है। 01 राजमहल में 14 और 02 बोरियों में 16 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में है यदि कोई अभिव्यक्ति नाम वापस लेगा तभी इन तीनों विधानसभा चुनाव में अभ्यर्थियों की संख्या कम होगी।

## सामान्य एवं व्यय प्रेक्षक ने की विभिन्न कोषांगों के कार्यों की समीक्षा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** विधानसभा चुनाव 2024 के परिप्रेक्ष्य 03- बरहेट (अ0ज0जा0) सामान्य प्रेक्षक मजीद खलील अहमद ड्राबु (भ0प्र0से0) एवं व्यय प्रेक्षक अनादि दीक्षित (आई आर एस) के अध्यक्षता में नया परिसदन भवन मे बैठक आहूत की गई। बैठक में सामान्य प्रेक्षक मजीद खलील अहमद ड्राबु के द्वारा, निर्वाचन कोषांग, पोस्टल बैलेट कोषांग, समाग्री कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, वाहन कोषांग, स्वीप कोषांग, एमसीसी कोषांग के कार्यों के प्रगति के विषय में क्रमबद्ध रूप में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर निवार्ची पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार चौधरी, कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का एवं अन्य उपस्थित थे।

# कोयल नदी पर तटबंध एवं चेकडैम बनवाकर खेतों तक लायेंगे पानी : अंजू सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** 77-विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी(सपा) उम्मीदवार अंजू सिंह आज कई गांवों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान दौरान उन्हें जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के जनता उनके साथ है। यहां के जनता की आवाज झारखंड विधानसभा में गूंजेगी। यहां की जनता पलायन व बेरोजगारी के मजबूर नहीं होगा। विधायक बनने पर ऊंटारी रोड के कोयल नदी पर तटबंध बनवाकर कटाव को रोकने का कार्य होगा। वहीं चेकडैम बनवाकर क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। इससे किसानों के खेतों हरियाली छायेगी और फसल का उपज बेहतर हो सकेगा। उन्होंने कहा कि कोयल का पानी बहकर दूसरे राज्यों में चली जाती है। सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने से यहां के स्थानीय लोगों को काफी फायदा होगा। इसके अलावा क्षेत्र में सुशिक्षित समाज निर्माण की दिशा में कार्य की जायेगी। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा दिया जायेगा। अंजू सिंह क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। उन्होंने नवगढ़, शेखडीहा, लुंबा, सतबहिनी, रहनबीघा, लहरबंजारी, सेमरी, केवाल पर, लकड़िही, मुरमा कला, दावार पर सहित दर्जनों गांवों का दौरा किया। जनसंपर्क अभियान में अंजू सिंह के साथ प्रभारी रामबचन राम, अध्यक्ष दशरथ बैठा, अशोक बैठा, राहुल शर्मा, पप्पू सिंह, लाल बिहारी रजवार, गौरी शंकर शर्मा, सुरेश चौधरी, प्रमिला देवी, रीना देवी, संदीप मेहता, उपेंद्र गुप्ता, रवि बैठा, उपेंद्र चौधरी, उपेंद्र साव, भोला मेहता सहित सैकड़ों स्थानीय लोग शामिल थे।

### विश्रामपुर विस क्षेत्र से सपा उम्मीदवार अंजू सिंह ने कई गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान

**मेदिनीनगर (पलामू) :** पलामू - 77-विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी( सपा) उम्मीदवार अंजू सिंह कई गांवों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान दौरान उन्हें जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के जनता उनके साथ है। यहां के जनता की आवाज झारखंड विधानसभा में गूंजेगी। यहां की जनता पलायन व बेरोजगारी के मजबूर नहीं होगा। विधायक बनने पर ऊंटारी रोड के कोयल नदी पर तटबंध बनवाकर कटाव को रोकने का कार्य होगा। वहीं चेकडैम बनवाकर क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। इससे किसानों के खेतों हरियाली छायेगी और फसल का उपज बेहतर हो सकेगा। उन्होंने कहा कि कोयल का पानी बहकर दूसरे राज्यों में चली जाती है। सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने से यहां के स्थानीय लोगों को काफी फायदा होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सिविल सर्जन ने राजमहल अस्पताल एवं उधवा में बन रहे स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**साहिबगंज:** बुधवार को सिविल सर्जन साहिबगंज डॉ प्रवीण कुमार संथालिया के द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल का औचक निरक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में ओपीडी में डॉक्टर की उपस्थिति, ओपीडी पंजी, फलेरिया क्लिनिक, डॉट्स क्लिनिक, ए एफ एच सी सेंटर, आईपीडी, प्रसव कक्ष, साफ-सफाई आदि को देखे। सिविल सर्जन साहिबगंज के द्वारा उपस्थित मेडिकल ऑफिसर, पारा मेडिकल कमीर्यों को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने, सभी सूचकांक को सुधारने, डाटा का ससमय प्रविष्टि आदि का निर्देश दिया गया। मौके पर डी एस डॉ उदय टुडू, मेडिकल ऑफिसर, क्लर्क, प्रखंड टीम एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। एस डी एच में निरीक्षण के उपरान्त सीएस एवं उपाधीक्षक के द्वारा उधवा प्रखण्ड हेतु चौकीदाब में बन रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का जायजा लिए।

### दीपावली, काली पूजा व छठ को लेकर शहर में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**साहिबगंज:** विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर देखते हुए दीपावली, काली पूजा, छठ पूजा, शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों ने बुधवार को नगर थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और अर्धसैनिक बल की टुकड़ी ने आम नागरिकों से शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने के लिए अपील की। फ्लैग मार्च की अगुवाई सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने की। फ्लैग मार्च साहिबगंज नगर थाना क्षेत्र से होते हुए चौक बाजार, गुल्ली भट्ठा बम काली होते हुए, रसूलपुर दहला होते हुए एलसी रोड होते हुए कुलीपाड़ा, कॉलेज रोड होते हुए साहिबगंज नगर थाना पहुंचा। फ्लैग मार्च के दौरान एसडीपीओ किशोर तिर्की एवं नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने लोगों को बिना किसी डर भय के साथ पर्व को मनाने को कहा गया। फ्लैग मार्च के दौरान आमजन से यह भी अपील की गई है अगर उपद्रवी व्यक्ति किसी प्रकार से प्रभावित करे तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्ती से कानूनी कार्रवाई की जा सके। शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने के लिए पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों ने फ्लैग मार्च किया है। संवेदनशील इलाकों एवं पूजा पंडालों में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना है, ताकि वे निर्भय होकर अपना पर्व मनाए।

### मिर्जाचौकी रेलवे स्टेशन पर सरदार पटेल की जयंती पर चलाया गया स्वच्छता अभियान



**साहिबगंज:** मंडरो प्रखंड अंतर्गत मिजाचौकी रेलवे स्टेशन पर सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को लेकर स्वच्छता चौपाल के तहत मिजाचौकी रेलवे स्टेशन परिसर के प्लेटफार्म संख्या एक और दो पर स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार वर्मा के द्वारा यात्रियों को जागरूक करने का कार्य किया। इस दौरान मिजाचौकी रेलवे स्टेशन से सफर करने वाले यात्रियों से रेलवे स्टेशन में साफ सफाई सहित अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। यात्रियों से कहा कि स्टेशन परिसर में जो भी कमी आपको दिखाई पड़ती है तो इस रजिस्टर में अपने नाम के साथ उसे कमी या सुविधाओं के बारे में लिख सकते हैं, ताकि जो भी कमी बची हो उन्हें पूर्ण करवाया जा सके। साथ ही यात्रियों को स्टेशन परिसर में साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई। ताकि हमारा रेलवे स्टेशन साफ और स्वच्छ रह सके। मौके पर स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार वर्मा, उप स्टेशन प्रबंधक राजीव कुमार, रोहिन हरिजन, सोमेन सिंह, सिकंदर प्रसाद मंडल सहित रेलवे विभाग के कई कर्मी मौजूद थे।

### सबर परिवार के साथ मनाया दीपावली



**पटमदा:** दीपावली के अवसर पर पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी परम परवरिश संस्था ने शहर से दूर पटमदा के कुमीर गांव के सबर जनजातियों के बीच दीपावली की खुशियां बांटी। संस्था के संस्थापक सौरव सिंह ने बताया की सबर जनजाति आदिवासियों की बहुत पिछड़ी जनजातियों में से एक है और ये गांव शहर से काफी दूर है। यहां संस्था के द्वारा कपड़े, मिठाइयां एवं गांव के प्रत्येक घर को राशन और दीपावली की सजावट का सामान वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीरज कुमार, धनञ्जय शर्मा, शुभम मिश्रा, दीपक मिश्रा, मनीष कुमार, आकृति उपाध्याय उपस्थित रहे।

### दीपावली की पूर्व संध्या पर बाजार गुलजार



**पटमदा:** बोड़ाम में बुधवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट में दिवाली की पूर्व संध्या बाजार गुलजार दिखा। इस दौरान साप्ताहिक हाट में सब्जी बाजार सहित बर्तन दुकान, मिठाई दुकान सहित सभी दुकानों में काफी भीड़ दिखा। दुकानदार डब्लू स्वर्णकार ने बताया कि इस वर्ष दो दिन धनतेरस होने के कारण बजार गुलजार रहा। वही पहाड़पुर निवासी अंगद सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में दिवाली त्योहार का विशेष महत्व है। ग्रामीण क्षेत्र के सभी घरों में दीपावली के समय बंधना त्योहार माकर गोधन को पूजा किया जाता हैं। जो परंपरा से चल रहा हैं।

# हुंडई ने किया स्पोर्ट्स यूटिलिटी कार आयोनिक 9, का टीजर जारी, ग्राहकों में उत्साह

## -कार का मॉडल और डिजाइन समुद्र में चलने वाली नावों से लिया

**सोल।**

हुंडई मोटर्स ने अपनी नई ऑल-इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स यूटिलिटी कार, आयोनिक 9, का फोटो टीजर जारी किया है। इस टीजर में कार के मॉडल और आकर्षक डिजाइन को दिखाया है, जो संभावित ग्राहकों के बीच उत्साह पैदा कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हुंडई ने बताया कि आयोनिक 9 की डिज़ाइन प्रेरणा समुद्र में चलने वाली नावों से लिया गया है। कंपनी का कहना है कि इस इलेक्ट्रिक एसयूवी का बाहरी हिस्सा आकर्षक और अंदरूनी हिस्सा आरामदायक है। आयोनिक 9, हुंडई मोटर की आयोनिक लाइनअप में सबसे बड़ी कार कैटेगरी का हिस्सा है। इस कार के जरिए से हुंडई बड़े इलेक्ट्रिक एसयूवी मॉडल्स के बाजार में अपना कदम और मजबूत करने की योजना बना रही है। हुंडई अगले महीने एक वैश्विक शोकेस कार्यक्रम में आयोनिक 9 के डिज़ाइन और फीचर्स का पूरा अनावरण करने की योजना बना रही है। इससे पहले कंपनी ने अपने वैश्विक कार उत्पादन में 100 मिलियन कारों का उत्पादन करने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि हुंडई के लिए मील का पत्थर साबित होगी, जिसे हासिल करने में उसे 57 साल का समय लगा है।

हुंडई मोटर्स के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि 100 मिलियन वाहनों का वैश्विक उत्पादन मील का पत्थर है। यह सभी ग्राहकों की बदौलत ही संभव हुआ है, जिन्होंने शुरू से ही हुंडई मोटर को चुना और समर्थन किया। कंपनी की शुरुआत 1968 में उल्सान प्लांट में कारों के उत्पादन के साथ हुई थी। यह प्लांट कोरियाई ऑटोमोबाइल उद्योग के विकास का जन्मस्थान माना जाता है और इसे देश के इलेक्ट्रिक कार के हब के रूप में देखा जा रहा है।

हुंडई वर्तमान में इस साइट पर एक समर्पित इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) प्लांट स्थापित कर रही है, जो भविष्य में इलेक्ट्रिक कारों के उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# आरबीआई ने अपनी तिजोरी सोने से भरी, स्वर्ण भंडार में किया 102 टन का इजाफा

**मुंबई।**

आम आदमी की तरह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) भी अपनी तिजोरी को सोने से भर रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल-सितंबर 2024 की अवधि में आरबीआई ने अपने स्वर्ण भंडार में 102 टन का इजाफा किया है। 30 सितंबर 2024 तक स्थानीय तिजोरियों में रखा गया सोना बढ़कर 510.46 टन हो गया, जो 31 मार्च 2024 तक 408 टन था। विदेशी मुद्रा भंडार प्रबंधन पर जारी छमाही रिपोर्ट के मुताबिक चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 32 टन सोने का अतिरिक्त भंडार किया गया, जिससे आरबीआई का कुल सोना भंडार 854.73 टन पर पहुंच गया है। पिछले कुछ सालों में आरबीआई का ध्यान स्वर्ण भंडार को विदेशी भंडार से देश में स्थानांतरित करने पर केंद्रित रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 में ब्रिटेन से 100 टन से ज्यादा सोना घरेलू स्थानों पर लाया गया, जो 1991 के बाद का सबसे बड़ा गोल्ड ट्रांसफर था। 1991 में विदेशी मुद्रा संकट के दौरान भारत को अपने स्वर्ण भंडार का एक बड़ा हिस्सा गिरवी रखना पड़ा था। आरबीआई के मुताबिक 324.01 टन सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के पास रखा, जबकि 20.26 टन सोना स्वर्ण जमा के रूप में है। दुनियाभर में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अस्थिर आर्थिक स्थिति के चलते



केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने के प्रति रुचि बढ़ी है। निवेशकों और केंद्रीय बैंकों के लिए असुरक्षित माहौल में सोना एक सुरक्षित निवेश माना जाता है। ऐसे में भारत भी अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से स्वर्ण भंडार को बढ़ा रहा है, जिससे न केवल विदेशी मुद्रा भंडार सुरक्षित रहे, बल्कि आर्थिक संकट की स्थिति में भी देश के पास मजबूत वित्तीय सुरक्षा कवच हो।

# मारुति का मुनाफा 18फीसदी घटा, छोटी कारों की मांग और बिक्री में कमी से लगा झटका





**नई दिल्ली।** देश कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 3,102.5 करोड़ रुपए का समेकित शुद्ध लाभ कमाया है, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 18.1फीसदी कम है। मुनाफे में गिरावट का कारण मुख्यतः दीर्घकालिक डेट म्यूचुअल फंड पर इंडेक्सेशन लाभ का खत्म होना और इसी तिमाही में कर अदायगी के चलते हुआ है। इसके साथ ही छोटी कारों की घटती मांग और शहरी बाजारों में धीमी बिक्री ने भी मुनाफे को प्रभावित किया है।

मारुति सुजुकी कंपनी के चेयरमैन ने कहा कि इस साल वाहन उद्योग चुनौतियों से जूझ रहा है। पिछले सालों की तुलना में विकास की गति धीमी है, भले ही इस बार सेमीकंडक्टर की कमी या कोविड-19 जैसी परिस्थितियां नहीं हैं। इस तिमाही में कंपनी का आस्थगित कर 1,017.7 करोड़ रुपए था, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह सिर्फ 83 करोड़ रुपए था। उन्होंने कहा कि यह कमी मुख्य रूप से बजट में इंडेक्सेशन लाभ में बदलाव के कारण हुई, जिससे कंपनी को दीर्घकालिक डेट म्यूचुअल फंड के लिए 800 करोड़ रुपए का प्रावधान करना पड़ा।

मारुति सुजुकी का कर पूर्व लाभ 5,140.6 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल से 5.1फीसदी ज्यादा है। हालांकि, कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने ग्रामीण बाजार में मांग को सकारात्मक बताया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मांग बनी हुई है और पहली छमाही में ग्रामीण बाजार में 8फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इसके विपरीत शहरी बाजार में चुनाव और मानसून के कारण बिक्री में करीब 3फीसदी की गिरावट आई। मारुति सुजुकी ने कठिनाइयों के बावजूद बिक्री और लाभ के क्षेत्र में अब तक का सर्वाधिक कारोबार दर्ज किया है और कंपनी भविष्य में अपनी रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करके मांग में स्थिरता लाने का प्रयास करेगी।

# विश्लेषकों ने निफ्टी 50 कंपनियों की आय बढ़ोतरी के अनुमान में की कटौती

## - अब तक निफ्टी की 27 कंपनियों ने अपने तिमाही नतीजे जारी किए

**नई दिल्ली।**

वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में कंपनियों की आय उम्मीद से कम होने पर विश्लेषकों ने निफ्टी 50 कंपनियों की आय बढ़ोतरी के अनुमान में कटौती की है। आम सहमति के आधार पर निफ्टी के प्रति शेयर आय (ईपीएस) वृद्धि का अनुमान 10फीसदी से घटाकर 2.5फीसदी कर दिया है। विश्लेषकों का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025 के आखिर तक निफ्टी 50 की प्रति शेयर आय एक हजार रुपए तक पहुंच सकती है, जो वित्त वर्ष 2024 में 977 रुपए थी।

हालांकि, एक महीने पहले यह अनुमान करीब 1,100 रुपये प्रति शेयर था। वित्त वर्ष 2026 के लिए भी सितंबर तिमाही के नतीजों से पहले प्रति शेयर आय का अनुमान 1,244 रुपए था, जिसे घटाकर अब 1,143 रुपए कर दिया है। अब तक निफ्टी की 27 कंपनियों ने अपने तिमाही नतीजे जारी किए हैं, जिनमें से 14 कंपनियों की आय एवं मुनाफा अनुमान से कम हुआ है। विश्लेषकों ने बताया कि कमजोर तिमाही नतीजों और खपत आधारित क्षेत्रों में प्रबंधन के नरम संकेतों के चलते निफ्टी 50 कंपनियों के आय अनुमान में कटौती की गई है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि निफ्टी 50 की कंपनियों का मुनाफा वित्त वर्ष 2025 में पांच फीसदी और वित्त वर्ष 2026 में 17फीसदी की दर से बढ़ सकता है। निफ्टी 50 इंडेक्स में इस महीने पांच फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है और इसका असर कंपनियों के मूल्यांकन पर भी देखने को मिल सकता है। पिछले कुछ तिमाहियों में यूटिलिटी, औद्योगिक, फार्मा और दूरसंचार कंपनियों के ईपीएस में इजाफा हुआ था, जबकि वाहन, एफएमसीजी और आईटी क्षेत्र की कंपनियों के आय अनुमानों में कमी की गई है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि हाल की कमजोर तिमाही नतीजे और खपत क्षेत्रों में प्रबंधन के धीमे संकेत गिरावट का कारण बन रहे हैं। मौजूदा आर्थिक परिदृश्य में निफ्टी 50 की कमजोर प्रदर्शन की इस गिरावट से निवेशकों में चिंता का माहौल है।

# त्यौहारी मांग का रहा असर, भारत में क्रेडिट कार्ड खर्च में 25 फीसदी की हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।**

सितंबर 2024 में भारत में क्रेडिट कार्ड खर्च में साल-दर-साल 25 फीसदी की बढ़ोतरी हो रही है, जो पिछले छह महीनों में सबसे ज्यादा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक सितंबर में कुल खर्च 1.76 ट्रिलियन रुपए पहुंच गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 1.42 ट्रिलियन रुपए था। अगस्त 2024 में खर्च 1.68 ट्रिलियन रुपए रहा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस वृद्धि का श्रेय त्यौहारी मांग और अनुकूल आधार प्रभाव को दिया जा सकता है। केयरएज रेटिंग्स के बीएफएसआई रिसर्च प्रमुख ने बताया कि क्रेडिट कार्ड खर्च में बढ़ोतरी पिछले साल और त्यौहारी सीजन के कम आधार के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर में त्यौहारी सीजन और संबंधित प्रचार गतिविधियों के कारण खर्च में और बढ़ोतरी हो सकती है। विशेषज्ञों ने इस बढ़ोतरी को सकारात्मक बताते हुए कहा कि त्यौहारी सीजन की शुरुआत ने खर्च में तेजी लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने अनुमान लगाया है कि वित्तीय वर्ष के दौरान उद्योग का खर्च 100 फीसदी तक बढ़ सकता है और आगामी महीनों में रुझान समग्र प्रक्षेपवक्र का आकलन करने के लिए महत्वपूर्ण होंगे। आरबीआई गवर्नर ने हाल ही में कहा था कि त्यौहारी सीजन की मांग भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए मिश्रित संकेत पेश करती है। उन्होंने बताया कि सकारात्मकता नकारात्मकता से ज्यादा है और भारतीय अर्थव्यवस्था यथोचित रूप से अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हालांकि कुछ निजी बैंकों ने जुलाई से सितंबर तक की अवधि में क्रेडिट कार्ड और माइक्रोफाइनेंस खंडों में तनाव बढ़ने की सूचना दी है। एक्सिस बैंक के ग्रुप एग्जीक्यूटिव अर्जुन चौधरी ने कहा कि कुछ सेगमेंट तनाव और कर्ज के शुरुआती संकेत दिखा रहे हैं। इस बीच सबसे बड़े क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता एचडीएफसी बैंक का खर्च 35 फीसदी बढ़कर 52,226.59 करोड़ रुपए हो गया, जबकि एसबीआई कार्ड्स का लेनदेन 11 फीसदी बढ़कर 27,714.7 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक का कार्ड खर्च 24 फीसदी बढ़कर 31,457 करोड़ रुपए हुआ, और एक्सिस बैंक का खर्च 15.1 फीसदी बढ़कर 18,721.9 करोड़ रुपए हो गया। हालांकि, सितंबर में खर्च में वृद्धि होने के बावजूद, कार्डों की संख्या में वृद्धि धीमी बनी रही। सितंबर में बकाया





क्रेडिट कार्डों की संख्या साल-दर-साल 14 फीसदी बढ़कर 106.11 मिलियन हो गई। प्रचलन में कार्डों की वृद्धि धीरे-धीरे धीमी हो गई है, जो कि जनवरी 2024 में करीब 20 फीसदी वार्षिक से घटकर सितंबर 2024 में 14 फीसदी हो गई है। यह वृद्धि भारत की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने और त्यौहारी मांग को उजागर करने में सहायक साबित हो सकती है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि कर्ज के बढ़ते तनाव के बीच सतर्कता बनाए रखना जरुरी है।



## पिछले 5 माह में 24207 करोड रुपए के स्मार्टफोन का भारत से निर्यात

**नई दिल्ली।** 1 अप्रैल 2024 से सितंबर माह के 6 महीने में भारत से 24207 करोड रुपए के स्मार्टफोन निर्यात हुए हैं। अमेरिका के व्यापार मंत्रालय के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 24207 करोड रुपए के स्मार्टफोन भारत से आयात किए गए हैं। इसमें सबसे ज्यादा हिस्सेदारी एप्पल के आईफोन की रही है। अमेरिका की कंपनी ऐपल ने पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत से 84091 करोड रुपए का निर्यात किया था। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ रहे तनाव का असर एप्पल कंपनी में देखने को मिल रहा है। एप्पल ने चीन से अपनी निर्भरता घटा दी है। एप्पल की निर्भरता भारत के ऊपर बढ़ रही है। भारत सरकार द्वारा एप्पल को सरकारी सब्सिडी दी जा रही है। जिसके कारण एप्पल ने अपना उत्पादन भारत में बढ़ा दिया है।

## स्मार्टफोन और बेहतर इंटरनेट कवरेज.............. भारतीय गेमिंग मार्केट को दे रहा बूस्ट

**2029 तक बढ़कर 9.8 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच सकता**

**मुंबई ।** भारत का गेमिंग मार्केट वित्त वर्ष 2029 तक बढ़कर 9.8 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच सकता है, जो कि वित्त वर्ष 2024 में 3.7 अरब डॉलर था। मार्केट के 20 प्रतिशत के सीएजीआर (संयुक्त वार्षिक वृद्धि दर) से बढ़ने की उम्मीद जाहिर की गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि मिडकोर और हार्डकोर गेमिंग सेगमेंट में विशेष बढ़त देखने को मिलेगी, जिसकी विकास दर अगले पांच वर्षों में 47 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। इस सेगमेंट का मार्केट शेयर वित्त वर्ष 2029 में 42 प्रतिशत रहने की संभावना है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत ने वैश्विक गेमिंग परिदृश्य में अपनी स्थिति मजबूत की है। बदलती परिस्थितियों के कारण आउटलुक सकारात्मक बना हुआ है। रिपोर्ट में बताया गया कि उद्योग के विस्तार की संभावना पर विचार करने के लिए पक्षकारों को प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि वे इस बढ़ते बाजार से जुड़कर लाभ उठा सकें। स्मार्टफोन की बढ़ती पहुंच और इंटरनेट कवरेज में वृद्धि गेमिंग सेक्टर के लिए लाभदायक साबित हुई हैं। वर्तमान में भारत में 950 मिलियन सक्रिय इंटरनेट उपयोगकर्ता और 820 मिलियन से अधिक स्मार्टफोन उपयोगकर्ता हैं, जिसमें से करीब 560 मिलियन लोग गेमर्स हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि इंस्टीट्यूशनल पहलों जैसे एवीजीसी टास्क फोर्स और ईस्पोर्ट्स को आधिकारिक स्पोर्ट्स कैटेगरी में मान्यता देना, सरकार की गेमिंग के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नाजारा टेक्नोलॉजीज जैसी कंपनियों का समर्थन और निवेश भी उद्योग की वैल्यू चेन को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस प्रकार, भारतीय गेमिंग बाजार का भविष्य काफी उज्जवल नजर आता है, और यह आने वाले वर्षों में और अधिक विकसित होने की उम्मीद है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले मिले-जुले संकेतों के बीच ही बिकवाली हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान दिन भर बाजार उतार-चढ़ाव बना रहा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 426.85 अंक करीब 0.53 फीसदी नीचे आकर 79,942.18 पर बंद हुआ वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 125.99 अंक तकरीबन 0.51 फीसदी टूटकर 24,340.85 पर बंद हुआ।

निफ्टी के 50 में से 31 शेयरों में गिरावट दर्ज की गयी। इसमें सिप्ला, श्रीराम फाइनेंस, इंफोसिस, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस और ट्रेंट के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। इन शेयरों में 4.03 फीसदी तक गिरावट रही। वहीं दूसरी ओर, अदाणी एंटरप्राइजेज, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, हीरो मोटोकॉर्प, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज और मारुति सुजुकी इंडिया के शेयर बढ़त पर बंद हुए। इसमें 3.74 फीसदी तक की बढ़त दर्ज की गई।

स्मॉल-कैप शेयरों का प्रदर्शन अच्छा रहा। निफ्टी स्मॉलकैप 200 इंडेक्स 1.05 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 0.16 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो एफएमसीजी, मीडिया, मेटल और कुछ हेल्थकेयर इंडेक्स को छोड़कर बाकी सभी क्षेत्रों में गिरावट देखी गई।

जानकारों के अनुसार निफ्टी बुधवार को पूरे दिन उतार-चढ़ाव भरा रहा और 24,300 से 24,500 के दायरे में कारोबार करता रहा। शुरुआती गिरावट के बाद निफ्टी एक सीमित दायरे में रहा और निचले स्तर के करीब बंद हुआ। एफएमसीजी को छोड़कर अन्य सेक्टर्स में गिरावट देखी गई, जिसमें बैंकिंग, फार्मा और आईटी में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। हालांकि, स्मॉल-कैप इंडेक्स ने एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त दर्ज की।÷

इससे पहले आज सुबह ही बाजार गिरावट के साथ खुला। बाजार खुलने पर बीएसई सेंसेक्स 153.59 अंक करीब 0.19 फीसदी नीचे आकर 80,215.44 पर करोबार कर रहा थ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 50 70.65 अंक तकरीबन 0.29 फीसदी टूटकर 24,396.20 पर कारोबार करता दिखा।

आज सुबह गिफ्ट निफ्टी फ्यूचर्स 42.2 अंक नीचे आकर 24,435.5 पर कारोबार करता दिखा। वहीं अमेरिकी बाजार में गत





दिवस मिश्रित कारोबार हुआ। नेसडेक कंपोजिट 0.78 फीसदी की तेजी के साथ नये शीर्ष स्तर पर पहुंचा। एसएंडपी 500 में 0.16 फीयदी की बढ़त रही जबकि डाओं जोंस 0.36 फीसदी गिरावट पर बंद हुआ। इस दौरान अमेरिकी बाजारों का प्रभाव भी एशिया-प्रशांत के बाजारों में नजर आया। जापान का निकेई 0.92 फीसदी बढ़ा जबकि चीन का सीएसआई 300 इंडेक्स 1 फीसदी नीचे और शंघाई कंपोजिट हल्की गिरावट के साथ स्थिर रहा। वहीं पिछले सत्र में भारतीय बाजारों में तेजी आई थी। बीएसई सेंसेक्स 363.99 अंकों 0.45 फीसदी की बढ़त के साथ ही 80,369.03 पर बंद हुआ जबकि एनएसई निफ्टी में 127.70 अंकों 0.52 फीसदी की बढ़त आई और यह 24,466.85 पर बंद हुआ।

## कैंपा कोला ने दी कोका कोला को टक्कर, कंपनी को करनी पड़ रही कीमतें कम

**-कोका-कोला कीमत घटाने और नई पैकेजिंग के साथ बाजार में होगी उपलब्ध**

**नई दिल्ली।** कोका-कोला अब सस्ती हो जाएगी। कंपनी को बाजार में मिल रही टक्कर से उसने कीमतों में कटौती का प्लान बनाया है। कंपनी अपनी 400 मिलीलीटर पीईटी बोतल की कीमत 25 रुपए से घटाकर 20 रुपए करने की योजना है। यह कदम बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण लिया गया है, खासकर तब जब रिलायंस इंडस्ट्रीज के स्वामित्व वाले कैंपा कोला ने कम कीमत पर अपने उत्पाद लॉन्च किए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण भारत के तमिलनाडु, कर्नाटक, और केरल के बाजारों में यह नई कीमतें अगले सप्ताह से लागू होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक कोका-कोला ने इस कीमत घटाने के साथ-साथ अपने प्रोडक्ट की नई पैकेजिंग का फैसला लिया है। वर्तमान 400 मिलीलीटर की बोतलों की कीमत घटाने के बजाय, कंपनी 250 एमएल + 150 एमएल फ्री वाली नई पैकेजिंग बाजार में लॉन्च करेगी, जिसकी अधिकतम खुदरा कीमत 20 रुपए होगी। इस कदम का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर मूल्य प्रदान करना और कैंपा कोला के 500 मिलीलीटर के बोतल से प्रतिस्पर्धा करना है, जो वर्तमान में 20 रुपए में उपलब्ध है। रिपोर्ट के मुताबिक कैंपा कोला ने अपनी कीमतों को कम ही रखा है, जिससे कोका-कोला जैसी वैश्विक कंपनी को कीमतें कम करने पर मजबूर होना पड़ा है। कैंपा कोला की 2 लीटर की बोतलें भी कोका-कोला की तुलना में 20 रुपए सस्ती हैं, जिससे उपभोक्ताओं के लिए यह आकर्षक है। हालांकि इस फैसले से कोका-कोला के डिस्ट्रीब्यूटर चिंतित हैं, क्योंकि उनके पास 250 मिलीलीटर की पुरानी बोतलों का बड़ा स्टॉक है, जिनकी कीमत भी 20 रुपए है। कंपनी को उम्मीद है कि कीमत कम करने से उत्पाद की मांग में बढ़ेगी और यह कैंपा कोला के प्रभाव को कम करने में मददगार साबित होगी।





# इलेक्ट्रिक स्टार्टअप रैपटी . एचवी की इलेक्ट्रिक बाइक लांच..........शुरुआती कीमत 2.39 लाख

**चैन्नई ।**

इलेक्ट्रिक स्टार्टअप रैपटी॰एचवी हक ने बुधवार को अपने पहले हाई-वोल्टेज इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल को भारतीय बाजार में लांच किया है। इस बाइक का डिज़ाइन आधुनिक तकनीक पर आधारित है, जो दुनिया भर में इलेक्ट्रिक कारों में उपयोग होती है। कंपनी का दावा है कि यह बाइक 250-300 सीसी की आईसीई (पेट्रोल) बाइक के साथ प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम है। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी के राइडर्स के लिए एक शक्तिशाली और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प प्रदान करना है। रैपटी॰एचवी हक ने बाइक की शुरुआती कीमत 2.39 लाख (एक्स-शोरूम) रखी है। ग्राहक इस बाइक को चार रंगों व्हाइट, रेड, ग्रे और ब्लैक में खरीद सकते हैं। सभी कलर वेरिएंट की कीमत समान है। आधिकारिक बुकिंग अब शुरू हो गई है, जो ग्राहक कंपनी की वेबसाइट के माध्यम से 1,000 में कर सकते हैं। बाइक की डिलीवरी जनवरी 2025 से शुरू होगी, पहले बेंगलुरु और चेन्नई में, और इसके बाद 10 अन्य शहरों में लांच होगी। यह बाइक देश का पहला ऐसा मॉडल है जो यूनिवर्सल चार्जिंग सिस्टम के साथ आती है, जिसका उपयोग इलेक्ट्रिक कारों में होता है। इसमें ऑनबोर्ड चार्जर है, जो सीसीएस2 चार्जिंग स्टेशनों पर भी काम करता है। कंपनी का कहना है कि वर्तमान में इनकी संख्या 13,500 यूनिट है, जो भविष्य में दोगुनी होने की संभावना है। रैपटी॰एचवी टी 30 का डिज़ाइन स्पोर्ट्स बाइक जैसा है, जिसमें स्टाइलिश एलईडी हेडलाइट्स और टचस्क्रीन डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिए गए हैं। यह स्पीड, बैटरी हेल्थ, टाइम, स्टैंड, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी और जीपीएस नेविगेशन जैसी जानकारियों को दिखाता है। इसमें 5.4 किलोवॉट प्रतिघंटा की 240 वोल्ट बैटरी है, जो सिंगल चार्ज में 200 किमी की आईडीसी सर्टिफाइड रेंज देती है। वास्तविक दुनिया में, यह बाइक 150 किमी की रेंज देने में सक्षम है। इसके इलेक्ट्रिक मोटर से 22किलोवॉट की पीक पावर मिलती है, जो 30 बीएचपी और 70 न्यूटन मीटर के टॉर्क के बराबर है। रैपटी॰एचवी केवल 3.6 सेकंड में 0 से 60 किमी/घंटा की रफ्तार पकड़ सकती है। इसमें तीन राइडिंग मोड्स-कम्फर्ट, पावर और स्प्रिंट-भी शामिल हैं। बैटरी को 40 मिनट में 20 से 80 प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकता है। इस बाइक को मजबूत फ्रेम पर तैयार किया गया है, जिसमें डुअल-चैनल एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस) और आईपी 67 रेटेड बैटरी पैक है। रैपटी॰एचवी की स्थापना 2019 में दिनेश अर्जुन ने की थी, जो पहले टेस्ला के साथ काम कर चुके हैं।

## हायाबुश को रिकॉल कर रही सुजुकी..................

**-.फ्रंट ब्रेक में लीवर प्ले में आई समस्या**

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में सुजुकी के दोपहिया वाहनों की मांग बनी हुई है, लेकिन हाल ही में कंपनी ने अपनी लोकप्रिय सुपरबाइक, हायाबूशा, को रिकॉल करने का निर्णय लिया है। बताया जा रहा हैं कि बाइक में एक गंभीर समस्या की जानकारी मिलने के बाद बाइक को वापस बुलाया गया है। विशेष जानकारी के मुताबिक, जिन हायाबुश यूनिट्स को रिकॉल किया गया है, वे मार्च 2021 से सितंबर 2024 के बीच बनी हैं। यह बाइक भारत में 2021 से उपलब्ध है, और इस बार कंपनी ने 1056 यूनिट्स को वापस बुलाने का फैसला किया है। समस्या फ्रंट ब्रेक में लीवर प्ले से जुड़ी है। ब्रेक लीवर में प्ले बढ़ने के कारण ब्रेक लगाने में समय लगाता है, जो कि सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है। कंपनी ने ग्राहकों को इस रिकॉल के बारे में बताने के लिए ई-मेल, एसएमएस और फोन के माध्यम से संपर्क किया है। जो ग्राहक अभी तक इस सूचना से अवगत नहीं हो पाए हैं, वे सुजुकी की वेबसाइट, शोरूम या निकटतम सर्विस सेंटर पर जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिन यूनिट्स को रिकॉल किया गया है, उन्हें बिना किसी अतिरिक्त चार्ज के ठीक किया जाएगा। कंपनी ने इस प्रक्रिया को सुचारु बनाने के लिए ग्राहकों को सूचित करने की योजना बनाई है। ग्राहक अपनी बाइक को सर्विस सेंटर लेकर जाकर चेकिंग करवाने के लिए स्वतंत्र हैं। अगर किसी बाइक में कोई खराबी पाई जाती है, तब मुफ्त में ठीक किया जाएगा।

# नालंदा में कारोबारी के घर 38 लाख की डकैती

## धनतेरस पर दुकान पर था परिवार, बहू-बेटी को बंधक बनाया, 12 नकाबपोश बदमाशों ने की वारदात





**नालंदा।** में मंगलवार रात एक आभूषण कारोबारी कृष्ण ठठेरा के घर से 38 लाख की डकैती हो गई। जानकारी के मुताबिक, करीब 12 की संख्या में आए बदमाशों ने कारोबारी की बहू से मारपीट की और मुंह में कपड़ा डाल उसके हाथ-पैर बांध दिए। फिर घर से 35 लाख के गहने और 3 लाख रुपए कैश लेकर फरार हो गए। दरअसल, आभूषण कारोबारी कृष्ण ठठेरा की योगीपुर बाजार के पास ज्वेलरी और बर्तन की दुकान है। पीड़ित परिवार के मुताबिक, वारदात से ठीक 15 मिनट पहले (8.45 बजे) कारोबारी का बेटा रॉकी कुमार अपनी मां के साथ बिक्री का पैसा लेकर घर आया था। घर में पैसे रखने के बाद दोनों दोबारा दुकान लौट गए। इसके बाद रात करीब 9 बजे बदमाश घर में घूसे और घर के सदस्यों से चाबी मांगी। इस दौरान बदमाशों ने घर के लोगों के साथ मारपीट की और करीब एक घंटे तक घर में लूटपाट मचाया।

वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। घटना हिलसा थाना क्षेत्र के योगीपुर गांव की है।कृष्ण ठठेरा की बेटी सेजल ने बताया, 'मैं खाना बनाकर अपने कमरे में जा ही रही थी कि पीछे से नकाब पहने डकैत घर में घुस गए। सभी के पास हथियार थे। ये सब देखकर मैं सहम गई। एक ने कहा कि रुपए कहां है लाओ, नहीं तो गोली मार देंगे। इसी दौरान केन में रखे पैसे उन लोगों को मिल गए। मुझे और मेरी भाभी को कमरे में बंद कर दिया। मारपीट भी की। भाभी ने जो गहने पहने थे उसे भी लूट लिया। सभी डकैतों ने करीब एक घंटे तक उत्पात मचाया।'कृष्ण ठठेरा के बेटे रॉकी कुमार ने बताया, 'दुकान में जो सामान बिका था। उसके पैसे घर पर ही रखे हुए थे। मां के गहने, मेरी पत्नी के गहने और बहन के गहने घर के अलमीरा में थे। जिसे नकाबपोश डकैतों ने लूट लिया। लूटपाट के बाद जब डकैत वापस चले गए। तब मेरी पत्नी और बहन ने खिड़की से मदद की गुहार लगाई।इसी बीच एक व्यक्ति ने दुकान पर आकर सूचना दी। जब हम लोग घर पहुंचे तो देखा कि घर में सारा सामान इधर-उधर बिखरा है। पत्नी-बहन को एक कमरे में बंद कर दिया गया है। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई।पीड़ित परिवार के मुताबिक, हालांकि घटनास्थल से थोड़ी दूर पर मोबाइल पुलिस ने बरामद कर लिया। जिस स्थान पर डकैती हुई वहां आसपास कोई मकान नहीं है। पिछले साल ही आभूषण कारोबारी ने योगीपुर रोड में अपना नया घर बनाया था। इसी साल अप्रैल महीने में रॉकी की शादी हुई थी। जिसके जेवरात भी घर में रखे हुए थे।हिलसा डीएसपी सुमित कुमार ने बताया, 'घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। ऋछ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। सभी तकनीकी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। जल्द ही पुलिस इस मामले का खुलासा कर लेगी।'

# पशुपति पारस को पटना हाईकोर्ट की राहत



**पटना।** पशुपति पारस की पार्टी कार्यालय का मामला पटना हाईकोर्ट पहुंच गया है। पटना हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (पशुपति पारस) को थोड़ी राहत दी है। पशुपति पारस का कार्यालय खाली नहीं कराया जाएगा। बिहार सरकार को जबरन आवास खाली कराने पर रोक लगाई है। उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी को दो सप्ताह की मोहलत दी है। 15 दिन तक जबरन खाली नहीं कराया जाएगा

पटना हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए 15 दिनों का समय दिया है। आवास 1 व्हीलर रोड की सुनवाई जस्टिस मोहित कुमार शाह की सिंगल बेंच में हुई। पार्टी की ओर से प्रदेश उपाध्यक्ष अंबिका प्रसाद की याचिका दायर की गई थी। कोर्ट ने पार्टी को आवास आवंटन के लिए आवेदन देने की छूट दी है। कोर्ट ने कहा है कि आवास आवंटन के लिए दिए गए आवेदन पर कानून के तहत 2 सप्ताह के भीतर कार्रवाई किया जाए। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता वाई वी गिरी ने कोर्ट को बताया कि भवन निर्माण विभाग ने 13 जून को वन व्हीलर रोड पीर अली खान मार्ग स्थित आवास का आवंटन रद्द कर दिया है। पार्टी की ओर से कोर्ट में यह भी बताया गया कि भवन निर्माण विभाग ने यह आवास लोक जनशक्ति पार्टी को 2005 को 2 साल के लिए आवंटन किया गया था। महाधिवक्ता बोलें- अर्जी दायर करने का कोई अधिकार नहीं वहीं भवन निर्माण विभाग की ओर से बताया गया कि आवास आवंटन का रिनुअल 2 साल पर होना होता है। इस दौरान पार्टी की ओर से कोई आवेदन नहीं आया। लिहाजा भवन निर्माण विभाग ने आवंटन रद्द कर दिया।

## शहर के व्यस्त इलाके में टूटे पोल से बिजली आपूर्ति



**समस्तीपुर।** शहर का अति व्यस्त मारवाड़ी बाजार में बिजली विभाग की लापरवाही के कारण बड़ा हादसा हो सकता है। इस बाजार में टूटे हुए पुराने लोहे के बिजली पोल से बिजली की आपूर्ति की जा रही है, जबकि स्थानीय दुकानदारों ने इस पोल को हटाने के लिए कई बार लिखित रूप से भी आवेदन दिया है। करंट न लगे इसलिए लोहे के पोल पर प्लास्टिक बांध दिया गया है।स्थानीय दुकानदार श्याम कुमार का कहना है कि यह पोल वर्षों पुराना है। पिछले तीन माह के लगातार प्रयास के बाद इसके स्थान पर एक दूसरा पोल अवश्य लगा दिया गया है लेकिन इस टूटे हुए लोहे के पोल को हटाया नहीं गया है, जबकि इस पोल के जरिए दो ट्रांसफार्मर का तार यहां से गुजारा जाता है। पर्व का समय है बाजार में हमेशा भीड़ लगी रहती है। अगर यह पोल गिर गया तो यहां पर बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय दुकानदार व भाजपा नेता राकेश राज ने कहा कि लगातार शिकायत की गई है उसके बाद पोल तो अवश्य बदल दिया गया, लेकिन इस टूटे हुए पोल को नहीं हटाया गया है। यह बहुत बड़ी लापरवाही है। अगर विभाग जल्द इस पोल को नहीं हटाता है तो इसकी शिकायत बड़े अधिकारियों से भी की जाएगी।

## संक्षिप्त डायरी

### 11 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ उतरेगी महिला बिग्रेड



**नालंदा।** में टीम की कमान अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे को सौंपी गई है, जबकि स्टार फॉरवर्ड नवनीत कौर उपकप्तान की भूमिका निभाएंगी। बिहार के ऐतिहासिक राजगीर हॉकी स्टेडियम में 11 से 20 नवंबर तक होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत अपने खिताब का बचाव करने उतरेगा।टीम की घोषणा करते हुए चयन समिति ने 18 सदस्यीय मजबूत टीम का चयन किया है, जिसमें अनुभव और युवा जोश का बेहतरीन संगम देखने को मिलेगा। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि चोट से उबरने के बाद सुशीला और ब्यूटी डुंगडुंग की टीम में वापसी हुई है, जो भारतीय आक्रमण को और अधिक धार प्रदान करेगी।टूनामेंट में भारत को कड़ी चुनौतियों का सामना करना होगा। मौजूदा ओलिंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड जैसी मजबूत टीमें इस प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। भारत अपने अभियान की शुरूआत 11 नवंबर को मलेशिया के विरुद्ध करेगा।टीम की संरचना पर नजर डाले तो मध्य पंक्ति में सलीमा टेटे के साथ नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो और लालरेम्सियामी जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी मौजूद हैं। अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर, संगीता कुमारी, दीपिका, प्रीति दुबे और ब्यूटी डुंगडुंग टीम की आक्रामक रणनीति को मजबूती प्रदान करेंगी।पूरी टीम इस प्रकार हैगोलकीपरः सविता, बिचू देवी खारीबामडिफेंडरः उदिता, ज्योति, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुशीला चानू पुखरामबम, इशिका चौधरीमिडफील्डरः नेहा, सलीमा टेटे (कप्तान), शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, लालरेम्सियामीफॉरवडः नवनीत कौर(उपकप्तान), प्रीति दुबे, संगीता कुमारी, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग यह टूनामेंट भारतीय हॉकी के लिए विशेष महत्त्व रखता है, क्योंकि पिछले कुछ समय से टीम के प्रदर्शन में आई गिरावट के बाद यह एक नई शुरूआत का अवसर है। पिछले साल रांची में जीते गए खिताब की रक्षा करते हुए टीम एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित करने के लिए तैयार है।

### मैं बिना पढ़े IPS बन गया,पैसे दो जॉब लगवा दूंगा



**जमुई।** फर्जी IPS मिथिलेश मांझी पर फिर फर्जी IPS बनकर रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 12 लड़कों से ठगी का आरोप लगा है। मिथिलेश ने युवकों को जमुई स्टेशन घुमाया और रेलवे गार्ड को दिखाकर बताया कि यही नौकरी मिलेगी। लाल और हरे रंग की झंडी दी और कहा- सबकी नौकरी पक्की है। ठगी के शिकार लोगों का कहना है कि जब हमने कहा कि हम पढ़े लिखे नहीं है तो हमारी जॉब कैसे लगेगी। इस पर मिथिलेश ने उनसे कहा था कि मैं भी तो पढ़ा-लिखा नहीं हूं, लेकिन IPS बना गया ना। आरोप है कि मिथिलेश मांझी ने ये ठगी अपने फूफा सोखो मांझी के साथ मिलकर की है। बताया जा रहा है कि ठगी का ये मामला मिथिलेश के फर्जी IPS बनकर घुमने के दौरान पकड़े जाने से पहले का है।ठगी के शिकार विमल मांझी ने बताया है कि 'मिथिलेश मेरे पास आया। उसने नौकरी के बदले मुझसे 15 हजार लिए। उसके बाद फिर 13 हजार लिए। कहा कि सारे कागज पटना से बन रहे हैं। मिथिलेश मुझे जमुई स्टेशन भी ले गया और कहा कि यहां नौकरी लगेगी। उसने मुझसे धीरे-धीरे करके 90 हजार रुपए नौकरी लगाने के नाम पर ले लिए। पुलिस ने जब उसे पकड़ा तो हमें सच्चाई पता चली।' वहीं जय राम कुमार ने बताया कि 'मिथिलेश के फूफा सोखो ने मुझसे कहा था कि रेलवे में नौकरी लग जाएगी। सोखो ने बताया कि मिथिलेश अब एसपी बन गया है। इन दोनों ने नौकरी के बदले 1.50 लाख रुपए की मांग की थी। मैंने 12 हजार रुपए दिए थे।'जबकि, लालजीत मांझी ने बताया कि 'मिथिलेश मांझी ने मुझसे 1 लाख 5 हजार रुपए लिए। उसने कहा कि रेलवे में नौकरी दिलवा दूंगा। सोखो मांझी ने मिथिलेश से मिलवाया था। सोखो कहता था कि मेरी नौकरी लग गई है, तुम्हारी नौकरी भी लग जाएगी। मिथिलेश तो यहां से भाग गया। मिथिलेश के घर जाने पर उसकी मां नया नया डेट देती थी। इसके बाद हम लोगों ने पुलिस से मदद ली है।' पुलिस के पास पहुंचे पीड़ित ठगी का शिकार युवकों ने 10 अक्टूबर को सिकंदरा थाना में आवेदन दिया है, लेकिन सिकंदरा पुलिस ने उन युवकों को लखीसराय जिला के हलसी थाना में मामले दर्ज कराने को कहा। ठगी के शिकार युवकों का गांव हलसी थाना इलाके के गेरुआ में है।दरअसल, जमुई की सिकंदरा पुलिस ने 20 सितंबर को फर्जी आईपीएस लखीसराय निवासी मिथिलेश कुमार बाइक से घुमते हुए पकड़ा था। मिथिलेश ने पुलिस को बताया था कि 2.30 लाख रुपए देकर खैरा निवासी मनोज सिंह ने उसे आईपीएस की वर्दी और पिस्टल दी थी। पुलिस जांच में मिथिलेश की सारी बातें झूठी निकली। उसने आईपीएस बनने के लिए किसी को पैसे नहीं दिए थे। उसने वर्दी खुद ही सिलाई थी।

## बीच सड़क पर पिटाई का वीडियो वायरल



**सहरसा।** बीच सड़क पर पिटाई का वीडियो वायरल में मंगलवार को दो बाइक के बीच टक्कर हो गई। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। ये सड़क पर मारपीट करने लगे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दोनों जख्मी स्वास्थ्य केंद्र में इलाजरत है। मामला सलखुआ थाना इलाके के बाजार का है। दोनों घायलों ने लिखित शिकायत स्थानीय सलखुआ पुलिस को दी है। सलखुआ थाना क्षेत्र के बहुरवा निवासी धर्मेंद्र सिंह ने सलखुआ थाने को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। इसमें इन्होंने बताया है कि 29 अक्टूबर को बाजार से शाम में खरीदारी कर घर वापस लौट रहे थे। इसी बीच सलखुआ गांव के ही रहने वाले युवक गुड्डू कुमार और हिमांशु कुमार ने बाइक में धक्के के बाद मारपीट शुरू कर दी।ठोकर मारने का विरोध करने पर दोनों पक्ष के बीच बहस होने लगी। रॉड और लाठी से 6 लोगों ने बुरी तरह से मारपीट शुरू कर दी। इससे धर्मेंद्र सिंह लहूलुहान हो गए। दूसरे घायल का नाम संतोष कुमार मुरारी है। ये सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल अस्पताल में डीईओ के पद पर कार्यरत है।

## पटना में अखबार में काम करते थे 'पंचायत' के विधायकजी



**पटना।** पंचायत वेब सीरीज के विधायक जी याद हैं आपकोह्न। अपने बिहार में आने वाले सहरसा के ही हैं। कभी 500 रुपए में गुजर-बसर करते थे, वो 500 रुपए भी बाबूजी उनके अकाउंट में भेजते थे। पंकज को ये बात पसंद तो नहीं थी, लेकिन कमाई का कोई दूसरा जरिया नहीं था। इसलिए बाबूजी से पैसे लेना मजबूरी थी। बाद में अखबारों में इलेस्ट्रेटर का काम करने लगे। सुर्खियों में भले ही अब आए हैं, लेकिन लंबे संघर्ष से निकले हैं। पंकज को खुद के संघर्ष के बारे में कुछ बताने में दिलचस्पी नहीं है। हमने उनसे पूछा कि, ह्नबचपन में क्या संघर्ष रहा तो बोले, संघर्ष कुछ नहीं होता। मेरा बचपन तो बहुत अच्छा बीता। सहरसा जिला मुख्यालय से 20 किमी दूर मुरादपुर में पंकज का जन्म हुआ। वहीं खेत-खलिहानों और आम के बगीचों में बचपन बीता। पेंटिंग का शौक शुरू से ही था, लेकिन पढ़ाई में मन नहीं लगता था। यहां-वहां पेंटिंग करते रहते थे। पेंटिंग के बाद नुक्कड़ नाटक करते थे। कहते हैं, 'मैं अपने शहर और घर की सोसायटी में बिल्कुल भी फिट नहीं बैठता था। समाज को तो सिर्फ डॉक्टर, इंजीनियर और सरकारी नौकरी चाहिए। पढ़ाई में मन नहीं लगने के कारण मेरे घरवालों वालों के द्वारा मुझे नजरअंदाज किया जाने लगा। तब तक मैंने पेंटिंग करना शुरू कर दी थी। उसके बाद मुझे स्पेस मिलने लगा और मैं एक अलग रास्ते पर चल चुका था।' पेंटिंग के शौक के चलते ही इन्हें बाबूजी पटना के आर्ट्स कॉलेज लेकर आए। यहीं से पंकज की जिंदगी ने एक नया मोड़ लिया। उन्होंने पटना के अखबारों में इलेस्ट्रेटर का कामकाज शुरू कर दिया। बोले, कई अखबारों में काम करता था। इससे पैसे मिलना शुरू हो गए तो फिर बाबूजी से मदद लेना बंद कर दी। अपनी कमाई से दोस्तों की भी मदद करने लगा।

इस काम के साथ नुक्कड़ नाटक तो कर ही रहे थे, अब थियेटर करना भी शुरू कर दिया था, क्योंकि गांव में तो थियेटर थे नहीं। पटना में यह मौका मिलने लगा। यहीं पंकज की मुलाकात थियेटर निर्देश बंशी कौल से हुई। कौल ने पंकज की एक्टिंग देखी तो उन्हें एनएसडी जाने को कहा। वहां से पंकज ने रेग्युलर पढ़ाई नहीं की, लेकिन छोटे-मोटे प्रोजेक्ट पर काम किया। हालांकि फिल्मों में जाने का रास्ता एनएसडी से ही खुला। 250 लोगों के ऑडिशन के बीच से पंकज को मानसून विवाह के लिए चुन लिया गया।यहां से मुंबई का सफर शुरू हुआ। कहते हैं, 'मुंबई में खुद को बचाना ही, मेरे लिए बहुत बड़ा स्ट्रगल रहा है। बॉलीवुड की चकाचौंध की दुनिया में सब खो जाते हैं।

मैंने 20 साल तक ओशो को सुना है और उनकी थेरेपी को फॉलो किया है और खुद को दिखावे वाले स्ट्रगल से दूर रखा है। मैं मानता हूं कि कुछ पाने के लिए मेहनत तो करनी ही पड़ेगी।

## बेगूसराय में 4 सौ पदों पर होगी बहाली



**बेगूसराय।** जिला नियोजन कार्यालय की ओर से शिक्षित बेरोजगारों को लगातार जॉब उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी कड़ी में बिहार श्रम सरकार का श्रम संसाधन विभाग एक बार फिर बेगूसराय के बेरोजगारों के लिए रोजगार का बड़ा अवसर लेकर आया है। बेगूसराय जिला नियोजनालय के प्रयास से सुरक्षा गार्ड और सुपरवाइजर की 400 पदों पर बहाली होने जा रही है। इसकी प्रक्रिया 4 नवंबर से शुरू हो जाएगी। 6 प्रखंड में अलग-अलग दिन कैंप लगाकर लोगों को जॉब उपलब्ध कराया जाएगा। जिला नियोजन प्राधिकारी राणा अमितेश ने बताया कि रक्र इंडिया लिमिटेड की ओर से सुरक्षा बल और सुपरवाइजर के 400 पदों पर बहाली की जानी है। 12वीं पास 19 से 40 वर्ष के युवा के लिए सुपरवाइजर के पद पर भर्ती होने का सुनहरा मौका है। 100 लोगों की नियुक्ति की जाएगी। जिन्हें 18 से 25 हजार सैलरी के अलावा अन्य सुविधा मिलेगी।

10वीं पास 19 से 40 वर्ष के युवक भाग ले सकते सुरक्षा बलों के 300 पद पर बहाली होनी है। जिसमें 10वीं पास 19 से 40 वर्ष के युवक भाग ले सकते हैं। इन्हें 13 से 22 हजार रुपए सैलरी के अलावा अन्य सुविधा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए अलग-अलग प्रखंडों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। 4 नवंबर को तेघड़ा प्रखंड कार्यालय परिसर, 5 नवंबर को बछवाड़ा प्रखंड कार्यालय परिसर, 6 नवंबर को मंसूरचक प्रखंड कार्यालय परिसर, 12 नवंबर को भगवानपुर प्रखंड कार्यालय परिसर, 13 नवंबर को गढ़पुरा प्रखंड कार्यालय परिसर और 14 नवंबर को बरौनी प्रखंड कार्यालय परिसर में कैंप लगाया जाएगा।

# तेजस्वी पर ललन सिंह और RJD आमने-सामने





**पटना।** केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर निशाना साधा है। ललन सिंह ने कहा है कि कुछ लोग बोलते रहते हैं। वह याद नहीं करते हैं। उनके माता-पिता 15 साल उट की कुर्सी पर रहे। बिहार में शासन किया है। क्या वह बता पाएंगे कि कितनों को रोजगार दिए थे ? वह एक बार बताएं कि उनके माता-पिता के शासनकाल के दौरान कितने नौजवानों को नौकरी मिली।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि तेजस्वी यादव, मुख्यमंत्री नीतीश के सामने बोलते नहीं थे। वो बोलने के लायक नहीं है। आप माता-पिता से जाकर पूछिए कि बिहार में 15 साल के शासन में उन्होंने रोजगार दिया ? ललन सिंह ने आगे कहा कि नीतीश कुमार ने 20 साल में रोजगार और नौकरी दी है। आने वाले समय में 12 लाख और नियुक्ति करने का लक्ष्य है।

केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के बयान पर राष्ट्रीय जनता दल ने पलटवार किया है। पार्टी प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा है कि ललन सिंह गलत बोल रहे हैं। तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गंभीरता से लेते थे। तेजस्वी यादव, मुख्यमंत्री से बात करते थे। मुख्यमंत्री, तेजस्वी के बातों को मानते भी थे। बिहार में 5.50 लाख नौकरियां तेजस्वी यादव के कहने पर दी गई। तेजस्वी यादव ने तेजी से काम करवाया। बिहार में नौकरियों की शुरूआत की गई। तेजस्वी यादव जब-तक से कुर्सी पर रहें, तब-तक बिहार में नौकरियां खूब मिली। अब पूरा प्रोसेस स्लो हो गया है। पार्टी प्रवक्ता ने आगे कहा कि ललन सिंह को जानकारी नहीं है। तेजस्वी यादव जनता के हित में अपनी बात रखते थे। एजाज अहमद ने कहा कि तेजस्वी यादव सिर्फ अपनी बात ही नहीं रखते थे बल्कि उनसे बात मनवाते भी थे। तेजस्वी यादव चाहते थे कि बिहार के युवाओं को नौकरी मिले। रोजगार मिले, राज्य का विकास हो।भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता कुंतल कृष्णा ने तेजस्वी यादव से सवाल पूछा है कि वह यह बताएं कि जब वह उपमुख्यमंत्री थे तो कितने पद सृजित किए ? बिहार के बेरोजगारों के लिए क्या किया ? 15 साल के शासनकाल में तेजस्वी के परिवार ने बिहार को इस कदर लूट कि सारा उद्योग पलायन कर गया। उस दौरान अपहरण और पलायन उद्योग था।

कुंतल कृष्ण ने आगे कहा कि सात निश्चय, नौकरियां देने की बात NDA सरकार ने की थी। आप झूठ बोलना बंद करें।

आप एक नौकरी बता दें जिसको आपने मंत्री रहते हुए सृजित किया।

# भारतीय महिला टीम ने एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया




**अहमदाबाद (एजेंसी)।** दीप्ती शर्मा (तीन विकेट) और प्रिया मिश्रा (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी और बेहतरीन क्षेत्ररक्षण के बाद स्मृति मंधाना (100) की शतकीय तथा कप्तान हरमनप्रीत कौर (नाबाद 70) रनों की अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत की महिला टीम ने मंगलवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड छह विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीत ली है।

न्यूजीलैंड के 232 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारत की स्मृति मांधना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और चौथे ही ओवर में हैन्ना रो ने शेफाली वर्मा (12) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद सोफी डिवाइन ने यास्तिका भाटिया (35) को आउट कर न्यूजीलैंड को दूसरी सफलता दिलाई। जीत की ओर बढ़ रही भारतीय टीम को उसके समय एक और झटका लगा जब 41वें ओवर में हैन्ना रो ने स्मृति मंधाना (100) को बोल्ड आउट कर दिया। जेमिमाह रॉड्रिग्स (11) आउट होने वाली चौथी बल्लेबाज थी। हरमनप्रीत कौर ने चौका लगाकर भारत को जीत दिलाई। भारत ने 44.2 ओवर में चार विकेट पर 236 रन बनाकर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया। न्यूजीलैंड की ओर से हैन्ना रो ने दो विकेट लिये। सोफी डिवाइन और फ्रैन जोनस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड की पारी को 232 के स्कोर पर रोक दिया था। आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की महिला टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने एक के बाद एक लगातार विकेट खोये। 88 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां दिये थे। सूजी बेट्स (चार), लौरेन डाउन (एक), सोफी डिवाइन (नौ), जॉर्जिया प्लिमर (39) और मैडी ग्रीन (15) रन बनाकर आउट हुई। ऐसे संकट के समय पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आयी ब्रूक हैलिडे ने इसाबेला गेज के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच छठे विकेट के लिये 64 रनों की साझेदारी हुई। दीप्ति शर्मा ने इसाबेला गेज (25) को आउट कर साझेदारी को तोड़ा। ब्रूक हैलिडे ने नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुए (86) रन बनाये। हैन्ना रो (11), ईडन कार्सन (दो) और फ्रैन जोनस (दो) रन बनाकर आउट हुई। लिया तहुहू (24) रन बनाकर नाबाद रही। भारतीय गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड को 49.5 ओवर में 232 के स्कोर पर समेट दिया। भारत की ओर दीप्ती शर्मा ने 39 रन देकर (तीन विकेट) और प्रिया मिश्रा ने 41 रन देकर (दो विकेट) लिये। रेणुका सिंह और साइमा ठाकोर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# अर्शदीप, जितेश और करण जैसे खिलाड़ियों को आरटीएम से अपने पास रखेगी पंजाब : मूडी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और कोच टॉम मूडी का मानना है कि आईपीएल सत्र में पंजाब किंग्स टीम इस साल के अंत में होने वाली मेगा नीलामी से पहले अर्शदीप सिंह, जितेश शर्मा, सैम करन और कगिसो रबाडा को राइट टू मैच (आरटीएम) विकल्प के जरिये अपने पास रखेगी। माना जा रहा है कि पंजाब अपनी मौजूदा टीम से कुल छह खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती हैं। यह या तो रिटेंशन के जरिए या राइट टू मैच विकल्प के जरिए किया जा सकता है। रिटेंशन और आरटीम के जरिये अधिक से अधिक छह खिलाड़ी जोड़े जा सकते हैं। इसमें अधिकतम पांच कैप्ड खिलाड़ी (भारतीय और विदेशी) और अधिकतम दो अनकैप्ड खिलाड़ी हो सकते हैं। आईपीएल 2025 के लिए फ्रेंचाइजी ने नीलामी पर्स 120 करोड़ रुपये तय किया है।

मूडी ने संभावित आईपीएल रिटेंशन को लेकर कहा, पंजाब किंग्स के लिए मुझे नहीं लगता कि मैं किसी भी खिलाड़ी को रिटेन करूंगा, निश्चित रूप से कैप्ड खिलाड़ियों को नहीं पर मैं अर्शदीप सिंह, सैम करन और रबाडा जैसे खिलाड़ियों के लिए राइट टू मैच विकल्प का उपयोग करना चाहूंगा। इसके अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा के लिए मैं राइट टू मैच का उपयोग करने पर विचार करूंगा।

उन्होंने पंजाब के संभावित रिटेंशन के तौर पर अनकैप्ड शशांक सिंह और हरप्रीत बरार को रखा है, जिससे उनकी छह खिलाड़ियों की सूची पूरी हो जाएगी। शशांक पिछले सत्र में 164.65 की स्ट्राइक रेट से 354 रन बनाकर फ्रेंचाइजी के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने थे, जिसमें दो अर्धशतक शामिल थे। वहीं दूसरी ओर, हरप्रीत ने 13 मैचों में सात विकेट लिए। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, जब अनकैप्ड खिलाड़ियों की बात आती है, तो कुछ अच्छे खिलाड़ी हैं जिन्हें मैं नीलामी से पहले टीम में शामिल करना चाहूंगा। शशांक एक शानदार मध्यक्रम पावर हिटर हैं जबकि हरप्रीत बरार बाएं हाथ के स्पिनर हैं। साल 2024 के संस्करण में पंजाब किंग्स का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। ऐसे में इस बार वह अपनी टीम में बेहतर खिलाड़ियों को जोड़ना चाहेगी।

# हांगकांग सिक्सेस टूर्नामेंट में आमने-सामने होंगे भारत-पाकिस्तान

**मुम्बई (एजेंसी)।** सात साल बाद हांगकांग सिक्सेस टूर्नामेंट एक बार फिर शुरु हो रहा है। इसमें भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच पहले दिन ही मुकाबला होगा। इसमें भारतीय टीम की कप्तानी पूर्व क्रिकेअर रॉबिन उथप्पा करेंगे। भारत और पाकिस्तान की टीमें टिन क्वोंग रोड क्रिकेट मैदान पर 1 अक्टूबर को खेलेंगी। ये टूर्नामेंट 3 नवंबर तक चलेगा। इसमें कुल 12 टीमें भाग ले रही हैं। एक टीम में 6 खिलाड़ी शामिल रहेंगे। इसमें बारह टीमों को चार पूल में बांटा गया है जिसमें तीन-तीन टीमें शामिल हैं। ये टूर्नामेंट राउंड रॉबिन के आधार पर खेला जाएगा। इसमें भारतीय टीम पूल सी में है जहां पाकिस्तान और यूएई की टीमें भी भाग लेंगी।

इस टूर्नामेंट में मेजबान हांगकांग को पूल ए में दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। वहीं पूल बी में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और नेपाल की टीमें हैं। श्रीलंका, बांग्लादेश और ओमान की टीमें ग्रुप डी में हैं। टूर्नामेंट का पहला मैच दक्षिण अफ्रीका और मेजबान हांगकांग के बीच खेला जाएगा। इसके बाद पहले ही दिन भारत का सामना पाकिस्तान से होगा। सभी पूल की टॉप की दो टीमें क्वार्टर फाइनल में जाएंगी। क्वार्टर फाइनल की विजेता टीमें सेमीफाइल में जगह बनाएंगी। वहीं क्वार्टर फाइनल में हारने वाली टीमें प्लेट सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। प्रत्येक पूल में सबसे निचले क्रम पर रहने वाली टीमें बॉउल कंपीटिशन करेंगी। टूर्नामेंट में कुल 29 मैच खेले जाएंगे। पहले दिन भारत बनाम पाकिस्तान सहित कुल 10 मैच खेले जाएंगे। वहीं दूसरे दिन 2 नवंबर को भी 10 मुकाबले खेले जाएंगे।

# पंड्या, बुमराह सहित इन तीन खिलाड़ियों को रिटेन करेगी मुम्बई इंडियंस : हरभजन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के लिए मुंबई इंडियंस टीम कप्तान हार्दिक पंड्या के अलावा प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को रिटेन करेगी। पिछले दो से तीन वर्षों में टीम का प्रदर्शन खराब रहा है। ऐसे में इस बार टीम के खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेंगे। हरभजन ने ये भी कहा कि अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा को टीम में बरकरार रखा जाना चाहिये। हरभजन ने युवा खिलाड़ी तिलक वर्मा की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि उसे भी टीम में रखा जाना चाहिये। इसके अलावा अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर नेहल वढेरा को भी रखना चाहिये।

हरभजन ने कहा कि मुंबई ने पिछले दो से तीन साल में अच्छा नहीं खेला है जबकि वह एक चैंपियन टीम रही है। मेरा मानना है कि वे निश्चित रूप से एक मजबूत टीम बनाना चाहेंगे। इसका मतलब यह नहीं है कि वे इस साल अनुभवी खिलाड़ियों को नहीं जोड़ेंगे। पिछले साल, उन्होंने पंड्या को कप्तान बनाया था। ऐसे में मुझे लगता है कि उन्हें निश्चित रूप से बरकरार रखा जाएगा। वहीं रोहित को लेकर कहा कि उन्होंने हाल ही में कप्तान के रूप में विश्व कप जीता है, इसलिए मुझे लगता है कि उन्हें भी बरकरार रखा जाना चाहिए। इन चारों के अलावा यदि कोई पांचवां खिलाड़ी है, तो वो है तिलक। तिलक उन खिलाड़ियों में से एक हैं जो भविष्य में मुंबई इंडियंस के लिए मैच विजेता होंगे। वहीं गेंदबाजी में नेहल एक अच्छा विकल्प हो सकते हैं। वह एक अनकैप्ड खिलाड़ी है, इसलिए उसे शामिल किया जाना चाहिए।

दूसरी ओर पंजाब किंग्स के लिए संभावित आईपीएल रिटेंशन को लेकर कोच टॉम मूडी ने कहा कि वह इसके जरिये कुछ अच्छे अनकैप्ड खिलाड़ियों को सुरक्षित करना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब किंग्स के लिए मुझे नहीं लगता कि मैं किसी भी खिलाड़ी को रिटेन करूंगा, निश्चित रूप से कैप्ड खिलाड़ियों को नहीं पर मैं अर्शदीप सिंह, सैम कुरेन और रबाडा जैसे खिलाड़ियों के लिए राइट-टू-मैच विकल्प का उपयोग करना चाहूंगा। इसके अलावा जितेश शर्मा के लिए मैं नीलामी में राइट-टू-मैच का उपयोग करने पर विचार करूंगा। इसके साथ ही जब अनकैप्ड खिलाड़ियों की बात आती है, तो कुछ अच्छे खिलाड़ी हैं जिन्हें मैं नीलामी से पहले सुरक्षित करना चाहूंगा।

# रबाडा आईसीसी रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचे , बूमराह तीसरे स्थान पर खिसके



दुबई (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा टेस्ट रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कसिगो रबाना शीर्ष पर पहुंच गये हैं ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड दूसरे नंबर पर हैं जबकि भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह तीसरे नंबर पर खिसक गये हैं। रबाडा ने हाल में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 9 विकेट लिए थे. जिसका उन्हें लाभ मिला है और वह नंबर एक स्थान पर पहुंच गये हैं। इसके अलावा उन्होंने टेस्ट में 300 विकेट का आंकड़ा भी पूरा कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट जीत में रबाडा की अहम भूमिका रही थी। रबाडा ने बुमराह के अलावा ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड और भारत के स्पिनर आर अश्विन को पीछे छोड़कर 2019 की शुरुआत के बाद पहली बार नंबर 1 रैंकिंग हासिल की है। वह पहली बार जनवरी 2018 में शीर्ष पर पहुंचे थे और तब से लगातार शीर्ष 10 में बने हुए हैं। फरवरी 2019 में ही उन्होंने अपना स्थान खो दिया था। वहीं हेजलवुड अब दूसरे स्थान पर हैं, जबकि बुमराह और अश्विन तीसरे और चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। वहीं पाकिस्तान के स्टार स्पिनर नोमान अली ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग नौवीं हासिल की है और वह शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं। नोमान ने इंग्लैंड के खिलाफ रावलपिंडी टेस्ट में 9 विकेट लिए थे।

# धोनी को खेलते देखना मुझे पसंद रहा है : मोहसिन

नई दिल्ली । लखनऊ सुपर जायन्स के तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने कहा है कि वह भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को अपना आदर्श मानते हैं। मोहसिन ने धोनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें खेलते हए देखना मुझे अच्छा लगता है। धोनी तीनों आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाली पहले कप्तान भी हैं। इसके अलावा आईपीएल में उनकी कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को कप्तान के तौर पर पांच बार खिताब जिताये हैं। इसके साथ ही रोहित शर्मा, रवींद्र जड़ेजा जैसे खिलाड़ियों को आगे लाने में उनकी अहम भूमिका रही है। इस तेज गेंदबाज ने साल 2011 एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में धोनी के छक्के को याद करते हुए कहा कि यह उनके लिए एक यादगार क्षण था। मोहसिन ने कहा कि धोनी भाई मेरे आदर्श हैं। वो अंत में जिस पकार छक्के मारते हैं वह अविश्वसनीय है क्षण रहता है। मैं उस समय सिर्फ 13 या 14 साल का था, और फाइनल देख रहा था। जैसे ही उन्होंने छक्का मारा ऐसा लगा मानो हर जगह दिवाली जैसा जश्न शुरु हो गया। मोहसिन ने कहा कि जब वह अपने सामने धोनी को देखते हैं तो घबरा जाते हैं। इसलिए उनकी प्रशंसा नहीं कर पाते हैं। उन्होंने कहा, मैं उसे दूर से देखकर ही खुश हो जाता हूं। मैं सामने से बात नहीं कर पाता हूं।



# कड़े मुकाबले में अल्काराज़ और सितसिपास पेरिस मास्टर्स के तीसरे दौर में, रुबलेव हारे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस । कार्लोस अल्काराज़ ने अपनी सर्विस पर कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद चिली के निकोलस जेरी को 7-5, 6-1 से हराकर पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। स्पेन के दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अल्काराज़ को जैरी के मजबूत फोरहैंड से कई बार परेशानी हुई। चिली के खिलाड़ी ने नौवें गेम में उनकी सर्विस तोड़कर स्कोर 5-5 से बराबर कर दिया। लेकिन जैरी ने अपने अगले सर्विस गेम में डबल फॉल्ट करके पहला सेट गंवा दिया।

अल्काराज ने मैच के बाद कहा, ''यह थोड़ा मुश्किल था। पहला सेट जीतकर वास्तव में खुशी हुई। मुझे कोर्ट की गति से सामंजस्य बिठाना होगा। यह मेरे लिए वास्तव में तेज है।'' चार बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्काराज साल के अपने पांचवें खिताब की तलाश में हैं। उनका अगला मुकाबला 15वीं वरीयता प्राप्त उगो हम्बर्ट या अमेरिकी क्वालीफायर मार्कोस गिरोन से होगा। यूनान के दसवीं वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास ने एलेजांद्रो ताबिलो को 6-3, 6-4 से हराकर साल के अंतिम टूर्नामेंट एटीपी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत बनाए रखा।

एटीपी फाइनल में चोटी के आठ खिलाड़ी भाग लेते हैं। नॉर्वे के तीन बार के ग्रैंडस्लैम उपविजेता और सातवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे और ऑस्ट्रेलिया के गैरवरीय जॉर्डन थॉम्पसन से 7-6 (3), 3-6, 6-4 से हार गए। रूस के छठी वरीयता प्राप्त एंड्री रुबलेव ने दोनों सेट के टाइब्रेकर तक खिंचने से अपना आपा खो दिया और आखिर में उन्हें हार का सामना करना पड़ा जिससे उनकी एटीपी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को झटका लगा है। फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने उन्हें 7-6 (6), 7-6 (5) से हराया।

# क्लासेन सहित तीन विदेशी और दो भारतीय खिलाड़ियों को रीटेन कर सकती है सनराइजर्स




हैदराबाद । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद फ्रैंचाइजी इस बार तीन विदेशी और दो भारतीय खिलाड़ियों को रीटेन कर सकती है। अब तक उसने ये सार्वजनिक नहीं किया है कि किन खिलाड़ियों को रिटेन किया जाएगा पर जैसे-जैसे आईपीएल रीटेंशन की आखिरी तारीख नजदीक आ गई है। उसको लेकर अटकलें लगायी जा रही हैं। माना जा रहा है कि ये खिलाड़ी हेनरिक क्लासेन, पैट कमिंस , ट्रेविस हैड के अलावा अभिषेक शर्मा व नीतीश कुमार रेड्डी होंगे। ज्यादातर टीमों ने रीटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों की सूची बना ली है। सभी टीमों को रीटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची इस साल के अंत तक बीसीसीआई को सौंपनी है। सनराइजर्स ने आईपीएल 2024 के लिए ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस को 20.50 करोड़ रुपए में खरीदा था। कमिंस आईपीएल 2024 में मिचेल स्टार्क 24.75 करोड़ के बाद सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे पर आईपीएल 2025 में कमिंस को कम रकम मिलेगी। अनुमान है कि सनराइजर्स दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन को 23 करोड़ रुपए में रीटेन कर सकती है। क्लासेन विकेटकीपपर भी हैं। इस रिपोर्ट्स के अनुसार सनराइजर्स क्लासेन के अलावा पैट कमिंस और अभिषेक शर्मा को भी रीटेन करेगी। इसके अलावा ट्रैविस हेड और नीतीश कुमार रेड्डी को भी टीम में बरकरार रखा जाना तय है। कमिंस को 18 करोड़ और अभिषेक शर्मा को 14 करोड़ में रीटेन किया जा सकता है। कमिंस ही अगले सत्र में भी सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी करते नजर आ सकते हैं। आईपीएल में कोई भी फ्रैंचाइजी एक सत्र में खिलाड़ियों पर ज्यादा से ज्यादा 120 करोड़ खर्च कर सकती है। सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल 2024 के फाइनल में पहुंची थी पर वह खिताब नहीं जीत पायी थी। कोलकाता नाइटराइडर्स ने सनराइसर्ज हैदराबाद को हराकर आईपीएल का खिताब जीता था

# रमीज ने अपने बयान का बचाव करते हुए कहा, सोशल मीडिया ने उसे विवादास्पद बना दिया

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा हाल में की गयी अपनी एक टिप्पणी के लिए विवादों में आ गये थे। रमीज ने इंग्लैंड पर पाकिस्तान की 2-1 टेस्ट सीरीज जीत के बाद टेस्ट टीम के कप्तान शान मसूद से पूछा था कि पिछले लगातार छह हार टीम को कैसे मिलीं। वहीं अपने बयान का बचाव करते हुए रमीज ने कहा कि उनका इरादा टीम की उपलब्धि को कम करना नहीं बल्कि यह पता लगाना था कि उन्होंने हाल की मुश्किलों को किस प्रकार पार किया। इस पूर्व क्रिकेअर ने कहा, मैंने कुछ सवाल पूछे और मेरा लक्ष्य किसी को नीचा दिखाना या पाकिस्तान की जीत को नकारात्मक रूप में पेश करना नहीं था। एक कमेंटेटर के तौर पर पाकिस्तान जितना ज़्यादा जीतता वह हम सभी के लिए फयदेमंद रहता क्योंकि उससे अधिक से अधिक अवसर हमारे पास आते। उन्होंने सोशल मीडिया को लेकर कहा, आजकल लगता है सोशल मीडिया ही जीवन हो गया है। उन्होंने कहा कि इसी कारया लोग उनकी टिप्पणियों को गलत समझने लगे। उन्होंने कहा, अगर मैं अपना जीवन सोशल मीडिया की बातों के आधार पर जीता, तो मैं इस क्षेत्र में नहीं होता। ऐसे कई लोग हैं जो क्रिकेट नहीं खेले हैं पर विशेषज्ञों की तरह बातें करते हैं। राजा ने ये भी कहा कि उनका इरादा शान मसूद की कप्तानी पर सवाल उठाने का नहीं था पर उनकी बात को गलत बताकर विवाद शुरु कर दिया गया। पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर ने कहा, जब बांग्लादेश ने 2-0 से जीत हासिल की, तो मैंने किसी को हटाने के लिए नहीं कहा। मैं सीरीज जीतने के बाद शान की कप्तानी पर सवाल क्यों उठाऊंगा? वहीं इससे पहले इससे पहले मोहम्मद आमिर ने रमीज की टिप्पणियों की सार्वजनिक रूप से आलोचना की थी, जिसमें कहा गया था कि पूर्व अध्यक्ष को पिछली विफलताओं को सामने लाने की जगह सीरीज जीत का जश्न मनाने पर ध्यान देना चाहिए था। आमिर ने कहा, आपको सीरीज जीत का जश्न मनाना चाहिए। आपके बगल में एक सीरीज जीतने वाला कप्तान बैठा है। आपको उससे जीत और अगली योजनाओं के बारे में पूछना चाहिए था। लेकिन आप उसका मजाक उड़ा रहे हैं। थोड़ा सम्मान करें।

# विराट, रोहित सहित इन खिलाड़ीयों को बड़ी रकम देकर रिटेन करेगी टीमें




**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमिकयर लीग (आईपीएल) 2025 की मेगा नीलामी से पहले सभी टीमें खिलाड़ियों को रिटेन करने की सूची पर काम कर रही है। आईपीएल के नये नियमों के अनुसार हर फ्रैंचाइजी अधिक से अधिक छह खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है, जिनमें से कम से कम एक अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी होना चाहिए। आईपीएल के इस सत्र में विराट कोहली, रोहित शर्मा, ऋषभ पंत, के एल राहुल और श्रेयस अय्यर जैसे स्टार खिलाड़ियों को इनकी टीम करीब 20 करोड़ की मोटी राशि में रिटन कर सकती हैं। बड़े खिलाड़ियों को नीलामी पूल में शामिल होने से रोकने के लिए भी टीमें उन्हें मोटी रकम का लालच दे सकती हैं। एक अनुमान के अनुसार इन पांच खिलाड़ियों को 20 करोड़ रुपए में रिटेन किया जा सकता है।

**रोहित शर्मा :** रोहित को पिछले सत्र में मुम्बई इंडियंस ने कप्तानी से हटा दिया था जिससे माना जा रहा है कि वह नाराज है। ऐस में उन्हें अपने साथ बनाये रखने के लिए मुम्बई को काफी प्रयास करने होंगे। नीलामी से पहले ही रोहित को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं और ये भी कहा जा रहा है कि वह मुम्बई इंडियंस छोड़ सकते हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पिछले सीजन से पहले रोहित को कप्तानी की जिम्मेदारी से हटाने के बाद भी फ्रैंचाइजी रोहित को बनाए रखने के लिए पूरी तरह तैयार है। वास्तव में वे उन्हें 20 करोड़ रुपए का भुगतान कर सकते हैं जिससे रोहित नीलामी में ना आएं।

**विराट कोहली :** विराट अब तक अपने पूरे करियर में एक ही टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से खेले हैं। आईपीएल में उनके नाम सबसे ज्यादा रन हैं पर वह अपनी टीम को कभी जीत नहीं दिला पाये। कोहली को आरसीबी 20 करोड़ रुपए में रिटेन कर सकती है। इस क्रिकेटर को साल 2018 में 18 करोड़ रुपए में बरकरार रखा गया था। ये पिछली सर्वश्रेष्ठ रिटेंशन राशि से 2 करोड़ अधिक था। आरसीबी इस बार उन्हें और अधिक बड़ी रकम दे सकती है।

**ऋषभ पंत :** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने हाल ही में सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी टीम को छोड़कर नीलामी में आने का संकेत दिया। ऋषभ 2016 में अपने डेब्यू सीजन से ही दिल्ली टीम का हिस्सा रहे हैं। नीलामी से उन्हें दूर करने के लिए टीम उन्हें 20 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड राशि में बनाये रख सकती है।

**श्रेयस अय्यर:** श्रेयस ने इस साल की शुरुआत में अपना बीसीसीआई केंद्रीय अनुबंध खो दिया था। पिछले सत्र में उनकी कप्तानी में टीम आईपीएल खिताब जीती थी। । ऐसे में नए कप्तान की तलाश में लगी टीमें श्रेयस को हासिल करने का प्रयास करेंगी। उसको रोकने के लिए केकेआर उन्हें मोटी राशि देकर अपने साथ बनाये रखना चाहेगी।

**हार्दिक पांड्या :** ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को पिछले सत्र में मुम्बई इंडियंस ने कप्तानी दी थी हालांकि टीम का प्रदर्शन आईपीएल में अच्छा नहीं रहा था इसके बादी भी टीम उन्हें बनाये रखने पूरे प्रयास करेगी। पिछले सीजन में मेगा ट्रेड डील के तहत उन्हें टीम ने गुजरात टाइटंस से खरीदा था। अब मुम्बई उन्हें बनाये रखने बड़ी रकम लगाएगी।

# अर्जुन तेंदुलकर का रणजी में शानदार प्रदर्शन , आईपीएल नीलामी में मिल सकते हैं करोड़ों

मुम्बई । ऑलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर ने गोवा की ओर से रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया है। अर्जुन ने इस मैच में कुल 6 विकेट लिए। जिसमें पहली पारी के 2 और दूसरी पारी के 4 विकेट शामिल है। इस प्रकार अर्जुन ने आईपीएल 2025 के लिए अपनी दावेदारी पक्की कर ली है और अब उनपर एक मोटी राशि दांव पर लगायी जा सकती है। अब मुम्बई टीम उन्हें अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर रिटेन भी कर सकती है। इस क्रिकेटर ने सिक्किम के खिलाफ मुकाबले में काफी अच्छी गेंदबाजी की थी। अर्जुन ने सिक्किम के सलामी बल्लेबाजों को जल्दी ही आउट कर दिया। उन्होंने दो विकेट लेकर गोवा की पारी और 53 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद उन्होंने नागालैंड के खिलाफ बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने एक फिर नागालैंड के खिलाफ मैच में उसके सलामी बल्लेबाजों को जल्दी पवेलियन भेजा। इसके बाद उन्होंने 3 विकेट लेकर इस मैच में टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

## बांधवगढ़ में दो दिन में 7 हाथियों की मौत

उमरिया । उमरिया के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बुधवार सुबह तक तीन और हाथियों ने दम तोड़ दिया। अब तक 7 हाथियों की मौत हो चुकी है। मरने वाले हाथियों में एक नर और 6 मादा हैं। इनमें नर की उम्र चार से पांच साल और मादा की उम्र करीब तीन साल है। दिल्ली से एनटीसीए (नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी) की तीन सदस्यीय टीम जांच के लिए बांधवगढ़ पहुंची है। डॉक्टरों ने प्राथमिक तौर पर जहरखुरानी की आशंका जताई है। बांधवगढ़, संजय टाइगर रिजर्व समेत कटनी, उमरिया और स्कूल ऑफ वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ जबलपुर के वेटरनरी डॉक्टर हाथियों के इलाज में जुटे हैं। भोपाल से एसटीएफ की टीम भी पहुंची है। पांच किलोमीटर के एरिया में जांच की जा रही है।

**जंगल में 13 हाथियों का झुंड घूम रहा था**

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर पीके वर्मा ने बताया, मंगलवार दोपहर करीब 12:30 बजे सूचना मिली कि जंगल में 13 हाथियों का झुंड घूम रहा है। खितौली और पतौर परिक्षेत्र के सलखनियां में आठ हाथियों की तबीयत बिगड़ गई। सभी 100 से 200 मीटर के एरिया में बेहोश होकर गिर गए। इसके बाद बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, जबलपुर, उमरिया और कटनी से आठ से ज्यादा वेटरनरी डॉक्टरों को बुलाया गया।

## पुलिस पर फायरिंग करने वाला बदमाश एनकाउंटर में ढेर

अमृतसर । अमृतसर में पुलिस पर फायरिंग करनेवाला एक बदमाश जवाबी कार्रवाई में ढेर हो गया, जबकि दूसरा बदमाश ब्यास नदी में छलांग लगा कर फरार हो गया। दरअसल गुरुवार को ब्यास क्षेत्र में एक आढ़ती की हत्या हुई थी। मामले में पुलिस तीन आरोपियों को दूसरे राज्य से गिरफ्तार करके लाई थी। आरोपियों से पूछताछ में उन्होंने बताया कि वारदात में जिस हथियार से गोली चलाई थी वह ब्यास दरिया के किनारे छुपा कर रखा है। इसके बाद जब आरोपियों ने जमीन से हथियार निकाले तो उन्होंने पुलिस टीम पर गोली चला दी। पुलिस ने जब जवाबी फायरिंग की तो गुरशरण नाम के बदमाश की गोली लगने से मौत हो गई और पारस नामक बदमाश ब्यास दरिया में छलांग लगा कर फरार हो गया जिसकी पुलिस टीमें तलाश कर रही हैं।

**हत्या के अलग-अलग मामलों में शामिल दो आरोपी लखनऊ से गिरफ्तार**

पंजाब और उत्तर प्रदेश पुलिस के नेतृत्व में एक संयुक्त अभियान के तहत हत्या के अलग-अलग मामलों में शामिल दो आरोपियों को लखनऊ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में तिहरे हत्याकांड का आरोपी भी शामिल है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने यहां बताया कि दोनों आरोपी तरनतारन के गांव सुर सिंह के निवासी बिक्रमजीत उर्फ विक्की और तरनतारन के गांव संधरा निवासी पंजाब सिंह लखनऊ में अपने विदेशी आकाओं द्वारा उपलब्ध कराए गए किराए के आवास में एक साथ रह रहे थे।

## आतिशबाजी में घायल 150 लोग का इलाज का खर्च उठाएगी विजयन सरकार

तिरुवनंतपुरम । केरल के कासरगोड के अंजुताम्बलम वीरारकव मंदिर में हाल ही में आतिशबाजी के दौरान हुई दुर्घटना में करीब 150 लोग घायल हो गए। घटना के एक दिन बाद, केरल सरकार ने घायलों के अस्पताल का खर्च वहन करने का फैसला है। यह महत्वपूर्ण निर्णय केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया, जहां मुख्यमंत्री ने घायलों के इलाज का खर्च उठाने का प्रस्ताव रखा, इस प्रस्ताव को पूरी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। रिपोर्टों के अनुसार, सोमवार देर रात मंदिर परिसर में एक पटाखे की चिंगारी के कारण आग लग गई। यह चिंगारी एक कमरे में गिरी, जहां करीब 25 हजार रुपये के पटाखे रखे थे। चश्मदीदों ने बताया कि आग के गोले निकलते ही 1,500 से अधिक लोग, जो थेय्यम अनुष्ठान देखने आए थे, इधर-उधर भागने लगे। घायलों में एक व्यक्ति की हालत अत्यंत गंभीर है, जबकि आठ अन्य की स्थिति भी गंभीर बनी हुई है। कासरगोड, कोझिकोड, कन्नूर और मंगलौर के विभिन्न अस्पतालों में करीब 97 लोगों को भर्ती किया गयास है। दुर्घटना के बाद, पुलिस ने मंदिर के दो अधिकारियों और पटाखे जलाने वाले व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने यह बताया कि पटाखे फोड़ते समय सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन नहीं हुआ था। कासरगोड जिले की पुलिस अधीक्षक (एसपी) डी. शिल्पा ने पहले ही स्पष्ट किया है कि मंदिर प्रशासन सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने में विफल रहा और उनके पास कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति भी नहीं थी।

## धीरेंद्र शास्त्री का कटाक्ष, दिवाली पर पटाखों पर प्रतिबंध, नए साल पर नहीं

नई दिल्ली । दीपावली पर पटाखों पर लगे प्रतिबंध के बीच बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री ने बयान दिया है, जिसमें उन्होंने दीपावली पर पटाखों का उपयोग करने और धार्मिक त्यौहारों पर प्रतिबंधों के चयनात्मक दृष्टिकोण पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हर बार सनातन धर्म के त्यौहारों पर प्रदूषण और नियमों का हवाला देकर पाबंदियाँ लगाती हैं। उन्होंने दीपावली मनाने के अपने तरीके पर कहा कि वह त्यौहार को पारंपरिक रूप से मनाएंगे और इसके लिए उन्होंने पटाखे भी खरीद लिए हैं। पीठाधीश्वर शास्त्री ने दीपावली के पटाखों पर प्रतिबंध की तुलना बकरीद जैसे अन्य त्यौहारों से कर कहा कि बकरीद पर जो बकरे काटे जाते हैं, वे भी गरीबों में बांटे जा सकते हैं, जिससे हिंसा भी नहीं होगी और गरीबों की मदद भी हो सकेगी। उन्होंने नए साल पर पटाखों के उपयोग को लेकर भी सवाल उठाकर कहा कि तब प्रदूषण पर ध्यान क्यों नहीं दिया जाता। साथ ही उन्होंने होली पर पानी बर्बाद होने की चिंता जताने वालों पर कटाक्ष कर कहा कि जब अन्य धर्मों के त्यौहारों पर खून-खराबा होता है, तब इसतरह के लोग आवाज नहीं उठाते। उन्होंने हिंदू त्यौहारों पर दोगलेपन को बंद करने की बात की। ज्ञात हो कि दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और तमिलनाडु जैसे राज्यों ने प्रदूषण के कारण पटाखों पर सख्त नियम लागू किया हैं।

# पीएम मोदी से चिराग ने की मुलाकात... तस्वीरों से दिया विरोधियों को जबाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से विशेष मुलाकात की। दीपावली के मौके पर आयोजित मुलाकात के दौरान चिराग ने पीएम मोदी को दीपावली की शुभकामनाएं देकर फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। चिराग ने प्रधानमंत्री संग मुलाकात की तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पर भी साझा कीं, जिससे यह मुलाकात राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई है।

चिराग ने मुलाकात के माध्यम से फिर प्रधानमंत्री के प्रति अपनी निष्ठा और समर्थन को जाहिर किया। चिराग ने कई मौकों पर प्रधानमंत्री के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को खुलकर व्यक्त कर चुके है, और उन्हें अक्सर प्रधानमंत्री का हनुमान भी कहा जाता है। इस विशेष मुलाकात में चिराग ने स्पष्ट संदेश दिया कि उनकी पार्टी प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के साथ अपने गठबंधन धर्म का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। बीते दिनों जब एनडीए छोड़ने की अटकलें जोर पकड़ रही थीं, तब चिराग ने दो टूक जवाब दिया कि वे किसी भी हाल में एनडीए का साथ नहीं छोड़ने वाले है। उनका कहना था कि सत्ता की भूख उनके परिवार की परंपरा में नहीं है, और वे किसी भी कीमत पर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ही अपनी राजनीतिक राह तय करना चाहते हैं।

चिराग ने कहा था कि वे चाहते हैं कि लोक जनशक्ति पार्टी और भाजपा बिहार में साथ मिलकर चुनाव लड़ें। उन्होंने प्रधानमंत्री के प्रति अपने गहरे लगाव और समर्थन को अटल बताकर कहा कि उन्हें कोई भी प्रधानमंत्री से अलग नहीं कर सकता। चिराग ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और विचारों में उनका विश्वास अटूट है, और वे भविष्य में भी उन्हीं के नेतृत्व में काम करना चाहते हैं। इस प्रकार की बयानबाजी से चिराग ने बिहार में अपने राजनीतिक भविष्य के लिए भाजपा के साथ गठबंधन को मजबूत करने का इरादा जताया है।



## राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज ने भगवान गणेश की मूर्ति खरीदी, यूपीआई से किया पेंमेट

मुंबई । स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज ने भारत दौरे के दौरान मुंबई में भगवान गणेश की एक मूर्ति खरीदी, और इस खरीद के लिए यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का इस्तेमाल किया। इस कदम के साथ, सांचेज भारत की प्रमुख डिजिटल भुगतान तकनीक को अपनाने वाले नए विदेशी नेता बने हैं। सांचेज का भारत में यूपीआई का उपयोग करना वैश्विक मंच पर यूपीआई तकनीक के बढ़ते प्रभाव को दिखाता है। इसके पहले, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने जनवरी 2024 में यूपीआई का इस्तेमाल किया था। मैक्रों की यात्रा के एक सप्ताह बाद, पेरिस के प्रतिष्ठित एफिल टॉवर पर यूपीआई को औपचारिक रूप से लांच किया गया था। सांचेज की यह यात्रा भारत में दीपावली के समय हुई, जिसमें उन्होंने अपनी पत्नी बेगोना गोमेज के साथ पारंपरिक उत्सवों में भाग लिया। स्पेन की प्रथम दंपति ने लोगों के साथ दीये जलाए और पेंसिल फुलझड़ियां जलाई, साथ ही लड्डू और अन्य लोकप्रिय भारतीय मिठाइयों का भी स्वाद लिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने लिखा, भारत की डिजिटल क्रांति का प्रत्यक्ष अनुभव। राष्ट्रपति सांचेज ने मुंबई में यूपीआई के माध्यम से भुगतान किया, जो रियल टाइम और निर्बाध लेनदेन के साथ पूरा किया गया। यूपीआई, जिसे नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने 2016 में लांच किया था, एक स्मार्टफोन-आधारित भुगतान प्रणाली है। इसे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विनियमित किया जाता है, और यह उपयोगकर्ताओं को फोन नंबर या क्यूआर कोड के जरिए ऑनलाइन लेनदेन करने की सुविधा प्रदान करता है।

## चुनाव हारने के बाद ईवीएम को दोष देना कांग्रेस का चरित्र: अनिल विज

**-कांग्रेस के आरोप- चुनाव आयोग से खारिज होने पर सियासत तेज**



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा विधानसभा चुनावों में अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस के आरोपों को चुनाव आयोग से खारिज किए जाने के बाद मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि चुनाव हारने के बाद ईवीएम को दोष देना कांग्रेस का चरित्र है। मंत्री अनिल विज ने कहा, कांग्रेस ने झूठ के आधार पर अपनी शिकायतें दी थीं और यह कांग्रेस का चरित्र भी है कि जब वे हारते हैं तो वे ईवीएम को दोष देते हैं और जब वे जीतते हैं तो उनको ईवीएम की याद नहीं आती है। उन्होंने कहा कि अब हरियाणा में भी ये जिन सीटों से हारे हैं, वहां कह रहे हैं कि ईवीएम खराब है, जहां से कांग्रेस के उम्मीदवार जीते हैं, वहां से ये नहीं कहते हैं कि ईवीएम खराब है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि दोबारा लड़ लो, चुनाव आयोग ने उनकी सभी शिकायतों का जवाब दिया है और साथ में उन्होंने ये भी कहा है कि ऐसे मुद्दों को बिना वजह नहीं उठाया जाना चाहिए, इससे माहौल खराब होता है।

**कांग्रेस ने लगाया था चुनाव में धांधली का आरोप**

बता दें कि हाल ही में संपन्न हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में बीजेपी को जीत मिली है। कांग्रेस को इस बार यहां जीत की पूरी उम्मीद थी। ज्यादातर एग्जिट पोल के नतीजों में भी कांग्रेस को जीत मिलने का अनुमान लगाया गया था लेकिन जब चुनाव आयोग की ओर से फाइनल नतीजे घोषित किए गए तो बीजेपी को स्पष्ट बहुमत मिला। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान अनियमितता हुई है।

# बिहार में छठ पूजा में शामिल होंगे बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, नीतीश के साथ करेंगे पटना के घाटों का दौरा!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के इस साल पटना में छठ पर्व में शामिल होने की संभावना है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने इस बात की जानकारी दी है। जायसवाल ने कहा कि इस संबंध में उन्हें औपचारिक अनुरोध/प्रस्ताव भेजा गया है। पूरी संभावना है कि एक या दो दिन में इसकी पुष्टि हो जाएगी। घटनाक्रम से परिचित भाजपा नेताओं के अनुसार, नड्डा 7 नवंबर की दोपहर पटना पहुंचेंगे, जहां वह गंगा घाटों में से एक का दौरा करेंगे।

नड्डा के दौरे में उनके साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी होंगे। नाम न बताने की शर्त पर एक भाजपा नेता ने बताया, ÷दोनों नेताओं की मौजूदगी विपक्ष को राजनीतिक एकता का संदेश देगी।÷ हर साल दिवाली के छह दिन बाद मनाई जाने वाली छठ पूजा नहाय-खाय से शुरू होती है और 8 नवंबर को सुबह के अर्घ्य के साथ समाप्त होती है। इससे पहले बिहार में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगियों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर बैठक हुई।

जनता दल (यू) के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बैठक की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, ''राजग की प्रचंड जीत की तैयारी। जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी की अध्यक्षता में आज एक अणे मार्ग, पटना में आयोजित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की संयुक्त बैठक में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों और प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक समन्वय पर विस्तृत चर्चा हुई।''



उन्होंने बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक में राजग के सभी घटक दलों के वरिष्ठ नेता, केंद्रीय मंत्री, राज्यसभा एवं लोकसभा सदस्य, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक, विधान पार्षद तथा जिला अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए जद(यू) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में 2010 से भी बड़ी जीत हासिल करेगा।

## लद्दाख का मामला सुलझने के बाद अब रक्षा मंत्री की तवांग में सैनिकों के साथ मनाएंगे दिवाली, आर्मी चीफ भी रहेंगे मौजूद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में देश के शीर्ष रक्षा अधिकारी गुरुवार को देश के विभिन्न हिस्सों में सैनिकों के साथ दिवाली मनाएंगे। सिंह और अरुणाचल प्रदेश से आने वाले केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, रोशनी के त्योहार की पूर्व संध्या पर बुधवार को पूर्वोत्तर राज्य के तवांग पहुंचे। वहां वे भारत-चीन सीमा पर तैनात सैनिकों के साथ त्योहार मनाएंगे। मंत्रियों के साथ थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस), जनरल उपेन्द्र द्विवेदी भी हैं। यह परंपरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई थी, जो 2014 से कार्यालय में आने के बाद से अपनी दिवाली सैनिकों के साथ बिता रहे हैं।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान वहां तैनात सैनिकों के साथ उत्सव में भाग लेने के लिए अंडमान और निकोबार में होंगे। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी गुजरात के पोरबंदर में नौसेना सैनिकों के साथ जश्न मनाएंगे, जबकि भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के एयर चीफ मार्शल एपी सिंह जम्मू-कश्मीर में सैनिकों के साथ जश्न मनाएंगे। प्रधान मंत्री के रूप में अपनी पहली दिवाली में, मोदी ने सियाचिन का दौरा किया, जबकि अगले वर्ष, वह पंजाब के अमृतसर में थे। 2016, 2017 और 2018 में वह क्रमशः हिमाचल प्रदेश के किन्नौर, गुरेज़ सेक्टर (जम्मू और कश्मीर) और उत्तराखंड के हर्षिल गए।



2019 में प्रधानमंत्री फिर से जम्मू-कश्मीर में थे, क्योंकि उन्होंने राजौरी में जवानों के साथ त्योहार मनाया था। अगले साल वह राजस्थान के लोंगेवाला में थे और 2021 में वह वापस जम्मू-कश्मीर (नौशेरा) में थे। उन्होंने अगली दो दिवाली क्रमशः लद्दाख के कारगिल और हिमाचल प्रदेश के लेप्चा में सैनिकों के साथ बिताईं।

## वायु प्रदूषण एक बड़ी चुनौती, नवीकरणीय ऊर्जा और सार्वजनिक परिवहन को अपनाने की जरूरत: रमेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने वायु प्रदूषण को भारत की सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र की एक प्रमुख चुनौती करार देते हुए बुधवार को कहा कि पराली जलाने पर रोक लगाना ही पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहनों और सार्वजनिक परिवहन में बड़े पैमाने पर बदलाव के साथ भारत के आर्थिक मॉडल को फिर से आकार देने की जरूरत है।



पूर्व पर्यावरण मंत्री ने 'द लैंसेट काउंटडाउन ' की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए वायु प्रदूषण की स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन पर 'द लैंसेट काउंटडाउन' की एक नई रिपोर्ट में भारत में वायु प्रदूषण पर कुछ परेशान करने वाले निष्कर्ष सामने आए हैं। 2021 में भारत में कुल 16 लाख मौतें वायु प्रदूषण के कारण हुईं।'

उन्होंने रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि कोयला और कुछ अन्य जीवाश्म ईंधन ने इन मौतों में 38 प्रतिशत का योगदान दिया। उनके मुताबिक, वर्ष 2022 में भारत ने दुनिया के उपभोग-आधारित पीएम2.5 उत्सर्जन में 15.8 प्रतिशत और दुनिया के उत्पादन-आधारित पीएम 2.5 उत्सर्जन में 16.9 प्रतिशत का योगदान दिया।

रमेश ने कहा कि ये प्रदूषक कण हैं जो 2.5 माइक्रोमीटर से कम के होते हैं और सीधे फेफड़ों में प्रवेश कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पिछले कुछ सप्ताह हमारे सामने आने वाली चुनौतियों का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि दिल्ली का आधे से अधिक पीएम2.5 प्रदूषण वाहनों की वजह से होता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वायु प्रदूषण भारत की प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है और यह सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्राथमिकताओं में से एक होना चाहिए। रमेश ने कहा, 'पराली जलाने पर रोक लगाना पर्याप्त नहीं होगा, हमें नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहनों और सार्वजनिक परिवहन में बड़े पैमाने पर बदलाव के साथ अपने आर्थिक मॉडल की फिर से कल्पना करने की जरूरत है।'

# महाराष्ट्र और झारखंड में सज गया विधानसभा चुनाव का मैदान, नामांकन खत्म... अब जोर पकड़ेगा प्रचार

**- 'बागी' बिगाड़ेंगे सियासी गेम**

**-महाराष्ट्र में टिकटों का टकराव, चुनाव बाद अजित पवार-उद्धव ठाकरे बदल सकते हैं पाला**

**मुंबई/रांची (एजेंसी)।** महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा के लिए नामांकन की प्रक्रिया खत्म हो गई है। अब चुनाव प्रचार जोर पकड़ेगा। इसके लिए राजनीतिक पार्टियों ने अपने-अपने स्टार प्रचारकों की घोषणा कर दी है। हालांकि पार्टियों को नाम वापसी का इंतजार है, क्योंकि अधिकांश सीटों पर बागी उम्मीदवारों ने भी नामांकन किया है। ऐसे में पार्टियों खासकर भाजपा और कांग्रेस की कोशिश है कि रूठों को मनाकर अपनी स्थिति मजबूत की जाए। अगर समय रहते पार्टियों ने समीकरणों को नहीं साधा तो बागी बिगाड़ेंगे सियासी गेम।

महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव को लेकर जहां सभी पार्टियां तैयार नजर आ रही हैं, तो वहीं इस बार सभी पार्टियों को अपने नेताओं की बगावत का भी सामना करना पड़ रहा है। एनडीए और इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के कुछ नेताओं को टिकट नहीं मिला तो निर्दलीय चुनावी मैदान में उतर गए हैं। महाराष्ट्र में इस बार सभी दलों को अपने नेताओं की बगावत का सामना करना पड़ रहा है। एनडीए और इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के कुछ नेताओं को टिकट नहीं मिला तो निर्दलीय चुनावी मैदान में उतर गए हैं। इसके चलते स्थिति यह हो गई है कि बीजेपी के खिलाफ शिंदे की शिवसेना का बागी मैदान में है तो एनसीपी के खिलाफ बीजेपी का बागी मैदान में उतर गया है। निर्दलीय उतरे बागी उम्मीदवार 4 नवंबर तक अपना नाम वापस नहीं लेते हैं और चुनाव में आखिरी तक जमे रहते हैं तो फिर आधिकारिक उम्मीदवारों के लिए ही नहीं बल्कि गठबंधन के लिए भी सिर दर्द बन जाएगी।

**महाराष्ट्र में 6 बड़े दल मैदान में**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन की समयसीमा खत्म होने के साथ ही चुनावी तस्वीर साफ हो गई। शिवसेना और एनसीपी में बगावत के चलते इस बार 6 बड़े दल मैदान में हैं। यही कारण है कि बागी भी ज्यादा हैं। प्रदेश की लगभग हर सीट पर बागी हैं। अब सबकी निगाह नाम वापसी की अंतिम तारीख (4 नवंबर) पर है। उसके बाद पता चलेगा कि लड़ाई कैसी होगी। इस बार 7,995 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। आखिरी दिन 4,996 ने पर्चे भरे। महायुति और एमवीए ने नामांकन खत्म होने के बाद भी सीट बंटवारे का फॉर्मूला नहीं बताया। प्रत्याशी देखें तो महायुति में 148 उम्मीदवारों के साथ भाजपा और एमवीए में 103 के साथ कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है। दोनों पार्टियां 2019 के विधानसभा चुनाव से कम सीटों पर लड़ रही हैं। भाजपा ने पिछली बार 164 तो कांग्रेस ने 147 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। वहीं, शिवसेना-शिंदे ने 80, एनसीपी अजित ने 53, शिवसेना- उद्धव ने 89, एनसीपी- शरद ने 87 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित किए हैं। पिछले चुनाव में शिवसेना (अविभाजित) और एनसीपी (अविभाजित) 124-124 सीटों पर लड़ी थीं। इन सबके अलावा इस बार महायुति ने 5 सीटें सहयोगी पार्टियों के लिए छोड़ी हैं। दूसरी तरफ एमवीए के छोटे सहयोगी दल 6 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। महायुति की 2 और एमवीए की 3 सीटों पर अभी भी स्थिति साफ नहीं है।

**अंतिम समय तक नहीं सुलझा सीटों का मामला**

दो चरणों में होने वाले झारखंड विधानसभा चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया खत्म हो गई है। भाजपानीत एनडीए ने पहले ही सीटों के मामले को सुलझा लिया, वहीं, झामुमो लीड इंडिया ब्लॉक में अंतिम समय तक सीटों का मामला नहीं सुलझा है। तीन सीटों विश्रामपुर, छतरपुर और धनवार में उसके घटक दल आपस में फाइट करते दिख रहे हैं। सीटों की बात करें तो एनडीए में भाजपा 68, सुदेश महतो की आजसू 10, नीतीश कुमार की जदयू दो और चिराग पासवान की एलजेपीआर एक सीटों पर चुनाव लड़ रही है। वहीं, इंडिया ब्लॉक में झामुमो 43, कांग्रेस 30, लालू यादव की राजद ने 6 सीटों पर उम्मीदवार उतारा है। तीन सीटों बगोदर, सिंदरी और निरसा में भाकपा माले के कैंडिडेट को सपोर्ट किया है। जबकि, भाकपा माले ने धनवार सीट से अपने प्रत्याशी को वापस नहीं लेने का ऐलान किया है।

**चुनाव बाद नए गठबंधन के आसार**

जिस तरह की तस्वीर महाराष्ट्र में बन रही है उससे यही लगता है कि किसी भी गठबंधन को पूर्ण बहुमत नहीं मिलने वाला है। जाहिर है ऐसी हालत में एक बार फिर हॉर्स ट्रेडिंग शुरू होगी। कई पार्टियां टूटेंगी और बिखरेंगी। भाजपा में जिस तरह अजित पवार को लेकर माहौल बन रहा है पार्टी चाहेगी उनसे किनारा किया जाए। इसी तरह कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) में भी आपस में विश्वसनीयता का बेहद अभाव है। कांग्रेस की स्थानीय इकाई बिल्कुल भी नहीं चाहती थी कि शिवसेना के साथ चला जाए। जिस तरह 2004 में केंद्र में यूपीए में कई ऐसे दल भी शामिल हुए थे जो पहले यूपीए में नहीं थे। उसी तरह की संभावना महाराष्ट्र के लिए की जा सकती है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन समाप्त होने के साथ एक बात स्पष्ट हो गई कि महाराष्ट्र में बने दोनों गठबंधन अव्यवहारिक हैं। महा विकास आघाड़ी और महायुति दोनों ही भिन्न भिन्न विचार वाले ऐसे दलों का समूह हैं जो सत्ता के लालच में इकट्ठा हुए हैं। यही कारण है कि महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी को कम से कम सात विधानसभा क्षेत्रों में 2 -2 पार्टियों के प्रत्याशी हैं। यही हाल महायुति के साथ भी हुआ है। इस गठबंधन में बीजेपी जैसी काडर वाली पार्टी भी कड़े फैसले नहीं ले सकी। कम से कम पांच सीटों पर यहां भी एमवीए जैसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। दोनों गठबंधनों ने दावा किया कि आने वाले दिनों में इस समस्या का समाधान कर लिया जाएगा। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 4 नवंबर है। पर जिस तरह दोनों ही गठबंधनों में अंदरूनी राजनीति हो रही है पक्का है कि चुनाव जीतने के बाद नए गठबंधन अस्तित्व में आएंगे।




नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह*** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**